# आंधी-तूफान से तबाही, विद्युत व्यवस्था चरमराई

## गर्मी में कूलर और पंखे बंद, जलापूर्ति हुई बाधित, बिजली विभाग ने अभी तक इस ओर कोई कारगर कदम नहीं उठाए

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी के बीच शनिवार की रात राहत की बरसात हुई है, किंतु तेज तूफान ने काफी तबाही मचाई है। जिसके कारण पेड़ और विद्युत पोल जमींदोज हो गए। उसके बाद पूरे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बंद हो गई है।शनिवार की रात करीब दो बजे जब लोग गहरी नींद में सो रहे थे तभी मौसम ने अचानक करवट बदली और बरसात शुरू हो गई।

कई दिनों की भीषण गर्मी से लोगों ने राहत की सांस ली थी कि अचानक तेज तूफान आ गया, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में छप्पर और टीनशेड उड़ गए। पूरे क्षेत्र में सैकड़ों पेड़ गिर गए। कई गांवों में विद्युत पोल भी टूटकर जमीन पर गिर तो कई स्थानों पर विद्युत तार भी टूट गए है, जिससे पूरे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई।

बिजली विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त लाइनों को दुरुस्त कर सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति शुरू करने के लिए अभी तक कोई कारगर कदम नहीं उठाए गये हैं।

सलोन संवाददाता के अनुसार- क्षेत्र में बीती रात आये आंधी-तूफान ने ऐसी तबाही मचाई की हजारों उपभोक्ताओ की बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। वही बिजली विभाग को लाखों रुपये का नुकसान भी हुआ है। तूफान के चलते कई स्थानों पर पेड़ गिरने से बिजली के खंभे टूट गए हैं। विद्युत कर्मी लाइनों को दुरुस्त करने में जुटे हुए है। सलोन क्षेत्र में शनिवार की देर रात्रि आये आंधी तूफान ने जमकर तबाही मचाई। इस दौरान बिजली व्यवस्था धड़ाम हो गई।

विकास खण्ड के सलोन, सूची, करहिया, रेवहार, धरई, लालापुर, रघुपूर, मटका, बिजवलिया और कोल्ड स्टोर समेत आदि क्षेत्रों के लगभग चालीस हजार से ज्यादा उपभोक्ताओं की बिजली सप्लाई बाधित हुई है। लालगंज आझरा से सलोन टाउन के लिए आई विद्युत लाइन खम्बे समेत टूटकर गिरी पाई गई। पूरे बरियार मजरे रतासो गांव में विद्युत ट्रांसफार्मर सहित पूरी लाइन तूफान से छतिग्रस्त हो गई।


सलोन में तेज हवा चलने से टूटा विद्युत पोल।


सड़क किनारे हवा से गिरा टीनशेड।


तेज आंधी आने से टूटा विद्युत पोल।


टूटा पड़ा विद्युत पोल।

### दस घंटे बाधित रही आपूर्ति

शनिवार रात दो बजे आए तूफान के कारण बाधित हुई विद्युत आपूर्ति दस घंटे बाद बहाल हुई है। शनिवार रात से बंद हुई आपूर्ति रविवार दोपहर 12 चालू हो सकी है। इसके बावजूद क्षेत्र के कई गांवों में विद्युत पोल गिर जाने के कारण अभी भी विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हो पाई है। क्षेत्र के गांव निबावर, मिश्रपुर, कंदरावा, नगर के बागवान ढाबा के पास, मियापुर, बहेरवा, लक्ष्मीगंज आदि स्थानों पर विद्युत पोल टूटे है, जिनकी मरम्मत का काम अभी चल रहा है।

### गंगा एक्सप्रेस वे के खनन से धराशाई हुए पोल

क्षेत्र में निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस वे के लिए मानक को धता बताकर खोदी गई मिट्टी का असर पहली बरसात में ही दिखने लगा है। विद्युत पोल के आसपास खनन करके गड्ढा बना दिए जाने के कारण हल्की हवा में ही विद्युत पोल धराशाई हो गए। जिसके कारण लक्ष्मीगंज फीडर की पूरी विद्युत लाइन ध्वस्त हो गई है। बरसात के बाद रविवार को तेज धूप निकली तो लोग बिजली के बिना बिलबिला उठे। बिजली विभाग अब गिरे विद्युत पोलो की मरम्मत में लगा हुआ है।

इंडस्ट्रियल एरिया औना सदरा वार्ड में लगभग दो खम्बे टूटकर गिरे पाए गए। मोहम्मदाबाद आश्रम पद्धति को जाने वाली एचटी लाइन का खम्बा टूटने से गांव की आपूर्ति बाधित हो ई। विद्युत उपखण्ड अधिकारी इंदु शेखर ने बताया कि शनिवार की रात आये आंधी तूफान से बिजली विभाग को लाखों रुपये की छति हुई है। बिजली बहाली के लिए विभाग के कर्मचारी लगातार कार्य में जुटे हैं। कुछ क्षेत्रों में शाम तक बिजली आपूर्ति की संभावना है। कुछ क्षेत्रों में आपूर्ति शुरू करा दी गई है।

## एक नजर

### होमगार्ड की हीट वेव से हुई मौत, मचा कोहराम

**लालगंज, रायबरेली।** कस्बे के आचार्य नगर निवासी होमगार्ड शिव बहादुर सिंह मिर्जापुर में चुनाव ड्यूटी करने गए थे। वहीं पर हीट वेव के कारण उनकी हालत खराब हो गई जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। शिव बहादुर सिंह फतेहपुर में तैनात थे। उनकी एक जून को होने वाले चुनाव में ड्यूटी लगी थी। उनकी मौत से परिवार में मातम छा गया। वह अपने पीछे पत्नी उमा देवी और एक पुत्र व एक पुत्री को बेसहारा छोड़ गए हैं।

### जमीनी विवाद में चली कुल्हाड़ी, तीन घायल

**ऊंचाहार।** जमीन बंटवारे के विवाद में परिवारीजनों ने तीन सगे भाइयों को लाठी डंडे व कुल्हाड़ी से मारपीट कर घायल कर दिया, परिजनों से मदद से घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है।सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। मामला पट्टी रहस कैथवल गांव की रेखा देवी का कहना है कि उसके देवरों से उसका जमीन बंटवारे का विवाद चल रहा है। रविवार की शाम उसकी इसी बात को लेकर कहासुनी हो गई।आरोप है कि उसके देवर व देवरानी समेत चार लोगों ने मिलकर उसके बेटे शिवा (17), कृष्णा (16)व रवि (15) पर लाठी डंडे व कुल्हाड़ी से हमला कर घायल कर दिया। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज शुक्ल ने बताया कि मारपीट में घायल तीन लोग सीएचसी आये हैं, जिनका उपचार किया जा रहा है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है,तहरीर मिलने पर कार्यवाई की जायेगी।

### जर्जर छत ढहने से दबे दंपति, हालत गंभीर

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** एक कमरे की जर्जर छत के अचानक ढह जाने से पति-पत्नी दब गए। परिजनों ने आसपास के लोगों की मदद से किसी तरह दोनों को बाहर निकाला। उन्हें सीएचसी पहुंचाया गया, जहां हालत गंभीर है। यह हादसा रविवार की सुबह हुआ है। नगर से जुड़े मास्टर गंज मुहल्ले में रविवार की सुबह मो. अली अपने घर के एक कमरे में पत्नी चांदनी के साथ बैठे थे। शनिवार की रात बरसात होने के कारण छत पर कुछ पानी भी भरा हुआ था। शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और मलबे में दबे दंपती को किसी तरह बाहर निकाला। उसके बाद उन्हे सीएचसी लाया गया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है।

### बालक के पेट में घुसी साइकिल की पैडल, गंभीर

**ऊंचाहार, रायबरेली।** साइकिल चलाना सीख रहे एक बालक के गिरने से उसके पेट में पैडल घुस गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा रविवार दोपहर को हुआ है। क्षेत्र के गांव बटौवा पुर निवासी सोनू का बेटा आर्यन (10) अपने गांव में साइकिल चलाना सीख रहा था। सीखते समय अचानक साइकिल गिर गई और साइकिल का पैडल उसके पेट में घुस गई। उसे तत्काल सीएचसी लाया गया, जहां चिकित्सकों ने देखा कि उसकी आंतें बाहर निकल आई है। सीएचसी के वरिष्ठ सर्जन डा. महमूद अख्तर ने उसकी तत्काल शल्य चिकित्सा कक्ष में भर्ती कराया और खुद उसका आपरेशन किया है। ज्ञात हो कि यह बड़ा आपरेशन था। जिसे सीएचसी में ही सफलता पूर्वक अंजाम दिया गया। इस आपरेशन के बाद डा. अख्तर की लोगों ने सराहना की है।सीएचसी अधीक्षक डा मनोज शुक्ल का कहना है कि बालक अब खतरे से बाहर है।

### घर में घुसकर सांड़ ने वृद्धा पर किया हमला

**ऊंचाहार, रायबरेली।** सांड ने घर में घुसकर वृद्धा पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई है। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है। मामला क्षेत्र के गांव होरैसा का है। गांव की 65 वर्षीया महिला सुरसती रविवार की सुबह अपने घर में काम कर रही थी। तभी एक सांड उसके घर में घुस गया और अचानक उसने महिला पर हमला बोल दिया। महिला बचाव के लिए चीखी चिल्लाई तो पास पड़ोस के लोग दौड़े और किसी प्रकार सांड को उसके घर से बाहर निकाला।

## जिला पंचायत सदस्य पर केस दर्ज

**अमावां, रायबरेली, अमृत विचार।** मिल एरिया थाना क्षेत्र के एक गांव में जमीनी विवाद को लेकर मारपीट करने वाले जिला पंचायत सदस्य के विरुद्ध मिल एरिया पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपी जिला पंचायत सदस्य व उसके साथियों से पूछताछ शुरू कर दी है। मिल एरिया थाना क्षेत्र के महमूदपुर गांव निवासी शिवप्रसाद यादव पुत्र जगजीवन यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में जिला पंचायत सदस्य आलोक यादव पुत्र विनय कुमार के अलावा अनिल यादव, राजेश यादव, राहुल यादव व सरोज यादव पर गाली-गलौज मारपीट व जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू दी है। इस संबंध में इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी आलोक यादव का गांव के शिव प्रसाद से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। जमीनी विवाद को लेकर आरोपी आलोक यादव व उसके चार सहयोगियों ने मारपीट की है। पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। छानबीन की जारही है।

## फंदे पर लटका मिला युवती का शव, मचा कोहराम


मृतक के गमगीन परिजन। अमृत विचार

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** एक युवती का घर के एक कमरे में फंदे से लटकता शव मिलने से परिजनों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

यह घटना रविवार सुबह की है। क्षेत्र के गांव चेरई का पुरवा निवासी त्रिलोचन की पुत्री नेंसिया (24) रविवार की सुबह अपने कमरे में थी। काफी देर तक जब वह कमरे से बाहर नहीं निकली तो परिजन उसके कमरे में गए, जहां का दृश्य देखकर परिजन दंग रह गए। नेंसिया का शव कमरे में पंखे से दुपट्टे के सहारे लटक रहा था। इसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के बाद पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## पेड़ काटते समय गिरी डाल, बेटे की मौत

**जगतपुर, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के चिचौली में एक ठेकेदार द्वारा पेड़ काटते समय उसके बेटे पर पेड़ की डाल गिर गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को एम्स में भर्ती कराया गया, जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

रविवार को नरइन गांव निवासी शिव बलि साहू गांव के ही सुलेमान की बाग में पेड़ कटवा रहे थे, तभी एक डाल अचानक उनके बेटे शिवकांत (28) के सर पर अचानक आ गिरी, जिससे वह लहूलुहान हो गया। मजदूरों द्वारा घायल को आनन-फानन मुंशीगंज एम्स में भर्ती कराया गया, जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत से पूरे परिवार में मातम छा गया। इस बाबत जगतपुर थानाध्यक्ष बबिता पटेल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है।

## जनता त्रस्त, पानी की आस, कौन सुने फरियाद

### रायबरेली-अयोध्या मार्ग निर्माण से उत्पन्न हुई पानी की समस्या, सभासद के प्रयास से मोहल्लेवासियों को नसीब हुआ पानी

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** गर्मी में पानी की मांग बढ़ जाती है। बढ़ी हुई मांग को पूरा करने के लिए कौन कहे राजमार्ग निर्माण में सड़क किनारे लगे इंडिया मार्का हैंडपंप तक उखाड़ दिए गए। पानी की पाइप लाइनें राजमार्ग निमार्ण की भेंट चढ़ गई। नगर पालिका प्रशासन ने भी अभी तक कोई वैकिल्पक व्यवस्था नहीं की। जिसके चलते नागरिकों में आक्रोश है। वैकल्पिक व्यवस्था न होने के चलते नागरिकों द्वारा सभासद के माध्यम से जितनी संख्या में पानी के टैंकरों की मांग की गई वह भी नगर पालिका उपलब्ध नहीं करा पा रहा है।

शहर के देवानन्दपुर में बूंद-बूंद पानी के लिए मोहल्लेवासियों में त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। रायबरेली-अयोध्या मार्ग के किनारे देवानन्दपुर मोहल्ले में पानी का सहारा बनने वाले एक भी इंडिया मार्का हैंडपंप नहीं हैं, इससे सैकड़ों नागरिकों के लिए लगातार जल संकट बना हुआ है। दिन-ब-दिन बढ़ रही तपिश व भीषण गर्मी एवं पानी के लिए परेशान लोगों की पीड़ा देख सभासद के लाख मिन्नते करने के बाद नपाप से रविवार की सुबह मोहल्लेवासियों को पानी का टैंकर उपलब्ध कराया जा सका। इसके बाद मोहल्लेवासियों ने लाइन लगाकर टैंकर से अपनी-अपनी बाल्टी व डिब्बे में पानी भरकर अपने घर के काम काज निपटाए। फिलहाल आलाहाकिमों द्वारा अब तक मोहल्लेवासियों की समस्या के समाधान के लिए कोई कारगर कदम नहीं उठाए गए हैं।



देवानन्दपुर में टैंकर से पानी भरते लोग। अमृत विचार

### लोगों को पानी न मिलने का यह भी कारण

कई माह पूर्व विभागीय अधिकारियों द्वारा खराब रायबरेली-अयोध्या मार्ग का निर्माण कराया गया। इस दौरान सड़क को खोदकर विधिवत निर्माण कराए जाने की प्रकिया को अपनाया गया। इसी मार्ग के किनारे देवानन्द में पड़ी सप्लाई की पाइप लाइनें सड़क निर्माण के दौरान नष्ट हो गई। जिसकी वजह से लोगों को सप्लाई का मिलने वाला पानी बंद हो गया। जलापूर्ति की कोई वैकिल्पक व्यवस्था अभी तक नहीं की गई। आज जब भीषण गर्मी ताण्डव मचा रही है तो लोगों के सामने पानी का भारी अकाल पड़ गया। विभाग के जिम्मेदारों की लापरवाही का खामियाजा आज देवानन्दपुर को भुगतना पड़ रहा है। मोहल्लेवासियों ने पानी को लेकर कई बार जिले के आलाहाकिम से फरियाद भी लगाई, लेकिन जिम्मेदारों ने उनकी शिकायत को अनसुना कर दिया। जिसकी वजह से मोहल्लेवासी आज भी परेशान हैं।

> जो रोड बन रही है एनएच वाली उन लोगों पाइप तोड़ दी है। उन्होंने भी पाइप लाइन डाला है लेकिन कनेक्शन नहीं किया है। मेरी बात हुई है कि भाई जल्द कनेक्शन कर दो आप। जब तक हम लोग टैंकर के माध्यम से पानी उपलब्ध करा रहे हैं। चार पांच दिन पहले भ्रमण किया था। महिलाओं के बताने के अनुसार वहीं एक जगह पर टैंक स्टैण्ड पोस्ट लगवाया जा रहा है।
>
> -स्वर्ण सिंह, ईओ, नगर पालिका परिषद

रायबरेली-अयोध्या मार्ग के किनारे बसे देवानन्दपुर में इन दिनों पानी का अकाल पड़ा हुआ है। एक तरफ जहां लोग पानी को लेकर परेशान होते देखे गए, वहीं गर्मी से भी उनका बुराहाल है। राजदीप सोनकर ने कहा कि उनके मोहल्ले में लम्बे समय पानी की किल्लत है। भीषण गर्मी होने की वजह से वह लोग और भी परेशान हो रहे हैं।

इसी तरह प्रकाश शर्मा व अनित सोनकर व आशीष सोनकर ने कहा कि इन दिनों हो रही गर्मी में पानी के लिए उन लोगों को बहुत परेशानी उठानी पड़ रही है। इस संबंध में कई बार हम लोगों ने शिकायत की लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। इसके अलावां सुरजीत सोनकर व दिलीप सोनकर ने कहा कि उन्हें सप्लाई का पानी मिलता था। सड़क निमार्ण के दौरान जो लाइनें थी वह क्षतिग्रस्त हो गई। अब सप्लाई का पानी भी मिलना बंद हो गया। देवानन्दपुर के ही रहने वाले जोगी पंडित व मीतू श्रीवास्तव ने कहा कि गर्मी के दिनों में उन्हें पानी के लिए जो परेशानी हो रही है वह शायद यहां के अधिकारियों को नजर नहीं आ रहा है। जिस समय रायबरेली-अयोध्या मार्ग का निर्माण कराया जा रहा था। तो हाइवे के किनारे लगे इंडिया मार्का उखाड़ दिया गया। जिससे लोगों को पानी के लिए बड़ी परेशान का सामना करना पड़ रहा है।

### सहयोग नहीं कर रहा नगर पालिका : जय प्रकाश वर्मा


जय प्रकाश वर्मा

सभासद जयप्रकाश वर्मा ने बताया कि देवानन्दपुर वार्ड नंबर 03 में कई बार नगर पालिका परिषद के अधिकारियों से संपर्क करने के बाद रविवार को मोहल्लेवासियों को पानी के टैंकर से आपूर्ति कराई गई। पांच टैंकर मांगे गए थे जिसमें तीन ही मिले। यह पानी के टैंकर अनीत सोनकर, मनोज व राजदीप के दरवाजे खड़े कराए गए हैं। उन्होंने कहा कि मोहल्ले में व्याप्त पानी संकट की बात जब नपाप के अधिकारियों से की गई तो वह उसे कई दिनों से टाल-मटोल रहे थे। काफी कहने व मिन्ते करने के बाद देवानन्दपुर को पानी का टैंकर दिया गया।

## महिला बैंककर्मी ने जहर खाकर दरोगा पर लगाया जेल भेजने का आरोप, भर्ती

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जिले की पुलिस पर एक बार फिर धमकाने का आरोप लगा है, मामला इस कदर बढ़ गया कि पीड़ित महिला बैंककर्मी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर आये। उधर दरोगा पर आरोप लगने के बाद महकमे में हड़कंप मच गया, सदर कोतवाली प्रभारी ने अस्पताल पहुँच जानकारी ली।

शहर कोतवाली के शांति नगर निवासी रुचि सिंह जो आईसीआईसीआई बैंक में नौकरी करती है। बैंककर्मी की मां शोभा सिंह का आरोप है कि होली के त्यौहार के आसपास उसकी बेटी की स्कूटी किसी ई-रिक्शा से टकरा गई थी। जिसके बाद आए दिन पुलिसकर्मी उसे परेशान कर रहे थे।

मां शोभा सिंह का आरोप है कि शहर कोतवाली में तैनात दरोगा अनिल तोमर सम्मन लेकर घर पहुंचे लेकिन घर पर रुचि सिंह नहीं थी। दरोगा के द्वारा उन्हें सम्मन नहीं दिया गया। इसी दौरान आरोप है कि दरोगा ने रुचि सिंह से फोन पर बात की और फोन पर जेल भेजने की धमकी दे डाली।

दरोगा से हुई बात के बाद महिला बैंककर्मी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसके बाद आनन फानन में घरवालों के द्वारा उसे उपचार के लिये जिला अस्पताल लेकर आये जहां पर इलाज किया गया। उधर, घटना की जानकारी होते ही शहर कोतवाल राजेश सिंह भी अस्पताल पहुंचे। घटना के बाबत परिवारीजनों से जानकारी ली। सीओ सदर अमित सिंह ने बताया कि दरोगा सम्मन लेकर गया था लेकिन सम्मन नहीं लिया जा रहा था।

## आदर्श जलाशय स्वयं प्यासे, कैसे बुझाएं ग्रामीणों की प्यास

संवाददाता, शिवगढ़, रायबरेली

**अमृत विचार।** लाखों रुपए खर्च कर गांवों में बनवाए गए आदर्श जलाशय स्वयं बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं। शुरू से ही मानकों की अनदेखी से अपवाद को छोड़ किसी भी गांव में कोई ऐसा आदर्श जलाशय नहीं है जिसमे पानी भरा हो।

नगर पंचायत के साथ ही क्षेत्र की 36 ग्राम पंचायतों में लाखों रुपए की लागत से मनरेगा द्वारा आदर्श जलाशय बनवाए गए थे जो पानी के अभाव में शोपीस बनकर लोगों को मुंह चिढ़ा रहे हैं। भीषण गर्मी में जलाशयों में पानी की जगह धूल उड़ रही है। तकरीबन सभी ग्राम पंचायतों में मनरेगा से लाखों रुपए खर्च कर आदर्श तालाब बनवाए गए थे, किंतु खाऊ-कमाऊ नीति के चलते इनके निर्माण में शुरू से ही मानकों की अनदेखी की गई। शायद यही वजह रही कि ज्यादातर आदर्श जलाशयों में न बोरिंग की गई और न ही उनमें पानी ही भरा जा सका। फलतः वे अपनी पहली वर्षगांठ भी ठीक से नहीं मना पाए और स्वयं बूंद-बूंद पानी को तरस गए। अपवाद को छोड़कर ज्यादातर आदर्श जलाशयों में इन दिनों धूल उड़ रही है। शुरू से ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़े आदर्श जलाशय पशु पक्षियों के लिए सफेद हाथी बने उनका मुंह चिढ़ा रहे हैं।

गांव के बड़े बुजुर्गों का कहना है कि इनसे अच्छे तो पहले की वे ताल तलैया थी, जिनमें साल के बारहों महीने पानी भरा रहता था जो पशु पक्षियों के पीने के अलावा गांव में आग लगने पर आग बुझाने के काम तो आता था। जब से ये तालाब आदर्श जलाशय बना दिए गए तब से इनमें धूल उड़ रही है।


सूखे पड़े आदर्श तालाब। अमृत विचार

## सराहनीय कार्य

नगर पालिका परिषद की ओर से शहर को चमकाने का प्रयास लाने लगा रंग

# जगमगाने लगे चौराहे, महापुरूषों के मूर्ति स्थलों पर बढ़ी रौनक

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** शहर के प्रमुख चौराहे हो या फिर महापुरूषों की मूर्ति स्थल। अक्सर जिम्मेदारों का ध्यान विशेष अवसरों पर ही जाता था। वर्तमान में नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष और ईओ के बेहतर सामंजस्य के कारण अब ह चमकने लगे हैं। इतना ही नहीं ओवरब्रिज की लाइटिंग को देख हर कोई प्रशंसा कर रहा है।

नगर पालिका परिषद की ओर से हाल ही में शहर को साफ-सुथरा करने के लिए अभियान चलाया गा। अध्यक्ष शत्रोहन मौर्य और अधिशासी अधिकारी स्वर्ण सिंह द्वारा खाका तैयार किया गया है। शासन स्तर से बजट को मजूंरी मिलने के बाद कार्य शुरू हुआ। सबसे प्रमुख डिग्री कालेज चौराहा, जिसे देखकर अकसर लोगों को काफी पीड़ा होती थी। वजह, यहां पर फौव्वारा तो लगा था, लेकिन राष्ट्रीय पर्व पर ही यहां पर ध्यान जाता था।

वर्तमान अध्यक्ष और ईओ ने इसे संवारने की पहल की। वर्तमान में कम स्थान में यह चमक उठा। यहां पर कारीगरों द्वारा की गई नक्कासी देखते ही बनती है। इसी तरह डा. आम्बेडकर प्रतिभा स्थल को भी सजाया गया। इन दोनों स्थानों की लाइटिंग इतनी आकर्षक है कि हर कोई देखते ही रह जाता है। इसी तरह अस्पताल चौराहा, राना बेनी माधव प्रतिमा स्थल समेत कई स्थानों पर बेहतर साज सज्जा की हर कोई प्रशंसा कर रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर ने कहा कि हम धरातल पर काम करने पर विश्वास रखते हैं। जनता की समस्याओं को दूर करना पहली प्राथमिकता है।


नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर को साज सज्जा में कराए गए कार्यों के बारे में बताते अधिशासी अधिकारी स्वर्ण सिंह। अमृत विचार


डॉ. भीमराव आम्बेडकर प्रतिमा स्थल पर की गई सजावट। अमृत विचार

### ईओ के प्रयास से वायु प्रदूषण स्तर में सुधार

अधिशासी अधिकारी के प्रयास से वायु प्रदूषण स्तर पर काफी सुधार हुआ है। इसकी वजह अत्याधुनिक मशीनों के साथ ही बेहतर मशीनरी का प्रयोग होना है। ईओ स्वर्ण सिंह ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र में लगातार बेहतर करने का प्रयास किया जा रहा है। शासन स्तर से सहयोग भी मिल रहा है।

## दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**सरेनी, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के हरीपुर गांव के रहने वाले भीष्म सिंह (60) पुत्र मानबहादुर सिंह बीती रात करीब 10 बजे अपने साथी गांव के गणेश पुत्र कल्लू के साथ भट्टे से बाइक से वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही वह भोजपुर-पूरे पांडे मार्ग के सोमवंशी खेड़ा गांव के सामने पहुंचे तो अचानक पेड़ से सड़क पर गिरी डाल से टकरा गए। इससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक के पीछे बैठा गणेश पुत्र कल्लू बाल-बाल बच गया। घटना से कोहराम मच गया। मृतक की बेटी नेहा, निक्की व बेटे दीपक सिंह का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## दंपति ने मां-बेटी को पीटा, वीडियो वायरल

संवाददाता, डलमऊ, रायबरेली

**अमृत विचार।** दरवाजे के सहन पर झाड़ू लगाने को लेकर हुए आपसी विवाद में पड़ोसी युवक और उसकी पत्नी द्वारा मां और बेटी के बाल पकड़कर मारने पीटने लगा। साथ ही ईंट से हमलाकर घायल कर दिया गया, जिसका वीडियो ग्रामीणों ने बना कर वायरल कर दिया। पीड़िता द्वारा डलमऊ कोतवाली दी गई तहरीर गई है। पुलिस ने दंपती के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कोतवाली क्षेत्र के मधुकरपुर नवीन मजरे रायपुर टप्पा हवेली ग्राम निवासी अनीता देवी ने तहरीर देते हुए बताया कि रविवार को प्रातः उसकी पुत्री पल्लवी दरवाजे के स्थान पर झाड़ू लगा रही थी। तभी पड़ोसी युवक आया और गाली गलौज कर लात घूसों से मारपीट करने लगा।

चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुंची पल्लवी की मां अनीता को भी युवक ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर मारा पीटा और ईट से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी भी दिया। कोतवाली प्रभारी डलमऊ पवन कुमार सोनकर ने बताया कि अनीता की तहरीर पर राजेश कुमार और इसकी पत्नी मोनिका के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच कर दोनों के खिलाफ कठोर कार्रवाही की जायेगी।

## एक नजर

### दिवंगत कांग्रेस नेता के घर पहुंचे पार्टी के प्रदेश सचिव

**ऊंचाहार, रायबरेली।** कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं पूर्व विधान सभा प्रत्याशी अतुल सिंह ने विधानसभा के गौरा ब्लाक के मलखा साहब के कांग्रेस के ग्रामसभा अध्यक्ष विशंभर गौतम (50) की आकस्मिक निधन की सूचना पाकर पीड़ित परिवार से मिलकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की व हर संभव मदद करने का भरोसा दिया। साथ ही विधानसभा के रोहनिया ब्लाक के इटोरा निवासी सामाजिक कार्यकर्ता रामलखन सिंह (65) की दुखद मृत्यु एवं ऊंचाहार नगर निवासी कैसर अब्बास की पत्नी की दुखद मृत्यु की सूचना पाकर पीड़ित के घर पहुंच कर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। इसके अलावा बाबूगंज में कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित अन्य लोगों से मुलाकात कर समस्याएं सुनी। इस अवसर पर जिला सचिव शैलेंद्र सिंह, वरिष्ठ नेता शिवकुमार पांडे, रामदत पांडे, साजू, मोहम्मद अनवर, भोला साहू, राघवेंद्र सिंह, कप्तान सिंह, रवि सिंह, राधेश्याम यादव, गोलू अग्रहरि, भूलन यादव, आशीष सिंह चौहान, सचिन सिंह, पप्पू मिश्रा, सदाशिव लोधी, बबलू सिंह, सुरेश चौधरी, जयप्रकाश पटेल, केशरी तिवारी, पप्पू मंसूरी, राकेश सरोज, लाल जी गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

### नाली और इंटरलॉकिंग में अड़ंगा डालने पर शिकायत

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** विकास खंड क्षेत्र के लोहरामऊ निवासी देवा लाल पुत्र मनबोध प्रजापति ने एसडीएम लालगंज को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि गांव के ही कुछ सरहंग लोगों ने उनके घर से सड़क तक जाने वाले आम रास्ता को बंद कर दिया है, जिससे इंटरलॉकिंग और नाली का निर्माण नहीं हो पा रहा है। ग्राम प्रधान घनश्याम सिंह ने जैसे ही निर्माण कार्य शुरू कराया। वहीं, मारपीट और गाली गलौज का वीडियो भी वायरल हुआ है। एसडीएम ने मामले की जांच खंड विकास अधिकारी को सौंपी है, लेकिन बीडीओ लालगंज ने मौके पर ना जाकर जांच सेक्रेटरी को सौंप दी है। वास्तव में इस तरह की लापरवाही से रास्ता और नाली बनने पर प्रश्न चिन्ह खड़ा हो गया है। ग्राम प्रधान ने मामले की शिकायत डीएम से करने की बात कही है।

# प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला कल, पुलिस सतर्क

## 84 टेबल पर होगी मतगणना, गोरा बाजार आईटीआई स्थित मतगणना स्थल पर कांग्रेसियों का पहरा जारी

**संवाददाता, रायबरेली**

**परिणाम**
- देशभर की निगाहें इस वीवीआईपी सीट पर हैं
- कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी की साख दांव पर है

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में मतदान के बाद अब सबकी निगाहें परिणाम पर है। पूर्वानुमान आंकड़े भी जारी होने लगे हैं। इसमें जहां एनडीए गठबंधन को पूर्ण बहुमत दर्शा रहा है। वहीं, विपक्षी इसे कतई मानने को तैयार नहीं है। यही वजह है कि इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के समर्थक जगह-जगह ईवीएम के पास कड़ा पहरा दे रहे हैं।

वहीं, देश की हाट सीट में शामिल रायबरेली में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। यहां पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की साख दांव पर है। ऐसे में कांग्रेस मतगणना स्थल पर मुस्तैद है। कल यानी चार जून को मतगणना से पहले कोई टस से मस नहीं होने का संकल्प लेकर बैठे हुए हैं। वहीं प्रशासनिक महकमा भी सतर्क है। डीएम हर्षिता माथुर स्वयं मोर्चा संभाले हुए हैं।

जिले में पांचवें चरण में 20 मई को मतदान हुआ था। अब मंगलवार को मतगणना को लेकर प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। गोरा बाजार स्थित आईटीआई परिसर में चार जून को लोकसभा चुनाव की मतगणना को लेकर सभी को जिम्मेदारी सौंपी जा चुकी है। अब 48 घंटे से भी कम का समय बचा है। ऐसे में तैयारियां अंतिम चरण में हैं। लोकसभा चुनाव में कुल आठ प्रत्याशी मैदान में रहे। कांग्रेस से राहुल गांधी के प्रत्याशी होने से यहां का चुनाव काफी रोचक हो गया। देशभर की निगाहें इस वीवीआईपी सीट पर हैं। यहां पर अमेठी लोकसभा क्षेत्र के सलोन विधानसभा के मतों की भी गिनती होनी है। ऐसे में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। वहीं हर कोई यहां का रुझान पहले जानना चाहेगा।

चार जून को रायबरेली लोकसभा सीट के पांच विधानसभाओं सदर, बछरावां, हरचंदपुर, सरेनी और ऊंचाहार, जबकि अमेठी लोकसभा की एक विधानसभा सलोन की मतगणना 84 टेबल पर होगी। वहीं सभी तीन-तीन टेबल सुरक्षित रखी गई है। प्रत्येक विधानसभा में 14-14 टेबल लगाई गई है। फिलहाल, कल मतगणना होने के साथ ही प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला हो जाएगा।


मतगणना स्थल का निरीक्षण करतीं डीएम हर्षिता माथुर। अमृत विचार

### प्रत्याशियों ने एजेंटों की भेजी सूची

शनिवार को ही मतगणना अभिकर्ताओं की फोटोयुक्त पहचान पत्र के लिए प्रारूप 18 में दो प्रतियों में ले लिया गया है। इनके मिलान के बाद मतगणना अभिकर्ताओं का पहचान पत्र जारी होगा। वहीं, प्रत्याशियों द्वारा भी एजेंटों की सूची प्रशासन को भेजी जा चुकी है। वैसे तो यहां पर मुख्य मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी और भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह के मध्य है। वहीं, तीसरे नंबर की लड़ाई पर बसपा प्रत्याशी को माना जा रहा है।

# चोरी के आभूषण के साथ चार बदमाश गिरफ्तार


सलोन पुलिस की गिरफ्त में बदमाश। अमृत विचार

**सलोन, रायबरेली।**

**अमृत विचार।** सलोन पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने घेराबंदी करके ईरानी गैंग के चार शातिर बदमाशों को चोरी के आभूषण के साथ गिरफ्तार किया।

पकड़े गए चारो अभियुक्त ईरानी गैंग के शातिर बदमाश है। इनके पास से देशी तमंचा भी बरामद हुआ है। एक अभियुक्त की तलाश की जा रही है। कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शनिवार की शाम कोडरी धरई मार्ग पर चेकिंग के दौरान चार बदमाश पकड़े गये है। बदमाश मोहम्मद अली निवासी टिकरी टोला शहडोल मध्यप्रदेश, कम्बर अली, गुलाम अली टिकरी टोला बुढार शहडोल, राकेश गुप्ता रसूलपुर तरौली प्रयागराज ईरानी गैंग सदस्य है। इनके पास चोरी के नौ सोने की चेन व 12 जोड़ी कान की बाली, 54 जोड़ी सोने की नथिया के साथ दो तमंचा कारतूस बरामद किया गया है।

# विधिक जागरूकता शिविर आयोजित


जागरूकता शिविर को संबोधित करती हुई अधिशासी अधिकारी निमिषा भारद्वाज।

**संवाददाता, परशदेपुर, रायबरेली**

**अमृत विचार।** कस्बे में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यकम की मुख्य अतिथि अधिशासी अधिकारी निमिषा भारद्वाज व उच्च न्यायालय प्रयागराज के वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक सिंह राठौर ने उपस्थित लोगों को कानूनी समस्याओं के निस्तारण के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में डा आनंद सिन्हा, शिवम श्रीवास्तव, शिवेंद्र विक्रम सिंह उर्फ राहुल, अजय कुमार सिंह, अलंकार सिन्हा, सौरभ श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। आयोजन स्व आरबी लाल स्मृति सेवा संस्थान द्वारा किया गया। संस्थान के निदेशक पवन कुमार श्रीवास्तव ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# तूफान में धराशायी हुए सैकड़ों पेड़ व पोल


आंधी से टूटे पड़े विद्युत पोल। अमृत विचार


खेत में टूटा पड़ा बिजली का पोल। अमृत विचार

**अमावां, रायबरेली**

**अमृत विचार।** शनिवार की रात आए जोरदार तूफान ने जमकर तबाही मचाई। तूफान की भयावता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि डेढ़ दर्जन से अधिक बिजली के खंभे टूट गए और विद्युत लाइनें तहस-नहस हो गई। विद्युत लाइन अस्त व्यस्त होने से पूरे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप हो गई।

शनिवार की रात 1:30 बजे अचानक मौसम ने करवट बदली और तेज तूफान के साथ बरसात शुरू हो गई। करीब आधे घंटे तक चले तूफान ने क्षेत्र में जमकर तबाही मचाई। दर्जनों ग्रामीणों के छप्पर हवा के साथ उड़ गए। वह तूफान से सैकड़ों पेड़ धराशाई हो गए विद्युत लाइनों पर पेड़ गिरने से क्षेत्र के गांव पूरे हीरालाल में 8, सिधौना, संदीराम, बैखरा, पिंडारी कला में दो-दो बिजली के पोल सहित करीब डेढ़ दर्जन बिजली के खंबे टूट गए। बिजली के खंबे टूटने से विद्युत लाइन भी तहस-नस हो गई और पूरे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप हो गई।

सुबह से ही बिजली कर्मियों ने विद्युत लाइनों को दुरुस्त करने का काम शुरू किया, लेकिन फिर भी क्षेत्र के अंदावा पूरे हीरालाल थरुईया ताजपुर संदीराम संदीनागिन सहित एक दर्जन से अधिक गांव की आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। इस संबंध में जेई अमन सिंह ने बताया कि बैखरा और पिंडारी कला में टूटे बिजली के खंभो को बदलवाकर विद्युत आपूर्ति शुरू कर दी गई है। शेषगांव में भी खंबे लगाए जाने व लाइनों को दुरुस्त करने का काम चल रहा है। रात तक विद्युत आपूर्ति बहाल हो जाने की संभावना है।

# घरेलू कलह से परेशान युवक ने लगाई फांसी

**अमृत विचार।** एक अविवाहित युवक ने घरेलू कलह के चलते गांव के बाहर खेत में लगे पाकड़ के पेड़ के सहारे रस्सी के फंदे से लटककर फांसी लगा ली। सूचना पुलिस को दिए बिना परिजनों ने गांव के बाहर शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

बता दें कि बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव शादीपुर के मजरा नारायन खेड़ा निवासी रामपाल का 22 वर्षीय पुत्र सूरज फरीदाबाद हरियाणा में रहकर मजदूरी करता था। दो दिन पहले वह घर आया था। रविवार सुबह सूरज ने घरेलू कलह के चलते गांव के बाहर खेत में लगे पाकड़ के पेड़ पर फांसी लगा ली।

खेत में मौजूद ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे परिजन आनन-फानन उसे फांसी के फंदे से नीचे उतारा। लेकिन, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक की मां की तीन साल पहले मौत हो चुकी है। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना शव का अंतिम संस्कार कर दिया। जवान बेटे की अचानक मौत से पिता रो-रोकर बेहाल है।

# नेटवर्क से परेशान शिक्षकों को जल्द मिलेगा सिम

**संवाददाता, रायबरेली**

**मुहिम**
- जिला बेसिक शिक्षा विभाग ने ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर कसी कमर

**अमृत विचार।** प्राथमिक शिक्षा में सुधार को लेकर शासन स्तर पर लगातार प्रयासरत है। विद्यालयों का कायाकल्प से लेकर बिजली, पानी जैसी व्यवस्था को दूरुस्त किया गया। अब निशाने पर वह शिक्षक, जो विद्यालय से किसी न किसी बहाने गायब हो जाते हैं।

ऐसे में आन लाइन उपस्थिति को लेकर टेबलेट पहले ही दिया जा चुका है। वहीं अब सिम देने की तैयारी है। हालांकि इसका प्रभाव चंद शिक्षकों पर ही पड़ेगा। लेकिन सबसे बड़ी समस्या अब गुरुजनों को नेटवर्क को लेकर सामना करना पड़ेगा। वैसे तो जिले में सभी प्रमुख कंपनियों के नेटवर्क हैं। लेकिन कई ऐसे स्थान हैं, जहां पर विशेष कंपनियों के ही टावर है। दूसरा कोई टावर नहीं होने से सिग्नल बेहद कमजोर होता है। ऐसे में कहीं ना कहीं इसका खामियाजा शिक्षकों को ही भुगतना पड़ेगा। उनकी इस समस्या से इतर विभाग की ओर से एक प्राइवेट कंपनी को सिम देने की जिम्मेदारी दे दी गई है। जबकि कई जिलों में बकायदा खंड शिक्षा अधिकारी और शिक्षकों से नेटवर्क के बारे में सूचना मांगी गई थी। लेकिन यहां पर ऐसा नहीं हुआ है।

मनमानी इस कदर की गई कि बेसिक शिक्षा विभाग जिम्मेदारों ने जिले के विद्यालयों से कोई भी डेटा नहीं मांगा गया, मानों उनको पूरा विश्वास है कि नेटवर्क की समस्या नहीं आएगी। सूत्रों की माने तो विभाग के जिम्मेदार सिर्फ यह देखने में लगे रहे कि किस कम्पनी की तरफ से जिले में बल्क में होने वाली खरीददारी में क्या लाभ मिलेगा।

विभाग की ओर से अपने स्तर से सिमकार्ड खरीद की प्रक्रिया संबंधी फाइल को लगभग पूरा किया जा चुका है। जल्द ही शिक्षकों को वितरित कर दिया जाएगा। ऐसे में अब उन्हें उसी सिमकार्ड से काम करना होगा। गांवों में नेटवर्क की कैसी व्यवस्था है, यह किसी छिपी नहीं है, लेकिन विभाग जबरदस्ती एक ही कम्पनी का सिमकार्ड खरीदकर गुरुजनों को देना कहीं न कहीं एक बार फिर शिक्षकों के शोषण की तैयारी है।

# आरोग्य मेला में 59 मरीजों का उपचार, बांटीं मुफ्त दवाएं

**जगतपुर, रायबरेली।**


मरीज की जांच करते चिकित्सक।

**अमृत विचार।** हरदी टीकर पीएचसी में रविवार को आरोग्य मेले में 59 मरीजों का उपचार किया गया। वहीं, आरोग्य मेले में आये मरीजों को उचित परामर्श के साथ मुफ्त दवाइयां भी दी गयी।

आरोग्य मेला की अध्यक्षता कर रहे डॉ. सुफैल अहमद ने लोगों को गर्मी में बचने व सावधानी बरतने की सलाह भी दी। उन्होंने कहा कि हीट वेव की चपेट में आने से लोगों की जान भी जा रही है। ऐसे में दोपहर में कतई घर से बाहर न निकले। यदि जरूरी हो तो पूरी तरह से सतर्कता बरते। इस दौरान मेले में आए रोगियों का चिकित्सक ने जांच करने के साथ जरूरी सलाह भी दिया।

### वारंटी को किया गिरफ्तार

**पुरवा।** अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय-प्रथम से अमानत में खयानत के मामले में काफी दिनों से फरार चल रहे वारंटी राकेश को कोतवाली पुलिस ने पकड़ कर कोर्ट में पेश किया। मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव मरोई के राकेश के विरुद्ध हुआ था।

# बच्चों को कराया प्राणायाम का अभ्यास

**संवाददाता, लालगंज, रायबरेली**



बच्चों को योग एवं प्राणायाम के बारे में जानकारी देते योग प्रशिक्षक आलोक मिश्रा।

**अमृत विचार।** श्री बाल्हेश्वर धाम ऐहार में संचालित बाल संस्कारशाला के सातवें दिन बच्चों ने विभिन्न योग एवं प्राणायाम सीखा। योग प्रशिक्षक आचार्य आलोक मिश्रा द्वारा बच्चों को प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। साथ ही उसके महत्व को समझाया गया। कीर्ति मनोहर शुक्ला ने बौद्धिक विकास से संबंधित खेलकूद कराया। प्रशिक्षक मनोज कुमार पांडेय ने योगासन के लाभों से बच्चों को परिचित कराया।

पंडित संजू महाराज ने वैदिक मंत्रों का अभ्यास कराया और बच्चों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। अतुल मिश्रा द्वारा बच्चों को सामाजिक दायित्व के प्रति सजग रहने का बोध कराया गया। श्री जन कल्याण समिति के कोषाध्यक्ष अखिलेश पांडेय द्वारा बच्चों के लिए जलेबियां एवं केलों की व्यवस्था की गई। समिति के पदाधिकारी एवं कार्यक्रम के आयोजक कीर्ति मनोहर शुक्ला द्वारा बताया गया कि सोमवार को बाल संस्कार शाला का समापन सत्र होगा, जिसमें क्षेत्र के सभी शिक्षकों और गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया गया है। बच्चों को प्रमाण पत्र एवं पारितोषिक का वितरण किया जाएगा। मुख्य अतिथि के रूप में मांडलिक मंत्री लखनऊ मंडल एवं जिला अध्यक्ष रायबरेली राजेश शुक्ला, विशिष्ट अतिथि अशोक कुमार बाजपेई प्रांतीय अध्यक्ष ब्राह्मण चेतना परिषद, मुख्य वक्ता पूर्व शाखा प्रबंधक वरिष्ठ साहित्यकार एवं विचारक श्याम मनोहर शुक्ला सहित विद्वान जन शामिल हैं।

# महिला की तहरीर पर पति सास और ननद पर रिपोर्ट दर्ज

**पुरवा।** असोहा थानाक्षेत्र के गांव समाधा निवासी ज्योति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि तीन वर्ष पूर्व समाधा निवासी अजीत से उसकी शादी हुई थी। बताया कि शादी के बाद से पति, सास सुषमा व ननद कोमल दहेज में बाइक व 50 हजार नगद लाने की बात कहकर उसे प्रताड़ित करते थे। 27 मई को पति व अन्य ससुरालियों ने मायके से बाइक व 50 हजार न लाने पर उसे मारा पीटा और विरोध करने पर घर से भगा दिया। एसओ रामऔतार ने बताया कि तहरीर के आधार पर पति व अन्य नामितों पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# कीटनाशक निगलकर महिला ने दी जान

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव**

**अमृत विचार।** आसीवन थानांतर्गत शनिवार रात कुरसठ कस्बा निवासी एक विवाहिता ने कीटनाशक निगल लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। अभी मायके पक्ष की ओर से कोई आरोप नहीं लगाया गया है। लेकिन चर्चा है कि पारिवारिक विवाद के बाद महिला ने आत्मघाती कदम उठाया।बता दें कि आसीवन थानाक्षेत्र के कस्बा कुरसठ के मोहल्ला गोड़ी याना निवासी पप्पू कश्यप बर्फ बेचता है। शनिवार शाम काम से वापस घर लौटा। पत्नी गौरी (24) से घर के काम को लेकर कहासुनी हो गई। इस पर वह दो साल के बच्चे आदित्य को लेकर अपने कमरे में चली गई। पति बाहर दूसरे कमरे में लेट गया। इसके बाद रात में गौरी ने घर में रखा कीटनाशक निगल लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। लेकिन वह कमरे से बाहर नहीं आई। रात में बच्चे की रोने की आवाज सुन पप्पू कमरे में पहुंचा तो पत्नी मुंह से झाग निकल रहा था और कमरे में उल्टी पड़ी थी।


गौरी।

**अनदेखी** — उद्योगों का केमिकलयुक्त पानी सीधे नदी में बहाने से बढ़ रही फ्लोराइड की मात्रा

# औद्योगिक प्रदूषण से लोन नदी का पानी हो रहा जहरीला

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव**


उद्योगों का केमिकलयुक्त पानी जाने से प्रदूषित हुआ लोन नदी का पानी।

**अमृत विचार।** जिले की प्रमुख नदियों में शामिल लोन नदी का पानी इन दिनों जहरीला हो गया है। टेनरियों के दूषित पानी के जाने से नदी के पानी में फ्लोराइड की भी मात्रा बढ़ी है। आज लोन नदी का पानी पीने लायक तक नहीं बचा है टेनरियों के जहरीला पानी ने लोन नदी को विषैला बना दिया है। भीषण गर्मी में मवेशी इसमें चले जाते हैं। जिसका जहरीला पानी पीने से उनकी मौत भी हो रहीं हैं। नदी के आस पास बसे गांव का पानी भी दूषित हो गया है खेतों की उत्पादन क्षमता भी धीरे-धीरे घटने लगी है आसपास के ग्रामीण बीमारियों का शिकार होते जा रहे हैं।

बता दें कि जिले की सदर पुरवा और बीघापुर तहसील से लोन नदी निकली हुई है। सदर तहसील क्षेत्र में संचालित टेनरियों का दूषित पानी सीधे इस नदी में छोड़ा जाता है। जिससे नदी का पानी अब केवल ग्रामीणों के लिए अभिशाप बनता जा रहा है तीनों तहसील क्षेत्र के आधा सैकड़ा से अधिक गांव जिसमें सदर तहसील के चांदपुर, गजौली जमुक़ा, बड़ौरा, नेवरना, जरगांव, पड़री खुर्द, पड़री कला, मीरपुर, जगेथा, झाऊखेड़ा आदि पुरवा तहसील के गाँव मंगतखेड़ा, बैगांव, अतरसई, मझखोरिया, तारागढ़ी, मिर्जापुर सुभारी, हिम्मत खेड़ा गदोरवा, अटवा नवाव, सिंहपुर, टिकरिया आदि। बीघापुर तहसील के गांव चमियानी, गढ़ाकोला, भाटमऊ, जाजनपुर, बैजूवामऊ, परसंडा आदि हैं। तीनों तहसीलों के गांव के लोग इस नदी के पानी से खेतों में बोई हुई फसलों की सिंचाई करते हैं। प्रदूषित पानी से फसलों की सिंचाई होने से खेतों की उपजाऊ क्षमता धीरे-धीरे घटने लगी है। ग्रामीण इलाकों में देखने को मिल रहा है कि गांव का पानी तक खराब हो चुका है। हैंडपंप फ्लोराइड युक्त पानी दे रहे हैं। जिसे पीकर लोग बीमार हो रहे हैं। इस भयंकर गर्मी में मवेशी प्यास बुझाने के लिए नदी में चले जाते हैं और जहरीला पानी पीने से उन मवेशियों की मौत हो रहीं हैं।

**बोले किसान**


इंदल कुमार।

अटवा नवाब गांव निवासी किसान इंदल ने बताया कि उनका गांव लोन नदी के पास है। इस नदी का पानी विषैला होने से गांव में पीने का पानी भी दूषित हो गया है। फ्लोराइड बढ़ने से लोगों को बीमारियां बढ़ रही है।


राजेंद्र पांडेय।

पड़री कलां गांव के किसान राजेंद्र पांडेय ने बताया कि लोन के पानी से फसल सींचने से खेत की उत्पादन क्षमता कम हो गई है। गेहूं व चावल काफी हो रहा है। भविष्य में खेत के बंजर होने का खतरा बढ़ गया है।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **श्रेया सिंह पुत्री उपेन्द्र बहादुर सिंह, निवासी- ग्राम-भवानीपुर, पोस्ट- रायपुर, तहसील- लालगंज, जिला रायबरेली** की रहने वाली हूं। मेरा सही नाम श्रेया सिंह है। एल.आई.सी. की पालिसी संख्या- 217365682 के दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम मान्सी सिंह लिख गया है, जो कि गलत है।

**केन ग्रोअर्स नेहरू पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज गोला गोकर्णनाथ-खीरी**

**आवश्यकता है**

यूजीसी / लखनऊ विश्वविद्यालय के मानदंडों के अनुसार योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों से स्ववित्तपोषित योजना [एम.ए. (राजनीति विज्ञान)] के अन्तर्गत सहायक आचार्य के 02 पद के लिए आवेदन आमंत्रित हैं। रिक्तियों की सख्या घट या बढ़ सकती है। महाविद्यालय प्रशासन को किसी भी स्तर पर इस विज्ञापन को आंशिक या पूर्ण रूप से रद्द करने या रोकने का अधिकार है। **आवेदन की अंतिम तिथि 20 जून, 2024 शुल्क रु0:500/-**

**अधिक जानकारी महाविद्यालय की बेवसाइट: www.cgncollege.com पर उपलब्ध है।**

**प्रबन्धक/प्राचार्य**

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

**वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय**

**वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग**

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

**बी.एस.सी. नर्सिंग**

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

**पोस्ट बेसिक नर्सिंग**

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

**जी.एन.एम.**

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

**ए.एन.एम.**

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

*प्रवेश हेतु संपर्क करें :-*

**मो. 9412151327, 7521001992**

पता

**वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल**

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### हाईवे पर सवारियां ढो रहे ई-रिक्शा

**हैदरगढ़ बाराबंकी, अमृत विचार :** नियम कानून को ताक पर रखकर ई-रिक्शा हाईवे पर धड़ल्ले से सवारियां ढो रहे हैं। जहां चाहते हैं वहीं पर रिक्शा रोक कर सवारयां बैठाते हैं। कस्बे से सैकड़ों की संख्या में ई रिक्शा सड़कों पर फर्राटे भर रहे हैं। तमाम ई रिक्शा बिना रजिस्ट्रेशन व बिना बीमा के भी संचालित हो रहे हैं। बड़ी संख्या में गैर जनपद से रजिस्ट्रेशन कराने वाले ई रिक्शा भी संचालित हो रहे हैं। ई रिक्शा बाराबंकी रोड पर कस्बा से नई सड़क, रायबरेली रोड पर लाही बॉर्डर, बछरावां मार्ग पर पोखरा तक, सुबेहा मार्ग पर सुबेहा तक, सेमरौता मार्ग पर शिवरतनगंज तक चलते हैं। इसके अलावा लोडर ई-रिक्शा भी संचालित किये जा रहे हैं। लोडर ई रिक्शा अपनी क्षमता से कई गुना माल लाद कर परिवहन कर रहे हैं। एआरटीओ अंकिता शुक्ला ने बताया कि अभियान चलाकर ई-रिक्शों को सीज किया जाएगा।

### 31 लोगों पर शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को शांति भंग की आशंका को देखते हुए 31 लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। अलग-अलग मामलों में चार वांछितों को गिरफ्तार कर लिया गया।

### पाक्सो एक्ट में वांछित दो आरोपी गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** हैदरगढ़ पुलिस ने ग्राम कनवा निवासी पवन कुमार व ग्राम मरूई निवासी रिंकी रावत को पाक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया।

### बंदरों के आतंक से अभय नगर के लोग परेशान

**बाराबंकी, अमृत विचार :** बंदरों के आतंक से अभय नगर के निवासी परेशान हैं। बंदरों का झुंड एक साथ आता है और लोगों की छतों पर फैले कपड़े और अनाज को नुकसान पहुंचता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

# तकादा करने पर पिता पुत्र ने वृद्ध को पीटा

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी**

**अमृत विचार:** पड़ोसी की शादी में एक व्यक्ति को उधार पैसा दिलाना महंगा पड़ गया। पिता-पुत्र ने पैसा दिलवाने वाले वृद्ध की तकादा करने पर पिटाई कर दी। पीड़ित ने कोतवाली बदोसराय पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के ग्राम सत्यनाम पुरवा निवासी राम सुमिरन ने अपने पडोसी हौसिला को 30 हजार रुपए उधार दिलवाये थे। पैसा देने वाले व्यक्ति ने राम सुमिरन से पैसा वापस दिलवाने की बात कही तो उसने पड़ोसी से पैसा वापस करने को कहा। इससे नाराज हौसिला व उसके पुत्र सोनू ने राम सुमिरन की गला दबाकर लात-घूंसों से पिटाई कर दी। पीड़ित राम सुमिरन ने कोतवाली बदोसराय पहुंचकर पुलिस को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

# 2,13,537 मत प्राप्त करने वालों की बचेगी जमानत

**लोकसभा चुनाव**

- प्रत्येक प्रत्याशी ने जमा की है 12,500 रुपये की जमानत राशि
- मतदान में पड़े वैध मतों में से एक बटा छह मत पाना है जरूरी

**रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी**

**13** प्रत्याशियों की किस्मत का कल होगा फैसला

**अमृत विचार :** बाराबंकी लोकसभा सीट पर पांचवें चरण में 20 मई को मतदान का कार्य पूरा हो चुका है। कल मतों की गिनती होनी है। किसके सिर पर जीत का सेहरा बंधेगा दोपहर तक रुझान मिलने लगेंगे। लोकसभा सीट के तहत आने वाले पांचों विधानसभाओं में 19,18,491 वोटरों ने मतदान किया है। चुनाव लड़ रहे 13 प्रत्याशियों को अपनी जमानत बचाने के लिए कुल पड़े मतों का एक बटा छह मत हासिल करना जरूरी है अन्यथा उनकी जमानत जब्त हो जाएगी।

नामांकन के समय इस सुरक्षित सीट पर हर प्रत्याशी ने 12500 रुपये की जमानत राशि जमा की है। प्रत्याशियों को जमानत राशि बचाने के लिए दो लाख 13 हजार 537 मत हासिल करने होंगे।

इस बार के चुनाव में कुल 13 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद हो चुकी है। भारत निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन के मुताबिक प्रत्याशी को जमानत राशि बचाने के लिए कुल मतदान का छठवां भाग यानी 16.66 फीसदी वोट हासिल करना जरूरी है। इस बार के चुनावी मैदान में भाजपा से राजरानी रावत, गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया, बसपा से शिवकुमार दोहरे, रामगुलाम राजदान, आशादेवी, महेंद्र कुमार, संतोष कुमार, बाबूराम, रामलखन पासी, मिथिलेश कुमारी, ओमकार, प्रेमचंद्र और देवतादीन शामिल हैं।

### 2019 में 11 प्रत्याशियों की जब्त हुई थी जमानत

बाराबंकी संसदीय सीट पर 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में 13 प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे थे। इसमें रनर को छोड़कर 11 अन्य की जमानत जब्त हुई थी। भाजपा के उपेंद्र रावत ने सपा-बसपा गठबंधन प्रत्याशी सपा के रामसागर रावत को 1,10,140 मतों से हराया था। कांग्रेस प्रत्याशी रहे तनुज पुनिया को मात्र 159611 मत ही मिल सके थे। इस तरह रनर रहे रामसागर को छोड़ तनुज पुनिया समेत 11 अन्य प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई थी।

"चुनाव जीतने वाले प्रत्याशी को उसकी जमानत राशि वापस कर दी जाती है। भले ही उसे तय मानक से कम वोट मिले हों। वहीं पड़े मतों का 16.66 प्रतिशत से कम वोट पाने वाले उम्मीदवारों की जमानत राशि जब्त कर ली जाती है।"

-सुनील पांडेय, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी

# मतगणना कल, रामनगर-बहराइच मार्ग पर नहीं जा सकेंगे भारी वाहन

## पांच स्थानों पर बैरियर लगाकर तैनात किया गया पुलिस बल

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव की मतगणना मंगलवार को शहर के गोंडा मार्ग पर स्थित नवीन मंडी स्थल पर होगी। इसे लेकर जिला प्रशासन ने रूट डायवर्जन किया है। यह रूट डायवर्जन कल सुबह पांच बजे से मतगणना समाप्ति तक रहेगी। रूट डायवर्जन के मुताबिक रामनगर और बहराइच मार्ग पर भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। वहीं मतगणना स्थल पर ड्यूटी के लिए आने वाले कर्मचारियों व अधिकारियों तथा प्रत्याशियों के लिए पार्किंग व्यवस्था बनाई गई है ताकि कोई अव्यवस्था उत्पन्न न हो सके।

मतगणना को लेकर पांच स्थानों पर बैरियर प्वॉइंट बनाकर अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इनमें रामनगर तिराहा फतेहमील के आगे, सीपी लॉन के सामने, परमेश्वर कोल्ड स्टोर के सामने, मण्डी गेट के सामने बने कट के पास और ओवर ब्रिज (रामनगर की तरफ से) कट पर बैरियर शामिल हैं। वहीं रामनगर से बाराबंकी शहर की तरफ आने वाले भारी वाहन व चौपुला की तरफ से बाराबंकी शहर व असैनी से रामनगर बहराइच की तरफ भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।



मतगणना स्थल का निरीक्षण करने जाते प्रेक्षक, डीएम और एसपी। अमृत विचार

### प्रेक्षक ने मतगणना स्थल का किया निरीक्षण

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मतगणना प्रेक्षक रीना महापात्रा, सामान्य प्रेक्षक सामान्य आरआर दामोर व डीएम व एसपी ने नवीन मंडी परिसर पहुंचकर 4 जून को होने वाली मतगणना की तैयारियों का जायजा लिया।

### दोनों प्रेक्षकों ने संभाली मतगणना की कमान

**बाराबंकी, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव मतगणना को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष रूप से नामित की गईं एक और प्रेक्षक रीना महापात्रा ने सामान्य प्रेक्षक आरआर दामोर और जिला निर्वाचन मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार व संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की और मतगणना संबंधी तैयारियों को फीडबैक लिया। वहीं सोमवार सुबह सात बजे मतगणना कार्मिकों का दूसरा रेंडमाइजेशन होगा। चार जून की सुबह चार बजे तीसरा रेंडमाइजेशन होने के बाद आठ बजे से मतगणना शुरू होगी। प्रेक्षकों की बैठक में मतगणना की तैयारियों की समीक्षा हुई। अधिकारियों ने तैयारियों से संबंधित जानकारी दी। बताया गया कि दूसरा रेंडमाइजेशन सोमवार को होगा, जिसमें 110 प्रतिशत कार्मिक लिए जाएंगे। तीसरा चार जून की सुबह चार बजे होगा। इसी दिन कार्मिक और अधिकारियों को छह बजे मतगणना स्थल नवीनमंडी पहुंचना है। सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होगी।

# पहनावा कम लाने पर मायके वालों की पिटाई

**सूरतगंज, बराबंकी, अमृत विचार :** नातिन के मुंडन संस्कार पर पहनावा कम लाने पर ससुराल पक्ष के लोगों का मायके वालों से विवाद हो गया। बेटी के ससुराल वालों लोगों ने मायके पक्ष वालों की पिटाई कर दी। मारपीट में करीब आधा दर्जन लोगों को चोटे आईं। स्थानीय ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया।

मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के सिकोहना गांव के निवासी गयाप्रसाद के घर रविवार को पौत्री प्रियंका पुत्री अमित का मुंडन था। सभी रिश्तेदार आए हुए थे। उधर अमित की सास ज्ञानवती अपने बेटा और बेटी व बहू के साथ सिकोहना आई हुईं थी। मुंडन संस्कार होने के बाद पहनावे को लेकर कुछ विवाद हुआ। तो गयाप्रसाद अपने घर के सदस्य प्रेमचंद, जीतलाल, राजकुमार, बाबूलाल, नन्हे और अमित आदि ने मिलकर ज्ञानवती, बेटी रजनी, बेटे रामू और राजू, मुन्नीलाल, मुकेश व रामू कुमार आदि लोगों की पिटाई कर घायल कर दिया।

## सार-संक्षेप

### प्रतियोगिता में कमलेश पहले तो प्रीति दूसरे स्थान पर



विजेताओं को पुरस्कार देते आयोजक। अमृत विचार

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, अमृत विचार :** पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए प्रयास जल जीवन सेवा समिति ने एक कोचिंग सेंटर दरियाबाद में पर्यावरण आधारित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कमलेश, द्वितीय स्थान प्रीति और तृतीय स्थान अंकित मिश्रा ने प्राप्त किया। अंकित ने छात्रों को पौधे लगाने को प्रेरित करते हुए पर्यावरण के महत्व को समझाया। इस मौके पर कोचिंग के प्रबंधक अंकित वर्मा, प्रयास जल जीवन सेवा समिति के संस्थापक अजय कृष्ण गुप्त, अध्यक्ष अंजनी कुमार साहू, राजेंद त्रिवेदी आयुष शुक्ला, शिवा तिवारी, निखिल आदि उपस्थित रहे।

### पुत्र के समान भक्तों की रक्षा करते हैं प्रभु



कथा सुनाते कथावाचक दीपक शुक्ला। अमृत विचार

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** मोहम्मदपुर खाला बाजार में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में कथावाचक दीपक शुक्ला ने बताया कि प्रभु अपने भक्तों की रक्षा अपने पुत्र के समान करते हैं। समाजसेवी सुदीप बाजपेई ने अंगवस्त्र भेंट कर कथावाचक और उनकी टीम को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ईश्वर हर क्षण हमें देखते हैं। शास्त्र कहता है कि ईश्वर के लिए संसार का हर जीव उसकी संतान के समान है। जो व्यक्ति उसके बनाये नियमों का पालन करते हुए जीवन यापन करता है ईश्वर उसकी सहायता अवश्य करते हैं। उन्होंने श्रीकृष्ण की अनेक लीलाओं का चरित्र चित्रण करते हुए गोवर्धन पर्वत की कथा सुनाई। इस मौके पर विजय नाग, मुकंद सिंह, संतोष नाग, आशुतोष मिश्रा, महिष मिश्रा, कृष्ण चंद्र त्रिवेदी, मनोज नाग, विमल, आशीष नाग आदि उपस्थित रहे।

### जनसेवा केंद्र से सोलर पैनल खोल ले गए चोर

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर खाला चौराहा पर आर्यावर्त ग्रामीण बैंक के समीप जनसेवा केंद्र से शनिवार की रात चोर एक सोलर पैनल खोल ले गए। इमलीपुर निवासी परविन्द्र कुमार जनसेवा केन्द्र संचालित करते हैं। केंद्र की छत पर लगे, छह पैनल में एक पैनल चोर ले गए। दूसरे को भी खोलने का प्रयास किया था लेकिन किसी की आहट मिलने पर चोर भाग गए। पैनल की कीमत करीब नौ हजार है। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### एनसीपी के राष्ट्रीय महासचिव बने राजीव



राजीव झा।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** राजीव झा को एनसीपी नेतृत्व द्वारा राष्ट्रीय महासचिव व केंद्रीय कार्यालय प्रभारी बनाए जाने पर जिले के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों में खुशी की लहर दौड़ गई। रविवार को देवा रोड स्थित पार्टी कार्यालय में एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष धनंजय शर्मा ने कार्यकर्ताओं को मिठाइयां बांटीं। धनंजय शर्मा ने कहा कि राजीव झा को बड़ी जिम्मेदारी मिली है। उन्होंने कहा कि एनसीपी की स्थापना के साथ ही राजीव झा राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार के बेहद करीब रहे। झा पार्टी के छात्र विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष व युवा संगठन के भी राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके हैं।

### सीमित संसाधनों में निखर रहीं प्रतिभाएं



खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते कांग्रेस नेता तनुज पुनिया। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** केडी सिंह बाबू की सरजमीं से हॉकी का खेल गांव-गांव तक पहुंचे, यह हम सब का कर्तव्य बनता है। सीमित संसाधनों में हॉकी प्रतिभाएं निखरकर आगे आ रही है। ये बातें महात्मा गांधी स्पोर्ट्स क्लब के 15 दिवसीय समर कैंप में पहुंचे कांग्रेस के प्रदेश महासचिव तनुज पुनिया ने कहीं। इस दौरान उन्होंने हॉकी स्टिक लेकर ड्रिब्लिंग करके खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। समर कैंप में राष्ट्रीय खिलाड़ी सलाहउद्दीन किदवई ने बच्चों को हाकी की बारीकियां बतायीं। इस मौके पर प्रमुख रूप से क्लब के संरक्षक राजनाथ शर्मा, समाजसेवी सतीश जायवाल, सभासद मनीष गौतम, समाजसेवी विजय पाला गौतम, सीनियर हॉकी खिलाड़ी विजय अवस्थी सहित तमाम हॉकी प्रेमी मौजूद रहे।

### खेल शिक्षक के निधन से क्षेत्र में दौड़ी शोक की लहर

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** श्रीकोटवाधाम विद्यापीठ इंटर कॉलेज के खेल शिक्षक सर्बजीत सिंह के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। शनिवार की शाम को सरांय रज्जन गांव में बिजली का खम्भा टूट कर सिर पर गिरने से वह गम्भीर रूप से घायल हो गए थे। जिन्हें संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर उपचार के लिए ले जाया गया था।। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। वहां इलाज के दौरान रात में सर्बजीत सिंह की मौत हो गई। मनकापुर गोंडा के रहने वाले सर्बजीत सिंह श्रीकोटवाधाम विद्यापीठ इण्टर कॉलेज कोटवाधाम में शिक्षक थे। विद्यालय की प्रवन्धक का फार्म हाउस सरांय रज्जन में है। जहां कल शाम को सर्बजीत सिंह बिजली की लाइन सही करवाने गये थे। वहीं पर विद्युत पोल टूटकर सर्बजीत सिंह के सिर पर गिर पड़ा जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन उन्हें उपचार के लिए संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर ले जाया गया। जहां मौजूद डाक्टरों ने शिक्षक का प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। वहां उपचार के दौरान बीती रात मौत हो गई। सर्वजीत सिंह के निधन की सूचना पर विद्यापीठ इंण्टर कालेज के पूर्व प्रधानाचार्य शेषनरायन तिवारी, राकेश कुमार विश्वकर्मा बाबूलाल आर के सिंह रमेश कुमार सिंह, अंकुर सिंह आदि ने दु:ख ब्यक्त किया। एसडीएम आनन्द तिवारी श्रीकोटवाधाम विद्यापीठ इण्टर कॉलेज पहुंचे और घटना की जानकारी ली।

# कल साथ में मौजूद रहेंगे एनडीए के घटक दल

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की चार जून को होने वाली मतगणना के मद्देनजर भाजपा कार्यालय पर एनडीए की बैठक रविवार को हुई। इसमें सभी घटक दलों के जिलाध्यक्ष एवं पदाधिकारी शामिल हुए। अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य ने कहा कि एनडीए में शामिल दलों के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मतगणना के दिन एक साथ मौजूद रहेंगे।





एनडीए के घटक दलों के जिलाध्यक्षों के साथ बैठक करते भाजपा जिलाध्यक्ष।

उन्होंने बताया कि पल्हरी चौराहा के निकट स्थित सूर्या ग्रीन्स लॉन में भाजपा सहित सभी सहयोगी दलों के कार्यकर्ताओं को चार जून की सुबह 8 बजे पहुंचना होगा। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी प्रचंड बहुमत के साथ तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। इस अवसर पर निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र निषाद, राष्ट्रीय लोकदल पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवकरन सिंह, जिलाध्यक्ष अखिलेश वर्मा, सुभासपा के जिलाध्यक्ष अजय सिंह वर्मा, अपना दल के सुरेश चंद्र गौतम, आरपीआई के आरएस कश्यप, लोकजनशक्ति पार्टी (आर) के जिलाध्यक्ष दिनेश चंद्र सैनी, जमीलुर्रहमान, संजय कश्यप, रामेश्वर निषाद, बृजेश कुमार कश्यप, रामगोपाल आदि मौजूद रहे।

# दबंगों ने दंपति को पीटा महिला की हालत गंभीर

**सतरिख बाराबंकी, अमृत विचार:** घर में बनी पुरानी दीवार गिराने का विरोध करने पर दबंगों ने एक महिला पर ईंट-गुम्मों और लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। बचाने पहुंचे पति को भी पीटा। घटना में दम्पति घायल हो गए। पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

दाऊदपुर के सुनील कुमार का आरोप है कि पड़ोसी राजपाल सिंह, राकेश कुमार और शिवम एक राय होकर आए और घर में बनी दीवार को गिराने लगे। विरोध पर पत्नी गुड़िया पर ईंट-गुम्मों और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। पत्नी का शोर सुन बचाने के लिए पहुंचे सुनील को भी पीटा। दम्पति को गंभीर चोटें आयी हैं। हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

# शोपीस बनी टंकियां, घरों तक नहीं पहुंचा पानी

**सुबेहा, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** हर घर जल योजना के तहत ग्राम पंचायतों में पानी की टंकी का निर्माण कराया जा रहा है लेकिन कई ग्राम पंचायतें ऐसी हैं जहां बिछने के बाद पाइप लाइन टूट गयी हैं। पानी की टंकी शोपीस बनी हुई है।

सिधियांवा ग्राम पंचायत में जगदीशवापुर, इमाम अली का पुरवा, रसूलपुर, मेंहदिया, किश्ती नगर आदि मजरे हैं। यहां पानी की टंकी का निर्माण हुए कई वर्ष हो चुके हैं पर ग्रामीणों के घरों तक पानी नहीं पहुंच सका हैं। गांव में जो पाइप लाइन बनी थी वह ध्वस्त हो चुकी है। रसूलपुर में जगदंबा सिंह के दरवाजे लगा हैडपम्प खराब पड़ा है। मुख्य विकास अधिकारी अ.सुदन ने बताया कि मतगणना के बाद पेयजल व्यवस्था पर बैठक कर समीक्षा होगी। जहां कमियां हैं, दूर की जाएंगी।



शोपीस बनी पानी की टंकी।

# उधार दिये रुपये मांगने पर दी धमकी

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** करीब तीन वर्ष पूर्व पत्नी को प्रधानी का चुनाव लड़ाने के लिए एक व्यक्ति ने परिचित से पांच लाख रुपये उधार लिए थे। उसकी पत्नी चुनाव जीत गयी। उधार दिये रुपये मांगने पर प्रधान पति मारपीट पर उतारू हो जाता है और जान से मारने की धमकी देता है। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की है। डल्लूखेड़ा के सुखदेव का आरोप है कि भिटौलीकला से प्रधान पद पर अपनी पत्नी को चुनाव लड़ाने के लिए जरूवा निवासी बब्लू उर्फ बलराम सिंह ने तीन साल पहले दोस्त आमिर अली के खाते में 5.25 लाख उधार लिए थे। रविवार को पीड़ित ने प्रधान पति के घर पहुंचकर उधारी की रकम मांगी तो वह उसे पीटने पर उतारू हो गया। जान से मारने की धमकी दी।

# फार्मासिस्ट के भरोसे चल रहा पीएचसी

**रामसनेहीघाट/ कोटवा सड़क बाराबंकी**

**अमृत विचार :** जिला मुख्यालय से लगभग 30 किमी दूर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोटवा सड़क में दो साल से डॉक्टरों के पद खाली हैं। चिकित्सकों की तैनाती न होने की वजह से यहां मरीजों का इलाज फॉर्मासिस्ट के भरोसे चल रहा है। सर्दी, जुकाम, बुखार जैसी बीमारियों का इलाज तो फॉर्मासिस्ट कर देता है लेकिन किसी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए यहां कोई भी डॉक्टर नहीं है।

पीएचसी में मरीजों का इलाज कम और रेफर ज्यादा किया जाता है। 2 वर्ष पूर्व इस पीएचसी पर एक डॉक्टर स्वाति श्रीवास्तव व फिजीशियन प्रमोद कुमार तैनात थे। डॉ. स्वाति श्रीवास्तव पढ़ाई करने के लिए चली गईं। डॉ. प्रमोद कुमार का तबादला कर दिया गया। लैब टेक्नीशियन होने के बावजूद उनके ट्रेनिंग पर चले जाने की वजह से मरीजों की जांच भी नहीं हो पा रही है। महिलाओं को प्रसव संबंधी समस्या होने पर उन्हें या तो जिला अस्पताल की ओर रुख करना पड़ता है या फिर आसपास के किसी सीएचसी में जाना पड़ता है। फार्मासिस्ट राजेश वर्मा, एएनएम रीता मुखर्जी व स्वीपर रक्षा यहां तैनात हैं। सीएचसी प्रभारी डॉ. अमरेश कुमार ने बताया कि चिकित्सकों की कमी की वजह से तैनाती नहीं हो पा रही है। उच्चाधिकारियों से चिकित्सकों की कमी की शिकायत की गई है।





पीएचसी कोटवा सड़क। अमृत विचार

**लापरवाही** सफाई कर्मचारियों की सेहत और जान की सुरक्षा के साथ किया जा रहा खिलवाड़

# बिना सुरक्षा किट नाले में उतारे जा रहे सफाईकर्मी

**कार्यालय संवाददाता बाराबंकी**

**अमृत विचार :** मानसून की आहट होते ही पालिका क्षेत्र में नालों की सफाई शुरू कर दी गई है। सफाईकर्मी बिना सुरक्षा किट के नालों में उतारे जा रहे हैं। सफाई कर्मचारियों के पास न तो ग्लब्स हैं और न ही मास्क। ठेकेदार भी सफाईकर्मियों की सुरक्षा को लेकर लापरवाह है।

बारिश से पहले पालिका की ओर से नालियों की सफाई का अभियान चलाया जा रहा है। सफाई कर्मचारियों को जीवनरक्षक किट, ग्लब्स, मास्क देने की जिम्मेदारी ठेकेदार और पालिका की है लेकिन रविवार को दोपहर साढ़े बारह बजे राजकमल रोड पर निबलेट गर्ल्स स्कूल के सामने नाले की सफाई कर रहे किसी भी कर्मचारी के पास कोई किट नजर नहीं आई।





अजीमुद्दीन अशरफ इस्लामिया इंटर कॉलेज के पास बिना सेफ्टी किट सफाई करता सफाईकर्मी, एक अन्य क्षेत्र में नाली से कचरा निकालते कर्मचारी। अमृत विचार

"सफाई कर्मचारियों को सेफ्टी किट दी जा चुकी है। कभी-कभी भीषण गर्मी के चलते सफाई कर्मी लापरवाहीवश सेफ्टी किट उतार देते हैं। इसकी जांच गंभीरता से कराई जाएगी। सभी कर्मचारियों को ग्यारह बजे से तीन बजे तक काम न करने के आदेश जारी किए गए हैं। बावजूद इसके इस समय सीमा में काम कैसे कराया जा रहा है, इसकी जांच कराई जाएगी।" -संजय शुक्ला, अधिशासी अधिकारी

# सिल्ट से पटा पड़ा है सूतमिल नाला

**बाराबंकी, अमृत विचार:** मानसून का मौसम सिर पर है मगर पिपरा मोड़ से लेकर सूत मिल तक जाने वाला नाला सिल्ट से पूरी तरह से पटा पड़ा हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि समय रहते अगर जिम्मेदार नहीं चेते तो पिछले साल की तरह अशोक नगर और अखंड नगर मोहल्ले में जल भराव की स्थिति पैदा हो जाएगी।

पिछली बार बरसात के मौसम में जलभराव की वजह से इन दोनों मोहल्लों के छात्र लगभग एक महीने से ज्यादा समय तक छात्र पढ़ाई के लिए स्कूल नहीं जा सके थे। स्थानीय नागरिकों ने स्थानीय प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए नाले की सफाई कराने की मांग की है।

## एक नजर

### दो पक्षों में मारपीट, छह लोगों पर मुकदमा दर्ज

**बभनजोत, अमृत विचार :** आम तोड़ने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई इस मामले में छह लोगों पर केस दर्ज किया गया है। खोडारे थाना क्षेत्र के खुटिहान निवासी राम जनक चौहान ने पुलिस को दिए गए तहरीर में बताया है कि आम तोड़ने की बात को लेकर मेरे पत्नी राम पति व पुत्री पूजा को गांव के ही रहने वाले खुनखुन चौहान, मीरा देवी व क्रांति ने मिलकर गाली गलौज देते हुए मारे पीटे व जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। दूसरे पक्ष की मीरा देवी निवासी उपरोक्त के तहरीर पर पुलिस ने राम पति, पूजा व राजू के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी मनोज पाठक ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर छह लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# 44 डिग्री पहुंचा तापमान, झुलसाने वाली गर्मी से लोग बेहाल

**गर्मी के तेवर**

- शनिवार की रात 34 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया पारा उमस से परेशान रहे लोग

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी की वजह से लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। जहां दिन में तेज धूप ने लोगों को तपा दिया, तो वहीं रात का पारा बढ़ने से लोग परेशान हो उठे। दिन की शुरुआत के साथ ही धूप तेज होती चली गयी।

रविवार का तापमान 44 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड दर्ज किया गया। दोपहर में लू के थपेड़े और रात में उमस से लोग बेहाल रहे। लू लगने के कारण लोग बीमार पड़ रहे हैं। लोग सिर और आंखों में दर्द के साथ बुखार और डायरिया की चपेट में आ रहे हैं। तो वहीं बिजली कटौती के चलते लोग परेशान हैं। भीषण गर्मी होने की वजह से ट्रांसफार्मर भी जवाब दे है। एसी और कूलर के बाद भी लोगों को पसीना छूट रहा है। दोपहर में शहर में सन्नाटे जैसी स्थिति रही। जरूरी कामों से घर से निकले हुए लोगों ने धूप से बचाव के लिए गमछे व छाते का सहारा लिया। शाम पांच बजे के बाद गर्मी में कुछ कमी आयी। जिला कृषि अधिकारी राजित राम ने बताया कि अगले दो दिन तापमान अभी गर्म रहेगा। कुछ क्षेत्रों में धूप और छांव जैसी स्थिति बनी रहेगी।

अधिशासी अभियंता अंशुमन यादव ने बताया कि गर्मी में बिजली की ज्यादा मांग रहती है। विभाग का भी यही प्रयास है कि जितनी मांग हो उतनी बिजली आपूर्ति की जाए। आजकल गर्मी ज्यादा पड़ने के कारण बिजली की खपत अधिक हो रही है। ओवरलोड के चलते ट्रांसफार्मर में फाल्ट की समस्याएं सामने आ रही हैं।



शहर के तहसील रोड पर दोपहर में चेहरे को ढककर परिवार के साथ स्कूटी से जाता युवक, शहर के पटेल तिराहा पर कड़ी धूप मे पानी पीता पुलिस कर्मी।

### बाजारों पर भी दिखा गर्मी का असर

भयंकर गर्मी का असर बाजारों पर भी साफ दिखाई दे रहा है। गर्मी के तेवर तल्ख होने के की वजह से लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है। गर्मी के चलते बाजारों में भी रौनक काम हो गई है। जनजीवन भी प्रभावित हो रहा है। हालात ऐसे हैं कि बेजुबान पशु-पक्षी भी परेशान हो रहे हैं।

### गर्मी दोगुनी होने से बढ़ी एसी और कूलर की मांग

भीषण गर्मी से जनमानस बेहाल है। बीते साल मई में करीब डेढ़ सौ एसी और कूलर बिके थे। वहीं इस बार मई में तीन से चार सौ तक एसी और कूलर लोगों ने खरीदे। शहर में इलेक्ट्रॉनिक आइटमों की करीब 30 दुकानें हैं। इस बार एसी और कूलर ने बिक्री के रिकॉर्ड तोड़ दिये हैं।

# तालाब में पलटी अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्रॉली, चालक की मौत

## खेत में खाद गिराने जा रहा था ट्रैक्टर चालक, दो श्रमिक कूदकर भागे

संवाददाता, खरगूपुर

**अमृत विचार:** खेत में खाद गिराने जा रहे ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर सड़क के बगल तालाब में पलट गया। ट्रैक्टर पलटता देख उस पर सवार दो मजदूर ट्रैक्टर से नीचे कूद गए जबकि चालक ट्रैक्टर के नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गयी।

खरगूपुर थाना क्षेत्र के नरायनपुर गांव निवासी ट्रैक्टर चालक समयदीन मौर्य (30) पुत्र संतराम मौर्य मजदूर धीरज व बाबू के साथ खेत में खाद गिराने जा रहे थे। वह ट्रैक्टर लेकर गांव से नंदनगर गांव वाले मार्ग पर स्थित तालाब के पास पहुंचा ही था कि अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर तालाब में जाकर पलट गयी। ट्रैक्टर पलटता देख दोनों मजदूर नीचे कूद गए,जबकि समयदीन ट्रैक्टर के नीचे दबकर घायल गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से उसे आधे घंटे के परिश्रम के बाद बाहर निकाला जा सका। परिजनों ने घायल को स्थानीय सीएचसी भिजवाया,जहां स्थिति गंभीर होने पर डॉक्टर ने जिला मुख्यालय रेफर कर दिया। यहां भी हालत में सुधार न होने पर डॉक्टर ने ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। लखनऊ ले जाते समय करनैलगंज के पास समयदीन की मौत हो गई। हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा है।


युवक की मौत के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

### तीन बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

दुर्घटना में हुई समयदीन की मौत से उसके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पत्नी व बच्चों सहित परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक ट्रैक्टर मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा था। समयदीन की मौत ने उसकी तीन बेटियों पूनम(9), सुमन(7) व सुशील (18 माह) के सिर से पिता का साया छीन लिया है।

### घर में घुसे चोरों ने बक्से का ताला तोड़कर जेवर और नकदी उड़ायी

**धानेपुर, गोंडा, अमृत विचार :** धानेपुर थाना क्षेत्र के बिहुरी चौराहे पर शनिवार की रात अज्ञात चोर दीवार फांदकर एक घर में घुस गए और कमरे में रखे बक्से का ताला तोड़कर नकदी, जेवर व अन्य सामान उठा ले गए। पीड़ित परिवार के मुताबिक चोर करीब दो साथ रुपये के जेवर व सामान ले जाने में कामयाब रहे। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की बात कर रही है। धानेपुर थाना क्षेत्र ग्राम पंचायत बिहुरी चौराहा के रहने वाले दुबैश कुमार पांडेय ने तहरीर देकर कहा कि शनिवार की रात को उनके घर के पीछे से ईट रखकर दीवार पर चढ़ कर अज्ञात चोरों द्वारा घर का ताला तोड़कर घर में रखा मोबाइल फोन वह दो बक्से का ताला तोड़कर उसमे जेवरात वह नगदी उठा ले गए। पीड़ित का कहना है कि जब परिवार के लोग सो उठे तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है और दो बक्से का सामान बिखरा हुआ है। बक्से में रखा जेवरात व नगदी उठा ले गए। पीड़ित ने बताया कि नगदी व जेवर मिलाकर करीब 2 लाख रुपए का समान चोरी हुआ है। प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शुक्ल ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच-पड़ताल कर मुकदमा दर्ज किया जायेगा।

# 160 ग्राम पंचायतों में परखेंगे मिट्टी की सेहत

गोंडा कार्यालय

**तैयारी**

- कर्मचारियों की टीम हर ब्लॉक से लेगी एक हजार मिट्टी के नमूने

**अमृत विचार:** खेतों की सेहत परखने तथा उसमें सुधार के लिए खेतों की मिट्टी की जांच की जाएगी। प्रत्येक ब्लाक से 10 ग्राम पंचायतों से मिट्टी के नमूने लिए जाएंगे और प्रयोगशाला में जांच कर उनकी उर्वरा शक्ति का परीक्षण किया जाएगा। मिट्टी में किन आवश्यक तत्वों की अधिकता है और किन तत्वों की कमी है जांच के बाद किसानों को उर्वरकों के प्रयोग की विधि बताई जाएगी। 16 ब्लॉकों की 160 ग्राम पंचायतों में एक लाख 60 हजार मिट्टी के नमूने लिए जाएंगे।

जिला कृषि अधिकारी जगदीश प्रसाद यादव ने बताया कि मिट्टी की सेहत जांच के बाद मृदा स्वास्थ्य कार्ड बनाया जाएगा। मिट्टी की जांच के बाद खेत में नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश व बॉर्न सल्फर की मात्रा का पता आसानी से लग जाएगा। जांच रिपोर्ट के आधार पर ही किसानों को खेतों की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के लिए रसायनों के उपयोग की सलाह दी जाएगी।

# पोल से भिड़ी कार, पांच लोग घायल


एंबुलेंस से लाकर घायलों को सीएचसी ले जाते कर्मचारी। अमृत विचार

रामनगर बाराबंकी

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के अशोकपुर चाचूसराय के निकट रविवार को एक कार अनियंत्रित हो गयी और हाईवे के किनारे माइनर पार कर विद्युत पोल से टकरा गई। हादसे में कार सवार पांच लोग घायल हो गए। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया। तीन को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। श्रावस्ती के भिनगा निवासी चालक जमील(40) कार से गोंडा-बहराइच हाईवे से परिवार के खालिद (30), अब्दुल सलाम (35), जीशान(40), निक्की (28) को लेकर बुआ के घर लखनऊ जा रहे थे। अशोकपुर चाचूसराय के निकट कार अनियंत्रित हो गई और पोल से कार टकरा गई। हाउसे में सभी लोग घायल हो गए। कांस्टेबल बृजेश ने एंबुलेंस चालक संजय कुमार व एमटी अजय कुमार की मदद से सभी घायलों को अस्पताल भिजवाया। डॉ. स्वप्निल ने प्राथमिक उपचार कर चालक जमील व अब्दुल सलाम, जीशान जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# मिट्टी लदी ट्रॉली पुलिस के सुपुर्द

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** वजीरगंज ब्लॉक के सामने अवैध रूप से खनन कर ट्रॉली पर लादी जा रही मिट्टी समेत तीन ट्रॉली व लोडर मशीन को खनन इंस्पेक्टर ने कब्जे में लेकर थाने के सुपुर्द कर दिया। खनन इंस्पेक्टर विवेक कुमार के मुताबिक गस्त के दौरान ब्लॉक के सामने लोडर द्वारा मिट्टी का खनन कर ट्रॉलियों पर लादी जा रही थी। अनुमति पत्र न मिलने पर मौके पर मिली 4 ट्रॉलियों व एक लोडर मशीन को कब्जे में लेकर थाने की सुपुर्दगी में दी गयी। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि खनन विभाग की ओर से उपरोक्त ट्रॉली व लोडर सुपुर्दगी में मिली है।

# डीएम के आदेश पर फिर कराया गया पोस्टमार्टम

## परिजनों के साथ नगर कोतवाली पुलिस ने मांगी थी दोबारा पीएम की अनुमति

**सूरज हत्याकांड**

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** नगर कोतवाली क्षेत्र के रानी बाजार के रहने वाले व्यापारी धर्म प्रकाश के बेटे सूरज गुप्ता की हत्या के मामले में नया मोड़ आ गया है। अयोध्या में दफन किए गए सूरज के शव को डीएम के आदेश पर दोबारा बाहर निकलवा कर पीएम कराया गया है। रविवार को नगर कोतवाली पुलिस की मौजूदगी में शव बाहर निकला गया और उसे पीएम के लिए भेजा गया। नगर कोतवाली पुलिस के अनुरोध पर कराए गए पीएम ने खुलासे को लेकर पुलिस को ही कटघरे में खड़ा कर दिया है।

रानी बाजार के गला व्यापारी के बेटे सूरज की 28 मई को हत्या कर दी गई थी। उसका शव कोतवाली क्षेत्र के लालपुर चंद्रभान गांव के निकट फेंक दिया गया था। तीन दिन बाद पुलिस ने सूरज के दोस्त राम नेवटिया व उसके एक अन्य सहयोगी शिवा को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया था। दोनों हत्यारेपियों ने वारदात को अंजाम दिए जाने की बात कबूल की थी लेकिन पीएम रिपोर्ट ने पुलिस की कहानी उलझा दी। सूरज के परिजनों और नगर कोतवाली पुलिस ने शव का दोबारा पोस्टमार्टम कराने के लिए जिलाधिकारी को पत्र दिया गया था। डीएम के आदेश के बाद रविवार को नगर कोतवाली पुलिस अयोध्या पहुंची और सक्षम मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में सरयू किनारे दफन किए गए सूरज गुप्ता के शव को खोदकर बाहर निकाला गया। इसके बाद अयोध्या में ही उसका दोबारा पोस्टमार्टम कराया गया। नगर कोतवाल राजेश सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और हत्या में गिरफ्तार किए गए आरोपियों के बयान में भिन्नता के कारण जिलाधिकारी से शव का दोबारा पोस्टमार्टम कराने की अनुमति मांगी गयी थी।डीएम की अनुमति के बाद रविवार को अयोध्या में शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।


अयोध्या स्थित सरयू घाट के किनारे दफन किए गए शव को बाहर निकलवाती पुलिस।

# बच्चों की शैक्षिक प्रगति बताएगी हेल्प डेस्क

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** गर्मी की छुट्टियों के बाद परिषदीय स्कूलों में भी अब कॉन्वेट स्कूलों की तर्ज पर हेल्प डेस्क बनाई जाएगी। इससे बच्चों और उनके अभिभावकों को हर सरकारी सुविधाओं और योजनाओं की सहजता से जानकारी मिलेगी। इसके अलावा डेस्क पर अभिभावकों को बच्चों की शैक्षिक प्रगति के बारे में भी जानकारी दी जाएगी।

बीएसए प्रेम चंद यादव ने बताया कि ग्रीष्मावकाश के बाद जुलाई से बेसिक स्कूलों डेस्क बनाई जाएगी। डेस्क पर अभिभावक अपनी शिकायत भी दर्ज करा सकेंगे। जिले में बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक व कंपोजिट को मिलाकर कुल 2611 विद्यालय संचालित हैं। जिसमें करीब सवा चार लाख बच्चे पंजीकृत हैं। बच्चों के शैक्षिक विकास को लेकर विभाग की ओर से तमाम प्रयास किए जा रहे हैं। परिषदीय विद्यालयों में नामांकन कराने वाले बच्चों को निशुल्क पुस्तकें दी जा रही हैं। इसके अलावा अन्य कई योजनाएं चल रही हैं। इन योजनाओं की जानकारी अभिभावकों तक पहुंच सके। इसके लिए परिषदीय विद्यालयों में अब हेल्प डेस्क बनाई जाएगी।

# धड़ल्ले से काटे जा रहे हरे पेड़

**करनैलगंज, अमृत विचार :** कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र के सकरौरा ग्रामीण में धड़ल्ले से हरे पेड़ काटे जा रहे हैं। वीके श्रीवास्तव के खेत में लगे नीम, यूकेलिप्टस के हरे पेड़ रात के अंधेरे में लकड़ी माफिया ने काट कर बेच दिया। कसगरान निवासी विश्वनेश कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा कि उसका खेत सकरौरा ग्रामीण में है। जहां नीम का हरा पेड़ व यूकेलिप्टस लगी थी। रात में चोरी से सकरौरा निवासी सरवर उर्फ कज्जन ने हरे भरे पेड को काट कर बेंच दिया। हरे पेड़ की जड़ अब भी दिखाई दे रहा है। कोतवाल निर्भय नारायण सिंह ने कहा कि तहरीर मिली है जांच कराई जा रही है।

# इंटर तक की मान्यता को 30 जून तक आवेदन

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** शैक्षिक संस्थाओं को माशिप की इंटर तक की मान्यता के लिए अब 30 जून तक आवेदन किया जा सकता है। इसके लिए यूपी बोर्ड की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। जिले में अभी तक 845 माध्यमिक विद्यालयों की मान्यता है। कई विद्यालयों की पत्रावली मान्यता के लिए लंबित हैं। ऐसे लोगों के लिए यह एक मौका है।

जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि मान्यता के लिए तीस साल की डीड अनिवार्य कर दी गई है। इ आवेदन के बाद जनपदीय समिति आवेदन का विस्तृत निरीक्षण करेगी। निरीक्षण के समय विद्यालय भवन, प्रयोगशाला, खेल के मैदान, बाउंड्रीवाल, पुस्तकालय आदि की वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी की जाएगी। विद्यालय को विद्यार्थियों से लिए जा रहे शिक्षण शुल्क का लेखा-जोखा रखना होगा। शिक्षण शुल्क में से कम से कम 70 प्रतिशत शैक्षिक व अन्य कर्मियों की परिलब्धियों पर खर्च करना होगा। विद्यालय की वेबसाइट पर ई-मेल, फोन नंबर के अलावा आधारभूत सुविधाओं जैसे भवन, कक्ष की संख्या, कंप्यूटर, खेल, पुस्तकालय, लाइट, पंखे आदि का विवरण दिया जाएगा।

# कंपार्टमेंट परीक्षा का पंजीकरण शुरू

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 10वीं व 12वीं की सप्लीमेंट्री (पूरक-कंपार्टमेंट) व इम्प्रूवमेंट परीक्षा की तैयारी शुरू कर दी है। बोर्ड ने पूरक परीक्षा के लिए पंजीकरण प्रक्रिया को शुरू कर दिया है। इसके तहत स्कूलों को लिस्ट ऑफ कैंडिडेट जमा कराने का निर्देश जारी किया गया है। पंजीकरण की प्रक्रिया 31 मई से 15 जून तक चलेगी। डीआईओएस ने बताया कि परीक्षा में बैठने के लिए विद्यार्थियों को प्रति विषय तीन सौ रुपये का भुगतान करना होगा। जबकि लेट फीस के साथ पंजीकरण प्रक्रिया 16 जून से 17 जून तक जारी रहेगी।

# छात्र-छात्राओं को देंगे आपदा प्रबंधन की ट्रेनिंग

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** इंटर कॉलेजों में पढ़ने वाले बच्चों को आपदा से बचाव की जानकारी देकर उन्हें दक्ष बनाया जाएगा। कॉलेजों में आपदा बचाव की विशेष टीम गठित की जाएगी। समय-समय पर विद्यार्थियों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। टीम में दो छात्र-छात्राओं के साथ अग्निशमन विभाग के एक कर्मचारी भी शामिल रहेंगे।

जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि जिले के 945 माध्यमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों को आपदा से बचाव की जानकारी देने के लिए आपदा प्रबंधन समिति का गठन होगा। समिति के अध्यक्ष विद्यालय के प्रधानाचार्य होंगे। इसके अलावा दो छात्र-छात्राओं के साथ क्षेत्रीय अग्निशमन केंद्र एक कर्मचारी भी समिति में शामिल किया जाएगा। विद्यार्थियों को गैस सिलिंडर को बुझाने, कुंए में उतरने, कमरे में आग लगने के बाद बुझाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। आपदा बचाव के नियमों के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया जाएगा। डीआईओएस कार्यालय से सभी विद्यालय के प्रधानाचार्यों को पत्र जारी कर आपदा प्रबंधन समिति का गठन करने का निर्देश दिया गया है। जुलाई माह से प्रशिक्षण का कार्य शुरू किया जाएगा।

**स्पर्धा** — नंदिनी नगर स्पोर्ट्स स्टेडियम में तीन दिन तक चली स्टेट कुश्ती चैंपियनशिप

# फ्री स्टाइल कुश्ती में बागपत के पहलवानों का दबदबा

संवाददाता, नवाबगंज

**अमृत विचार:** नंदिनी नगर के स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहे तीन दिवसीय जूनियर स्टेट कुश्ती चैम्पियनशिप में तीसरे दिन अंडर-17 तथा अंडर-23 के बालक वर्ग के फ्री-स्टाइल में कुश्ती के मुकाबले कराए गए। दूसरे दिन पुरुषों के ग्रीको रोमन शैली के मुकाबले में तथा तीसरे दिन फ्री-स्टाइल कुश्ती के मुकाबले में बागपत के पहलवानों का दबदबा कायम रहा। तीसरे दिन रविवार को प्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष करन भूषण सिंह ने पहुंच कर हनुमान जी के चित्र पर माल्यार्पण कर चारों मैट पर पहलवानों का हाथ मिलवा कर कुश्ती की शुरुआत कराई। पुरुषों के फ्री-स्टाइल के अंडर-17 तथा अंडर -23 के सभी भार वर्गो के पहलवानों का मुक़ाबला कराया गया। इस मौके पर भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष व सांसद बृजभूषण शरण स्टेडियम में काफी समय तक मौजूद रहे और पहलवानों का हौसला बढ़ाते रहे। विजयी पहलवानों को पदक व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। अंतिम दिन अंडर -23 पुरुषों के फ्री-स्टाइल शैली के 57 किलो भार वर्ग में बागपत के हिमांशु ने पहला, वाराणसी के सतीश ने दूसरा, नंदिनी नगर के महावीर तथा कुशीनगर के विवेक ने तीसरा स्थान हासिल किया। 79 किलो भार वर्ग में बागपत के अनुज ने पहला, कुशीनगर के रमन ने दूसरा, संत कबीर नगर के धर्मेन्द्र तथा गोरखपुर के आशुतोष ने तीसरा स्थान हासिल किया। 97 किलो भार वर्ग में गाजियाबाद के शिवम्, बागपत के आदित्य तोमर ने दूसरा, शामली के रिषभ तथा मथुरा के शिवम् ने तीसरा स्थान हासिल किया। 65 किलो भार वर्ग में गौतमबुद्ध नगर के लवीश कुमार ने पहला, झांसी के सत्येंद्र अहिरवार ने दूसरा स्थान हासिल किया। 74 किलो भार वर्ग में बागपत के सौरभ ने पहला, भदोही के विकास विश्वकर्मा ने दूसरा स्थान हासिल किया। 86 किलो भार वर्ग में मेरठ के बादल ने पहला, गाजियाबाद के विकास ने दूसरा स्थान हासिल किया। पुरुषों के अंडर -17 के फ्री-स्टाइल शैली में 80 किलो भार वर्ग में वाराणसी के सौरभ यादव ने पहला, बागपत के लोकेश ने दूसरा स्थान हासिल किया। 125 किलो भार वर्ग में गाजियाबाद के प्रशांत कुमार ने पहला, बागपत के मयंक तोमर ने दूसरा स्थान हासिल किया। 110 किलो भार वर्ग में वाराणसी के लक्ष्य ने पहला, बुलंदशहर के सूरज कुमार ने दूसरा स्थान हासिल किया।


कुश्ती में एक-दूसरे से जोर-आजमाइश करते पहलवान। अमृत विचार

# मिट्टी खनन को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

संवाददाता, करनैलगंज

**अमृत विचार :** सरयू रेलवे पुल के समीप स्थित भूमि नदी और गांवों के बीच हो रहे खनन को लेकर रविवार को ग्रामीणों ने खनन कर रही पोकलैंड व जेसीबी मशीनों व डंपर को रोक आक्रोश व्यक्त किया।

करनैलगंज-सरयू रेलवे स्टेशन के बीच सरयू रेलवे पुल के समीप नए रेलवे पुल का निर्माण किया जा रहा है। रेलवे लाइन के बगल गांव के आसपास जेसीबी व पोकलैंड मशीन के सहारे खनन कर मिट्टी व बालू निकाल लिया गया। इससे बरसात में ग्राम नारायन पुर मांझा के पांडेपुरवा, पोतेदार पुरवा, बरइन पुरवा और अंगद पुरवा पूरी तरह बाढ़ की चपेट में आ सकते हैं। वीरभद्र पाण्डेय, आकाशदीप, रतन दीप पांडे, केसरी प्रसाद दूबे, संतोष कुमार, रामचंद्र, शिव शरण, रवि शंकर, रानू पांडे, अमरदीप, बाबूराम, उमादत्त, प्यारे, तिलई, माधव, ननके, जगदंबा प्रसाद, राम जियावन, रमेश कुमार, कृष्णानंद आदि ने जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी, रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष, पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक तथा प्रधानमंत्री को प्रार्थना पत्र भेजा है। रविवार को सुबह ग्रामीणों ने एकत्र होकर उप जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर उन्होंने तत्काल लेखपाल को मौके पर भेजा। लेखपाल रमेश चंद्र ने बताया कि पूरे मामले की जांच की गई है। उधर, इस मामले में एसडीएम भारत भार्गव का कहना है कि टीम को भेजकर जांच कराई जा रही है। यदि गड़बड़ी मिली तो कार्रवाई होगी। रेलवे के आईओडब्ल्यू अवधेश सिंह का कहना है कि ग्रामीणों की शिकायत को देखते हुए निरीक्षण किया गया। खनन में लगे ठेकेदार को कम गहराई में मिट्टी निकालने के लिए कहा गया है।


जांच-पड़ताल करते अधिकारी।

## एक नजर

### टोल बूथ पर आधी रात से दो फीसदी टैक्स बढ़ा

**सोहावल, अयोध्या :** रविवार की आधी रात से सभी टोल बूथों पर टोल टैक्स में बढ़ोतरी लागू कर दी गई है। सभी हाईवे के रेट अलग-अलग निर्धारित किए गए हैं। रौनाही टोल प्लाजा प्रबंधक एसएस सिकरवार ने बताया एनएच 27 टोल प्लाजा रौनाही से गुजरने वाले सभी प्रकार के वाहनों के टैक्स में दो फीसदी की बढ़ोतरी की गई है।

### हनुमानगढ़ी के निकास द्वार पर लगा वाटर कूलर खराब

**अयोध्या। अमृत विचार :** हनुमान गढ़ी के निकास द्वार पर नगर निगम के द्वारा लगाया गया वाटर कूलर बंद पड़ गया है। स्थानीय व्यापारियों ने नाराजगी जताते हुए बताया कि जब से यह वाटर कूलर लगाया गया है इसमें एक भी बूंद पानी नहीं आया है, जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त निर्देश जारी किया है किसी भी धार्मिक स्थल पर आने वाले श्रद्धालुओं को पानी की संपूर्ण व्यवस्था कराई जाए। इसके बावजूद नगर निगम के अधिकारी चेत नहीं रहे हैं।

### सास की तहरीर पर दामाद समेत चार पर केस दर्ज

**रुदौली अयोध्या। अमृत विचार :** पत्नी को आये दिन शराब पीकर मारने के आरोप में सास की तहरीर पर दामाद सहित चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष पटरंगा ओम प्रकाश ने बताया कि ग्राम परसऊ की धनराजा पत्नी राम प्रीत ने तहरीर देकर बताया कि लड़की मीनू की शादी मवई थाना क्षेत्र के ग्राम महमदपुर के अनिल रावत पुत्र लल्लन से की थी। शादी के बाद से आये दिन शराब पीकर मीनू को मारता पीटता था। थानाध्यक्ष ओम प्रकाश ने बताया कि धनराजा की तहरीर पर अनिल रावत पुत्र लल्लन, अनिल की मां तथा दो अन्य लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# नौ बजे तक आ जाएगा मतगणना का पहला रुझान

## पहले पोस्टल बैलेट फिर होगी ईवीएम में पड़े वोटों की गिनती

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की मतगणना मंगलवार को होगी। पहला रुझान नौ बजे तक आने की उम्मीद है। पहले पोस्टल बैलेट की गिनती होगी। इसके बाद इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से मतों की गिनती शुरू की जाएगी। मतगणना दो बजे के बाद तक चलने की संभावना है।

लोकसभा चुनाव में मतगणना की तैयारी पूरी कर ली गई है। मतगणना राजकीय इंटर कालेज के बरामदे में होगी। मतगणना कार्मिक अंदर रहेंगे, जबकि प्रत्याशियों के एजेंट बरामदे के बाहर रहेंगे। यहां फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र की चार विधानसभाओं अयोध्या, बीकापुर, मिल्कीपुर, रुदौली और अंबेडकरनगर लोकसभा क्षेत्र के गोसाईंगंज विधानसभा क्षेत्र में पड़े वोटों की गिनती की जाएगी। मतगणना सुबह आठ बजे शुरू होगी। मतगणना कार्मिकों को सुबह छह बजे बुलाया गया है। पारदर्शिता के मद्देनजर कार्मिकों को मतगणना टेबल की जानकारी जीआईसी पहुंचने पर ही दी जाएगी। जीआईसी में मीडिया कक्ष के साथ अन्य कक्ष बनाए गए हैं। यहां एलईडी की व्यवस्था होगी। मतगणना कार्मिकों को तीन जून को दूसरी बेला अंतिम प्रशिक्षण दिया जाएगा। निर्वाचन विभाग का कहना है कि तैयारियां अंतिम दौर में है। मतगणना चार जून को सुबह आठ बजे शुरू होगी।


राजकीय इंटर कॉलेज में मतगणना के लिए लगाई गई टेबल। अमृत विचार


राजकीय इंटर कॉलेज में ईवीएम की रखवाली करता अर्द्ध सैनिक बल का जवान।

### पांच विधानसभा क्षेत्रों के लिए सजेंगी 75 मेजें

मतगणना के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कुल 15 मेज लगाई गई हैं। इनमें एक मेज एआरओ के लिए होगी। 14 अन्य मेज वोटों की गिनती करने वाले कार्मिकों के लिए लगाई जाएंगी। कुल 75 मेजें लगेंगी। एक मेज पर कुल चार कार्मिक होंगे। इनमें एक माइक्रो आब्जर्वर के साथ तीन गणना करने वाले कार्मिक हैं।

### साढ़े 11 लाख वोटों की होगी गिनती

फैजाबाद और अंबेडकरनगर लोकसभा क्षेत्र में पड़ने वाली सभी पांच विधानसभा क्षेत्रों में लगभग साढ़े 11 लाख वोट डाले गए हैं। इनमें ईवीएम के साथ पोस्टल बैलेट शामिल हैं।

### 32 राउंड तक होगी मतगणना

जीआईसी में वोटों की गिनती 32 राउंड तक चलेगी। अयोध्या में 29, बीकापुर और मिल्कीपुर में 30-30, रुदौली में 27 और गोसाईगंज में 32 राउंड मतगणना होगी।

### मौजूद रहेंगे पौने चार सौ कर्मचारी

मतगणना को लेकर जीआईसी में अधिकारियों, मजिस्ट्रेट के साथ लगभग पौने चार सौ कर्मचारी मौजूद रहेंगे। इनमें पोस्टल और ईवीएम से गणना करने वाले लगभग पौने चार सौ कार्मिक होंगे।

### नहीं ले जा सकेंगे मोबाइल, कैलकुलेटर, ज्वलनशील पदार्थ

मतगणना वाले स्थान पर कार्मिक मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, ज्वलनशील पदार्थ नहीं ले जा सकेंगे। यह प्रतिबंध मतगणना के लिए किए गए बैरिकेडिंग के अंदर होगा। मीडिया कर्मियों के लिए मीडिया कक्ष तक मोबाइल फोन ले जाने की सुविधा होगी।

### बगैर पास नहीं जा सकेंगे अंदर

बगैर पास व बिना चेकिंग कोई भी व्यक्ति अंदर नहीं जा सकेगा। मतगणना कार्मिकों के अलावा टेबल तक कोई नहीं जा सकेगा।

### तय विधानसभा क्षेत्र की गणना में ही रहेंगे एजेंट

प्रत्याशियों के एजेंट उसी विधानसभा क्षेत्र में रहेंगे। जिसके लिए निर्वाचन विभाग ने उनको पास जारी किया है।

### 13 प्रत्याशी मैदान में

फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र के लिए चुनाव मैदान में कुल 13 प्रत्याशी हैं। भाजपा, सपा, बसपा, भाकपा के साथ अन्य दलों के साथ मैदान में कई निर्दल प्रत्याशी भी हैं।



### स्वास्थ्य विभाग की दो टीम रहेगी अलर्ट

राजकीय इंटर कॉलेज में मंगलवार को मतगणना के दौरान स्वास्थ्य विभाग ने दो टीमों की तैनाती की है। सीएमओ डॉ.संजय जैन ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए ओआरएस घोल व दवाओं की भी व्यवस्था की गई हैं। दो एंबुलेंस मौके पर मौजूद रहेंगी। प्रत्येक एंबुलेंस में एक चिकित्सक, फार्मासिस्ट व वार्ड ब्वॉय की तैनाती रहेगी।

### स्ट्रांग रूम में ईवीएम, दलों के लोग भी कर रहे पहरेदारी

जीआईसी में विधानसभा वार बनाए गए स्ट्रांग रूम में ईवीएम रखी गई हैं। इसकी सुरक्षा चौकस है। ईवीएम में पांच कक्षों के स्ट्रांग रूम में रखी गई ईवीएम संगीनों के साए में हैं। बाहर सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। सीसीटीवी से निगरानी की जा रही है। मजिस्ट्रेटों के साथ पुलिस अफसरों की तैनाती की गई है। बाहर राजनीतिक दलों के लिए पंडाल लगाया गया है। यहां विभिन्न राजनीतिक दलों के लोग भी पहरेदारी कर रहे हैं। यह 24 घंटे चल रहा है।

## मतगणना के दौरान आम लोगों के लिए प्रतिबंधित रहेगा जीआईसी इलाका

अयोध्या, कार्यालय

**अमृत विचार :** लोकसभा महासमर 2024 का मतदान सकुशल संपन्न होने के बाद जनपद पुलिस ने मतगणना को संपन्न कराने की तैयारी तेज कर दी है। पुलिस लाइन स्थित चुनाव कार्यालय में मतगणना के लिए सुरक्षा और व्यवस्था का खाका खींचा जा रहा है और अधिकारियों के निर्देश पर इसको पुख्ता बनाया जा रहा है।

मतगणना के दौरान अथवा उसके बाद शहर से गाँव तक कहीं अप्रिय स्थिति का सामना न करना पड़े इसके लिए पुलिस को सतर्क किया गया है। मतगणना स्थल जीआईसी परिसर को प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित कर आवागमन पर प्रतिबंध और ड्यूटी में लगे कर्मियों और सियासी दलों के प्रतिनिधियों के वाहन पार्किंग के लिए यातायात पुलिस को भी जिम्मा दिया गया है। चुनाव आयोग के निर्देश के मुताबिक मतगणना परिसर से 100 मीटर की परिधि में किसी भी वाहन के प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी। साथ ही जीआईसी की ओर केवल राजनीतिक दलों के अधिकृत मतगणना प्रतिनिधियों और ड्यूटी में लगाए गए अधिकारियों व कर्मचारियों को ही प्रवेश दिया जाना है। साथ ही परिसर के अंदर किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रानिक डिवाइस, मोबाइल, कैलकुलेटर सहित माचिस, लाइटर व अन्य ज्वलनशील पदार्थ ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित होगा और ध्वनि विस्तारक यंत्र से मतगणना का परिणाम चरणवार बताया जायेगा। मतगणना प्रक्रिया को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस महकमें ने त्रिस्तरीय जाँच व तलाशी की व्यवस्था बनाई है और चेक प्वाइंट पर सघन तलाशी के बाद ही मतगणना कार्मिकों एवं एजेंट को प्रवेश दिया जाएगा। उधर यातायात पुलिस की ओर से मतगणना के दौरान जीआईसी परिसर के इर्द-गिर्द आम जन के साथ वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध का खाका खींचा गया है। कसावबाड़ा, फतेहगंज और पुष्पराज चौराहे से वाहनों को जीआईसी की ओर नहीं जाने दिया जाएगा।

सीओ सिटी शैलन्द्र सिंह का कहना है कि चुनाव आयोग के निर्देश के मुताबिक सभी व्यवस्थाएं की जाएगीं। निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराया जाएगा।

# निर्वाचन कार्यालय पहुंचा माइक्रो ऑब्जर्वर की मौत का मामला

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में मतदान कराकर लौटे माइक्रो ऑब्जर्वर तुषार श्रीवास्तव की मौत का मामला निर्वाचन कार्यालय पहुंच गया है। उनकी पत्नी ने इस बाबत प्रार्थना पत्र भेजा है। कार्रवाई के साथ सहायता की मांग उठाई है। अमृत विचार ने इस मामले को प्रमुखता से उठाया था।

एलआईसी कर्मी तुषार श्रीवास्तव की ड्यूटी अंबेडकरनगर लोकसभा क्षेत्र के गोसाईंगंज विधानसभा क्षेत्र में मतदान को लेकर माइक्रो आब्जर्वर के पद पर लगाई गई थी। मतदान 25 मई को हुआ था। पत्नी अपर्णा द्वारा दिए गए पत्र में कहा गया है कि तुषार सीएलडी (क्रोनिक लीवर डिजीज) से पीड़ित थे। उनका इलाज एक फिजिशियन के यहां चल रहा था। डॉक्टर ने उन्हें दवा लेने के साथ बेड रेस्ट की सलाह दी थी। इसी दौरान चुनाव में उनकी ड्यूटी लगा दी गई। उन्होंने ड्यूटी से मुक्ति के लिए प्रयास किया। पोलिंग पार्टियों की रवानगी के समय उन्होंने वहां मौजूद अफसर को ड्यूटी काटने का प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन ड्यूटी नहीं कट पाई। 25 मई को चुनाव से लौटने के बाद रात में उनकी तबियत बिगड़ी। उन्हें अस्पताल ले जाया गया। जहां मौत हो गई।

**गोसाईगंज में मतदान के बाद बीमारी से हो गई थी मौत**

### पत्नी ने प्रार्थना पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार

पत्नी अपर्णा ने निर्वाचन अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। कहा है कि पोलिंग पार्टियों की रवानगी के दिन उन्होंने अफसरों से ड्यूटी काटने का आग्रह किया। प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन जवाब आया कि ड्यूटी कटवाने यहां तक आ सकते हैं तो ड्यूटी भी कर सकते हो। परिजनों का कहना है कि प्रदेश के संयुक्त निर्वाचन अधिकारी की ओर से इस कार्रवाई के लिए जिले को पत्र भेजा गया है। हालांकि अपर प्रभारी मतदान कार्मिक व डीडीओ उपेंद्र प्रसाद पाल ने बताया कि अभी उन्हें कोई पत्र नहीं मिला। उप जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में हो सकता है, पत्र आया हो।

## दोस्तों पर लगाया हत्या कर शव को छिपाने का आरोप

**अयोध्या।** तारुन थाना क्षेत्र में शुक्रवार को ऐमी घाट पुल के नीचे सूखी तमसा नदी में रक्तरंजित अवस्था में मिले युवक के शव के मामले में पुलिस ने सात के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। तमसा नदी में शुभम यादव (23) पुत्र जय प्रकाश निवासी भटपुरा थाना गोसाईंगंज जिला सुल्तानपुर का शव मिला था। शनिवार को पोस्टमार्टम में गोली मारकर हत्या की बात सामने आई थी। रविवार को तारुन थाने पहुंचे युवक के पिता जय प्रकाश ने तहरीर पुलिस को दी। बताया कि रंजिश के चलते क्षेत्र के ही उसके सात दोस्त बोलेरो पर बैठाकर ले गए और हत्या करने के बाद शव को यहां पुल के नीचे नदी में फेंक दिया। सीओ बीकापुर सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# वाटर स्कूटी चालक को स्टंट पड़ा भारी, क्रूज से भिड़ा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या कोतवाली के नयाघाट क्षेत्र में वाटर स्कूटी चालक को स्टंट करना भारी पड़ा। स्टंट के दौरान अनियंत्रित वाटर स्कूटी सरयू में खड़े क्रूज से जा टकराई और वाटर स्कूटी पर सवार श्रद्धालु गिरकर सरयू में डूबने लगा। जल पुलिस के जवानों ने उसको सकुशल बाहर निकाल परिवार के हवाले किया है।

पर्यटन को बढ़ावा देने की कवायद के तहत सरकार की ओर से सरयू में पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए वाटर बोट, क्रूज और वाटर स्कूटी का संचालन किया जा रहा है। सरयू में संचालित वाटर स्कूटी चालकों की ओर से लापरवाही की शिकायत पहले भी चर्चा में रही है, लेकिन अबकी वाटर स्कूटी चालक की ओर से स्टंट एक श्रद्धालु की जान के साथ खिलवाड़ जैसा साबित हुआ। स्टंट के दौरान अनियंत्रित वाटर स्कूटी सरयू में खड़े क्रूज से जा टकराई और वाटर स्कूटी पर सवार श्रद्धालु विष्णु गोयल (35) पुत्र राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल निवासी डब्लू जेड 88 ए विकासपुरी नई दिल्ली सरयू नदी में गिर पड़ा और डूबने लगा। घाट पर मौजूद लोगों की ओर से हल्ला-गुहार के बाद जल पुलिस व एसडीआरएफ के जवान सक्रिय हुए और श्रद्धालु को सकुशल नदी से बाहर निकाल लिया।

## सार-संक्षेप


सम्मानित किए गए जिले के शिक्षक। अमृत विचार

### जिले के पांच शिक्षकों को किया सम्मानित

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन द्वारा राज्य स्तरीय शैक्षिक नवाचार संगोष्ठी एवं वार्षिक अधिवेशन का आयोजन लखनऊ में हुआ। जिसमें जिले के पांच शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट कार्यों और नवाचार के लिए सम्मानित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह और अन्य अतिथियों की ओर से सम्मान प्रदान किया गया है। राज्यस्तरीय शैक्षिक नवाचार संगोष्ठी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिनेश कुमार तिवारी सहायक अध्यापक कम्पोजिट विद्यालय रामदत्तपुर अंदरौली, कुमुद दूबे कम्पोजिट विद्यालय दर्शननगर द्वितीय, इन्दु सहायक अध्यापक कम्पोजिट विद्यालय, अर्चना गोस्वामी कम्पोजिट विद्यालय भावापुर बीकापुर, ऐश्वर्यनारायण उच्च प्राथमिक विद्यालय रुरूखास हैरिंग्टनगंज को डॉ पवन कुमार सचान संयुक्त शिक्षा निदेशक राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद लखनऊ ने प्रशस्तिपत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### आठ हजार से अधिक किसानों के खेतों की जांची जाएगी मिट्टी

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** राष्ट्रीय मृदा स्वास्थ्य योजना के तहत जिले के आठ हजार से अधिक किसानों के खेतों की मिट्टी की जांच होगी। मिट्टी में मौजूद तत्वों की जांच करने के बाद संबंधित किसान को मृदा स्वास्थ्य कार्ड दिया जाएगा। इसके आधार पर किसान उन्नत फसल पा सकेंगे। जिला कृषि अधिकारी ओपी मिश्रा ने बताया कि इस बार जिले के कुल 8 हजार किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड बनाकर देने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसके सापेक्ष कृषि विभाग के प्राविधिक सहायक गांव-गांव पहुंच किसानों के खेतों से मिट्टी के नमूने लेकर आ रहे है। प्राविधिक सहायकों के माध्यम से अब तक 1845 मिट्टी के नमूने एकत्रित किए जा चुके हैं। सभी नमूने एकत्रित होने के बाद मृदा प्रयोगशाला में सभी नमूनों की जांच होगी। जांच के बाद किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड दिए जाएंगे, जिसके आधार पर किसानों को कितनी मात्रा में खेत में रासायनिक और जैविक खाद लगाई जानी है। उसकी सलाह दी जाएगी। मिट्टी की गुणवत्ता के आधार पर ही किसानों को फसल उत्पादन करने की जानकारी दी जाएगी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में मिला बुजुर्ग का शव

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** कोतवाली रुदौली के मोहल्ला शेखाना में एक बुजुर्ग का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर दूसरी मंजिल पर कमरे में मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक की पहचान राम बाबू जायसवाल (75) पुत्र खुशी राम जायसवाल निवासी शेखाना मोहल्ला कोतवाली रुदौली के रूप में हुई है। बताया जाता है कि मृतक अपने घर पर अकेले ही रहते थे। आस पास के लोगों ने बताया कि वह तीन चार दिन से दिखाई नहीं दिए तो भतीजा अजय कुमार ने ऊपर जाकर दरवाजा खोला तो यह मृत अवस्था में मिले और पंखा चल रहा था। बताया गया है कि शव देखने से दो दिन पुराना लग रहा था। कोतवाल देवेंद्र सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा।

### निजी फाइनेंस कंपनी के प्रबंधक से लूट

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** कैंट थाना क्षेत्र में बाइक सवार तीन लोगों ने एक निजी फाइनेंस कंपनी के प्रबंधक से नकदी भरा बैग लूट लिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस अज्ञात लोगों के खिलाफ लूट की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई है। पीड़ित श्रावस्ती जनपद के इकौना देहात निवासी जितेंद्र यादव का कहना है कि वो भारत फाइनेंस इन्क्लूजन में क्षेत्रीय प्रबंधक के पद पर हुई थी। कंपनी की ओर से गांव की महिला समूह को छोटे समय के लिए ऋण दिया जाता है। उनके जिम्मे महिला समूहों को ऋण देने और उसकी वसूली का काम है। शुक्रवार को वह कैंट थाना क्षेत्र में वसूली के लिए निकले थे और उस्सू, घाटमपुर व फतेपुर से वसूली कर अपनी बाइक से वापस लौट रहे थे, इसी दौरान दोपहर लगभग 12 बजे रायपुर नहर के पास एक बाइक सवार तीन लोगों ने अपनी बाइक उनके बाइक के सामने लगा दी और नकदी वाला झोला छीनकर फरार हो गए। बैग में एक लाख 19 हजार 480 रुपये और कागजात रखे थे। कैंट थाने के प्रभारी निरीक्षक संजय मौर्य ने बताया कि शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ लूट की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की विवेचना और वारदात में शामिल लोगों की सुरागरसी कराई जा रही है। जल्द ही मामले का पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

### परशुराम का मंदिर बनाने का लिया निर्णय

**अयोध्या। अमृत विचार :** अखिल भारतीय चाणक्य परिषद व श्रीश्री परशुराम सेवा ट्रस्ट की आवश्यक बैठक प्रेस क्लब सिविल लाइन अयोध्या में संपन्न हुई। बैठक के मुख्य अतिथि परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक व श्रीश्री परशुराम सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित कृपा निधान तिवारी ने किया और अध्यक्षता पूर्व प्रधान उमाशंकर तिवारी ने किया। बैठक में परिषद से युवाओं को जोड़ने एवं ब्राह्मणों के मजबूत करने की योजनाओं को मूर्त रूप देने के साथ ब्राह्मणों के सहयोग एवं परिषद की सम्मान सम्मान बढ़ाने के लिए युवा विंग तैयार करने के लिए सुनील कुमार पांडे को सर्व सम्मत से युवा अध्यक्ष मनोनीत किया गया। परिषद ने राम जन्मभूमि निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र को अयोध्या धाम में भगवान परशुराम जी के मंदिर को रामलला के मंदिर परिसर में बनाने हेतु ज्ञापन देने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

## हाईवे पर हादसों में प्रबंधक समेत दो लोगों की मौत

**अयोध्या, अमृत विचार:** लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार को दूसरी पहर अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए हादसों में एक बिस्कुट फैक्ट्री के प्रबंधक समेत दो लोगों की मौत हो गई। औद्योगिक क्षेत्र मुमताज नगर स्थित एक बिस्कुट फैक्ट्री में प्रबंधक पद पर तैनात रौनाही थाना क्षेत्र के लखौरी गांव निवासी हरेंद्र प्रताप सिंह (54) पुत्र रामजतन सिंह रविवार को दूसरी पहर भोजन करने अपने आवास आए थे। भोजन के बाद वह अपनी स्कूटी के फैक्ट्री जा रहे थे कि कैंट थाना के सलारपुर क्षेत्र में एक मालवाहक वाहन ने उनकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके बेटे विवेक सिंह ने 4.45 बजे जिला अस्पताल पहुंचाया तो ड्यूटी पर तैनात डॉ. वीरेंद्र वर्मा ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। बाइक सवार रितराज सिंह (28) पुत्र दशरथ सिंह निवासी हाजीपुर बरसेंड़ी उपरहार थाना रौनाही को राष्ट्रीय राजमार्ग पर रौनाही थाना क्षेत्र के ही बरईकला के पास एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। एनएचएआई एंबुलेंस के एमटी अनुराग ने घायल को 5.30 बजे जिला अस्पताल पहुंचाया तो आपात चिकित्सा ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

# 42 घंटे में उल्टी-दस्त के 94 मरीज भर्ती

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी ने डायरिया के मरीजों की संख्या बढ़ा दी है। जिला अस्पताल में पिछले 42 घंटे के दौरान उल्टी-दस्त के 94 मरीज भर्ती हुए हैं। सभी मरीजों का इलाज चल रहा है।

जिले के तमाम अस्पतालों में इन दिनों हीट वेव, उल्टी-दस्त व बुखार के मरीज पहुंच रहे हैं। मरीजों की बढ़ती संख्या चिंता का विषय भी बनती जा रही है। जिला अस्पताल के ईएमओ डॉ. वीरेंद्र वर्मा ने बताया कि इमरजेंसी में आने वाले अमूमन गंभीर मरीजों को भर्ती किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शनिवार को 24 घंटे में में 66 मरीजों को भर्ती किया गया था। रविवार को 18 घंटे में 29 मरीजों को भर्ती किया गया है। उन्होंने बताया कि हीट वेव के खतरे से बचने के लिए लोग धूप में घरों से न निकलें।


जिला अस्पताल के मेडिकल वार्ड में भर्ती मरीज। अमृत विचार

### हीट वेव से बचाव के उपाय

- खूब सारा पानी पीएं
- हल्के और सूती कपड़े पहनें
- सूरज की सीधी रोशनी से बचें
- ठंडे भोजन का सेवन करें
- ओआरएस का सेवन करें
- ठंडी जगह पर रहें
- तैलीय और मसालेदार भोजन से बचें
- आउटडोर एक्टिविटीज का समय सीमित करें

### कल समाप्त होगा नौतपा का प्रभाव

ज्योतिषाचार्य प्रवीण शर्मा ने बताया कि नौतपा का प्रभाव चार जून को समाप्त हो जाएगा। इसके साथ ही मौसम में कुछ राहत आएगी। उधर, आचार्य नरेंद्र देव कृषि विवि के मौसम विभाग का मानना है कि अभी तेज गर्मी और लू से राहत के आसार नहीं हैं। रविवार को अधिकतम तापमान 42 व न्यूनतम तापमान 27 .5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## तीन दिन में पोस्टमार्टम हाउस में पहुंचे 17 लावारिस शव

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** जिले में तीन दिनों के भीतर 17 लावारिस शव पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। इन मौतों को भीषण गर्मी के प्रभाव से जोड़कर देखा जा रहा है। मौत के कारणों को जानने के लिए पोस्टमार्टम के लिए यह शव रखे गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति साफ होगी। जिले में सप्ताह भर से पारा 42 डिग्री सेल्सियस के पार चल रहा है। भीषण गर्मी होने के कारण हीट वेव का कहर भी बढ़ गया है। इस दौरान अचानक पोस्टमार्टम हाउस में तीन दिन में 17 अज्ञात शव पहुंच गए तो हलचल मच गई, जिन लोगों ने इसे सुना वह अवाक रह गए। तीन दिन में 17 शव वह भी अज्ञात। सीएमओ डॉ. संजय जैन ने बताया कि यह 17 शव तीन दिन में पहुंचे हैं। 28 से 30 मई के बीच पहुंचे इन शवों का पोस्टमार्टम 72 घंटे बीतने के बाद ही किया जा सकता है। क्योंकि यह अज्ञात हैं इनकी शिनाख्त के लिए 72 घंटे का समय दिया जाता है। अभी तक दो शवों की पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आई है। इसमें आर्ट अटैक की पुष्टि हुई है। वह बताते हैं कि इन तीन दिनों के दौरान कुछ ज्ञात शव भी आए थे, जिनका पोस्टमार्टम हुआ है। नोडल अधिकारी डॉ.वेद प्रकाश से इस संबंध में और जानकारी ली जा सकती है। डॉ. वेद प्रकाश को फोन मिलाया गया तो रिसीव हीं नहीं हुआ।

**चार का किया गया पोस्टमार्टम, दो में मिला हार्ट अटैक का सिम्टम**

लोकसभा चुनाव 2024

# पुरुषों के सापेक्ष महिलाओं का मतदान 2 .30 फीसदी ज्यादा

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के मतदान में महिलाओं ने पुरुषों से औसतन ज्यादा मतदान किया। अब राजनीतिक हलके में महिलाओं के बढ़े मतदान प्रतिशत का निहितार्थ तलाशा जा रहा है। एग्जिट पोल आने के बाद राजनीतिक विश्लेषकों की नजर इधर घूमी। महिलाओं के बढ़े मतदान प्रतिशत को लेकर सपा और भाजपा दोनों में मंथन किया जा रहा है। दोनों ही इसे अपने पक्ष में मानकर चल रहे हैं, लेकिन स्थिति तो चार जून को ही साफ होगी।

चुनाव के दौरान फैजाबाद संसदीय क्षेत्र में भाजपा और सपा में कांटे की टक्कर का अंदाजा रहा है। राम मंदिर, सरकार के विकास कार्य के साथ जातीय सियासत को इसका आधार माना गया। एक जून को मतदान समाप्त होने के बाद एग्जिट पोल आए तो राजनीतिक विश्लेषकों का माथा ठनक गया। पूरे प्रदेश में भाजपा की बढ़त और इंडी गठबंधन के पिछड़ने के सापेक्ष यहां भी पड़े वोटों को लेकर नए सिरे से मंथन शुरू हुआ। अन्य फैक्टरों के साथ बढ़े महिला मतदान प्रतिशत को जीत हार का अहम फैक्टर माना गया।

फैजाबाद संसदीय क्षेत्र में पांच विधानसभा क्षेत्र अयोध्या, बीकापुर, रुदौली, मिल्कीपुर और बाराबंकी का दरियाबाद है। लोकसभा क्षेत्र में मतदान कुल 59.14 फीसदी रहा। इसमें महिलाओं का प्रतिशत 60.34 और पुरुषों का मतदान प्रतिशत 58.04 रहा। महिलाओं का मतदान प्रतिशत पुरुषों से 2.30 फीसदी ज्यादा है। महिलाओं के रुझान और बढ़े मतदान प्रतिशत का परिंणाम पर असर होना तय माना जा रहा है। रुझान और महिलाओं के बढ़े मतदान प्रतिशत को अपने पक्ष में मानने के भाजपा और सपा के अपने तर्क हैं। सपा के लोगों का मानना है कि उनके मुद्दे इस बार पहले से ज्यादा धारदार रहे। संविधान और आरक्षण के साथ भविष्य में मिलने वाले लाभ के पक्ष में ज्यादा महिलाओं ने मतदान किया। भाजपा का मानना है कि मोदी सरकार ने कई योजनाओं में महिलाओं को मालकिन बनाया। चाहे वह आवास हो या फिर शौचालय। तीन तलाक, महिला सशक्तीकरण हो या फिर स्वयं सहायता समूहों से दूसरी योजनाएं। महिलाओं को सुरक्षा के साथ सम्मान तो भाजपा सरकार ने दिया। ऐसे में महिलाओं का रुझान भाजपा की ओर ज्यादा रहा। इसमें जाति आड़े नही आई। भाजपा के लोग प्रदेश में क्लीन स्वीप के पीछे महिलाओं की मतदान में भागीदारी को एक अहम फैक्टर मान रहे हैं। फैजाबाद इसे अछूता नहीं है।

राजनीतिक विश्लेषको का कहना है कि इस चुनाव में महिला और पुरुष मतदाताओं के मतदान का ट्रेड एक नहीं मानना चाहिए। शहर और ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं का रुझान बहुत अलग नहीं रहा। अतीत में भी केवल घोषणाओं के पक्ष में ज्यादा मतदान की संभावना कम दिखी है। महिलाओं के एक वर्ग में राम मंदिर का असर रहा। महिलाएं अब पहले जैसी नहीं रहीं। वह अपने हित और सुविधा पर गौर करती हैं। घर में समझाएं चाहे कुछ भी लेकिन वह स्वयं बिना किसी को बताए चुपचाप मतदान करने लगी हैं। राजनीति पर नजर रखने वाले खुशीराम पांडेय कहते हैं कि महिलाओं का मतदान एकतरफा तो किसी एक दल के पक्ष में नही कहा जा सकता। पुरानी पीढ़ी के नेता राम गोपाल कहते हैं कि मतदान में भी लाभ के पक्ष में महिलाओं का झुकाव ज्यादा होता है।



**एग्जिट पोल के बाद घूमी राजनीतिज्ञ विश्लेषकों की नजर**

### महिला-पुरुषों के मतदान पर एक नजर

| विस | कुल पुरुष | मतदान | कुल महिला | मतदान |
|---|---|---|---|---|
| दरियाबाद | 220526 | 136859 | 198783 | 129872 |
| रुदौली | 190395 | 105242 | 172892 | 105863 |
| मिल्कीपुर | 188871 | 102892 | 174861 | 105454 |
| बीकापुर | 204048 | 119548 | 187762 | 114162 |
| अयोध्या | 202697 | 119659 | 186542 | 100315 |
| कुल योग | 1006537 | 584200 | 920840 | 555666 |

नोट-थर्ड जेंडर के 82 में से 16 ने मताधिकार का प्रयोग किया।

# किस टेबल पर लगेगी ड्यूटी, कर्मी के पहुंचने पर चलेगा पता

## आठ बजे से शुरू होगी मतगणना, सुबह छह बजे मतगणना स्थल पर पहुंचेंगे कार्मिक

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव के मतगणना में लगाए गए ईवीएम कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण रविवार को पं रामनरेश त्रिपाठी सभागार में संपन्न हुआ। वहीं, पोस्टल बैलट की गणना में लगे कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण विकास भवन के प्रेरणा सभागार मे हुआ। प्रशिक्षण के दौरान सीडीओ अंकुर कौशिक ने सभी मतगणना कार्मिकों को बताया कि 4 जून की सुबह आठ बजे से नवीन कृषि मंडी समिति अमहट मतगणना प्रारंभ होगी। किसकी ड्यूटी किस टेबल पर होगी वह मतगणना स्थल पर पहुंचने के बाद ही कार्मिकों को पता चलेगा।

निष्पक्षता को ध्यान में रखते हुए गणना कार्य करने को कार्मिकों को निर्देशित किया। गणना फार्म 17 सी के भाग दो को सही ढंग से भरना है, जिससे मिले प्रत्याशियों के मत व कुल पड़े मतों की गिनती मिलान हों सके। डीडीओ अजय कुमार पांडेय ने सभी कार्मिकों को सुबह छह बजे नवीन कृषि मंडी अमहट पहुंचने का निर्देश दिया। साथ यह भी बताया कि आप किस टेबल पर मतगणना करेंगे पहुंचने पर जानकारी मिलेगी। पहले पोस्टल बैलेट की गिनती होगी, उसके बाद ईवीएम की गिनती शुरू होगी।


मतगणना को लेकर बैठक करते अधिकारी। अमृत विचार

जॉइंट मजिस्ट्रेट वैशाली चोपड़ा ने बताया कि मतगणना निर्वाचन प्रक्रिया का अंतिम चरण होता है। इसलिए मतगणना का कार्य शांति पूर्ण व निष्पक्षता के साथ सम्पन्न करना है। जिला प्रशिक्षण अधिकारी डा संतोष गुप्ता ने बताया कि प्रत्येक विधानसभा में 14-14 गणना टेबल पर ईवीएम से मतगणना का कार्य किया जाएगा। ईवीएम की काउंटिंग की एक टेबल पर एक मतगणना पर्यवेक्षक, एक माइक्रो आब्जर्वर, एक गणना सहायक और एक चतुर्थ श्रेणी कार्मिक होगा। स्टेट मास्टर ट्रेनर सत्यदेव पांडेय ने कन्ट्रोल यूनिट की काउंटिंग की प्रक्रिया को बताया। स्टेट मास्टर ट्रेनर सुनील कुमार सिंह ने कहा कि निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन के क्रम में प्रत्येक विधानसभा की रैंडमली किन्हीं पांच-पांच बूथ के वीवीपैट की पर्चियों की गणना भी की जायेगी। स्टेट मास्टर ट्रेनर संतराम यादव ने प्रारूप 20 और 17 (सी) प्रपत्रो पर विस्तृत चर्चा की। प्रशिक्षण की व्यवस्था देख रहे डा जनार्दन राय ने बताया कि ईवीएम की मतगणना हेतु 380 कार्मिकों को और पोस्टल बैलट की गणना हेतु 52 कार्मिकों को प्रशिक्षित किया गया।

पीपीटी बनाने व चलाने में और अन्य कार्यों में विपिन यादव, वकील अहमद, अनुपम द्विवेदी, मंदीप पांडेय, आसिफ जमाल, मृत्युंजय सिंह, विशेष श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, प्रदीप कुमार, रामतीरथ आदि ने योगदान दिया।

### मतगणना को लेकर भारी वाहनों का रूट डायवर्जन

**सुलतानपुर :** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मतगणना की तैयारी के दृष्टिगत मण्डी समिति सुलतानपुर में चार जूर को को वाराणसी- लखनऊ हाइवे पर भीड़-भाड़ को देखते हुए प्रात: पांच बजे से मतगणना की समाप्ति तक भारी वाहनों का रूट डायवर्जन किया जाएगा। वाराणसी की तरफ से आने वाले समस्त भारी वाहन जिन्हे लखनऊ की तरफ जाना है, कस्बा लम्भुआ से होते हुए चौकिया मोड़ तिराहे से दुर्गापुर होते हुए अमेठी बाईपास से मुंशीगंज चौराहा होकर मुसाफिरखाना से लखनऊ की तरफ जायेगें। लखनऊ से वाराणसी की तरफ जाने वाले समस्त भारी वाहन मुसाफिरखाना से मुंशीगंज चौराहा अमेठी बाईपास से होकर दुर्गापुर से लम्भुआ होते हुए वाराणसी की तरफ जाएंगे। प्रयागराज की तरफ से आने वाले समस्त भारी वाहनो को जिन्हें लखनऊ की तरफ जाना हो पयागीपुर चौराहे से दाहिने मुड़कर बाईपास टाटियानगर होते हुए पूर्वांचल एक्सप्रेसवे होते हुए लखनऊ को जायेगें।

## एक नजर

### युवती के साथ छेड़छाड़ का केस दर्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** गोसाईंगंज थाना क्षेत्र एक गांव निवासी युवती ने युवक के ऊपर छेड़खानी का मुकदमा दर्ज करवाया है। पीड़ित युवती ने आरोप लगाया है कि वह 30 मई शाम को शौच के लिए घर से बाहर गई हुई थी। आरोप है हिमांशु सिंह ने उसके साथ छेड़खानी की। जब उसने इसका विरोध किया तो उसको आरोपित ने मारा पीटा। थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया कि केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

### तमंचा व दो जिंदा कारतूस के साथ वारंटी गिरफ्तार

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** अपराधियों पर नजर रखने व वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए कोतवाली देहात प्रभारी सत्येंद्र कुमार सिंह क्षेत्र में थे। इसी दौरान पुलिस को पखरौली ईंट भट्ठा के पास से एक वारंटी गिरफ्तार करने में सफ़लता मिली। पकड़े गए वारंटी की तलाशी के दौरान उसके पास से एक तमंचा, दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ। वारंटी की शिनाख्त सचिन निवासी पखरौली कोतवाली देहात के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके खिलाफ़ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा है। जहां से जेल भेजने की कार्रवाई की गई।

### विपक्षियों ने युवक को पीटा, मुकदमा दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के हसनपुर टैनी गांव के दीपक वर्मा की विपक्षियों से पुरानी रंजिश थी। आरोप है कि शनिवार की रात लगभग साढ़े आठ बजे दीपक मुडिला डीह बाजार से अपने घर वापस जा रहा था। तभी झगरिया गांव के पास विपक्षियों ने उसे गाली गलौज देते हुए लाठी डंडे से मारा पीटा। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने रविवार को गांव के ही सुहेल खान, आजाद खान, अंगद निषाद, लंबरदार एवं एक अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

# मतगणना स्थल में बिना पास नो एंट्री

संवाददाता, सुलतानपुर

- मतगणना स्थल में प्रवेश के लिए डीएम ने जारी किए दिशा निर्देश

**अमृत विचारः** जिला निर्वाचन अधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना ने चार जून को नवीन मण्डी स्थित मतगणना स्थल के प्रवेश के लिए निर्देश जारी किए हैं। मतगणना स्थल में केवल निर्गत आईडी/पास के आधार पर ही प्रवेश दिया जाएगा।

डीएम ने बताया कि मतगणना स्थल के गेट नं. 1, 2 व 3 पर सघन तलाशी ली जाएगी। मतगणना स्थल के अन्दर मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस तथा अन्य वर्जित सामग्रियों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। गेट नं 1 से मीडियाकर्मी प्रवेश पा सकेंगे। मीडिया कर्मियों को सेण्टर पर ही संचार उपकरण जैसे मोबाइल इत्यादि का प्रयोग अनुमन्य, सेटर से आगे अधिकारियों स्कार्ट के साथ छोटे-छोटे समूहों में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत पास धारी मीडियाकर्मियों को हैंडहेल्ड कैमरा के साथ मतगणना हॉल में निर्धारित सीमा तक ले जाने की व्यवस्था रहेगी। विधानसभा वार पांच ईवीएम मतगणना हॉल बनाए गए हैं। गेट नंबर 2 से 191-कादीपुर विधानसभा के मतगणना अभिकर्ता प्रवेश कर सकते हैं। गेट नंबर 2 से समस्त मतगणना कार्मिक भी प्रवेश करेंगे। गेट नम्बर 1 व 2 से प्रवेश करने वाले समस्त व्यक्तियों के लिए पार्किंग केन्द्रीय विद्यालय अमहट के खेल मैदान में रहेगी। गेट नम्बर 3 से 187-इसौली, 188-सुलतानपुर, 189-सदर तथा 190-लम्भुआ के मतगणना अभिकर्ता प्रवेश कर सकते हैं। गेट नम्बर 3 से प्रवेश करने वाले समस्त व्यक्तियों के लिए पार्किंग गभड़िया से एक किलोमीटर आगे मण्डी तिराहा से बाएं 250 मीटर चलकर मण्डी गेट नम्बर 3 को जाने वाली रोड पर बाएं तरफ बाग में रहेगी। गेट नम्बर 2 व 3 पर पब्लिक कम्युनिकेशन कक्ष स्थापित किए गए हैं, जिनमें व्यक्ति मोबाइल, इलेक्ट्रानिक डिवाइस तथा अन्य वर्जित सामग्रियां जमा करेंगे तथा मोबाइल का प्रयोग इस कक्ष तक ही सीमित होगा। मतगणना अभिकर्ताओं को मतगणना केन्द्र पर अपना फोटो पहचान पत्र, अभ्यर्थी द्वारा उसको दी गई प्रपत्र 18 की प्रति जिसमें अभिकर्ता का नाम व हस्ताक्षर होगा तथा घोषणा अपने पास रखना अनिवार्य होगा।

## मिर्जापुर में चुनाव ड्यूटी के दौरान एसीओ की मौत

**गोसाईंगंज, सुलतानपुर, अमृत विचारः** जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के भिदूरा गांव निवासी उमेश कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व. दुखहरन मिर्जापुर में बतौर सहायक चकबंदी अधिकारी रूप में तैनात थे। लोकसभा चुनाव में इनकी ड्यूटी पीठासीन अधिकारी के रूप में लगी थी। बीते शुक्रवार को ड्यूटी के दौरान उनकी तबीयत अचानक खराब हो गई। अधिकारियों व कर्मचारियों ने इलाज के लिए उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान देर शाम सहायक चकबंदी अधिकारी उमेश श्रीवास्तव (53) की मौत हो गई। सूचना पर पारिवारिक जन मृतक के शव को घर ले आए। शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

# लटक रहे विद्युत तार से युवक की मौत

अखंडनगर, सुलतानपुर


वीरेंद्र दुबे की फाइल फोटो।

**अमृत विचार।** अखंडनगर थाना क्षेत्र के भैरोपुर टिकरी गांव में वीरेंद्र दुबे (43) पुत्र राम अचल दुबे अपने घर से शनिवार की देर शाम भोजन करके अपनी नलकूप पर सोने जा रहे थे। वीरेंद्र नलकूप के पास बिजली के पोल से नीचे लटक रहे तार की चपेट में आ गए। गंभीर रूप से झुलसे वीरेंद्र को परिवार के लोग आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अखंडनगर ले गए। जहां पर डॉक्टरों ने वीरेंद्र को मृत घोषित किया। डॉक्टर की सूचना पर मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष अखंड नगर नारद मुनि सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

पूर्व प्रधान विजय प्रकाश दुबे ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा गांव में लटक रहे विद्युत तार के विषय मे विद्युत उपकेन्द्र अलीपुर को सूचना दी गई थी। विद्युत विभाग द्वारा बताया गया कि तार के टूटने या लटकने की सूचना केंद्र पर नहीं थी। 440 बोल्ट की आपूर्ति होने के कारण विद्युत प्रवाह भी बाधित नहीं हुआ था। पेड़ की टहनी टूटने से विद्युत तार टूटकर जमीन पर गिरा हुआ था। हादसे से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### सड़क दुर्घटना में घायल बुजुर्ग की मौत

**गोसाईंगंज, सुलतानपुर :** कोथरा शोभीपुर निवासी हरिकरन अपनी बहन रानी और भांजा अभी व भांजी आर्या को बाइक से लेकर उनके घर मधुबन पहुंचाने ले जा रहा था। शनिवार दोपहर को वह जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के आयुबपुर चौराहे पर पहुंचा था कि पैदल सड़क पार कर रहे बुजुर्ग से बाइक जा भिड़ी। सड़क पर गिरने से खटवर निवासी रामरुद्र वर्मा (65) व बाइक सवार हरिकरन (38), अभी (11) आर्या (9) घायल हो गए। घायलों को मेडिकल कालेज ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने बुजुर्ग का पैर टूटने से उसे लखनऊ रेफर कर दिया। शनिवार को इलाज के दौरान बुजुर्ग की लखनऊ में मौत गई।

# हीट वेव से निपटने को सीएचसी तैयार

- बढ़ते तापमान व लू से 50 वर्ष से ऊपर के लोग प्रभावित

विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** हीट वेब से हर कोई परेशान है। प्रशासनिक आंकड़ों में अभी किसी की मौत तो नहीं हुई है, लेकिन स्वास्थ्य महकमा पूरी तरह तैयार है। बढ़ते तापमान और लू से ज्यादातर 50 वर्ष की उम्र से ज्यादा के लोग परेशान है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय में अभी तक एक भी हीट वेब के मरीज नहीं आए हैं। अस्पताल में आने वाले मरीजों के लिए ओआरएस कॉर्नर बनाए गए हैं। लू से बचने के लिए विभाग द्वारा दिए गए सूचना पोस्टर को अस्पताल परिसर में लगाया गया है। मरीजों को ओआरएस का घोल पिलाया जाता है। सीएचसी अधीक्षक डा. रमेश कुमार यादव ने बताया कि बल्दीराय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अभी तक हीट वेब के एक भी मरीज नहीं आए है। बाकी गर्मी से परेशान मरीजों के इलाज की समुचित व्यवस्था है। इस संबंध में चिकित्सा संबंधित अधिकारियों के द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन किया जा रहा है।


सीएचसी बल्दीराय में भर्ती मरीज। अमृत विचार

## मामूली बात पर ईंट से वारकर युवक की हत्या

**चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के रामपुर गांव में दो युवकों में मामूली बात को लेकर विवाद हो गया। दबंग छवि के एक युवक ने दूसरे युवक को ईंट से कुचलकर बेरहमी से हत्या कर दी। कोतवाली चांदा अंतर्गत रामपुर गांव के अभी उर्फ सचिन यादव 22 ने पावर हाउस के सामने मंडी के बगल झाड़ियों में दिनेश यादव 30 के सिर पर ईंट से वारकर घायल कर दिया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने दिनेश को सचिन के चंगुल से छुड़ाया। सूचना पर पहुंची चांदा पुलिस ने मौके से जहां सचिन को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं परिजन बुरी तरह घायल दिनेश को सीएचसी प्रतापपुर कमैचा ले गए जहां से चिकित्सकों ने उसे जिला मुख्यालय पर रेफर कर दिया। जिला मुख्यालय पहुंचने से पहले ही दिनेश जीवन की जंग हार गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों एक साथ शराब पी रहे थे। किसी बात पर अभी यादव हमलावर हो गया और ईंट से दिनेश के सिर पर कई बार वारकर हत्या कर दी।

# सीएमओ के फर्जी हस्ताक्षर से जारी हो रहा जन्म प्रमाण पत्र

संवाददाता, सुलतानपुर

- सीएमओ की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया मामला

**अमृत विचारः** डीएम के स्टेनो को साइबर ठगी का शिकार बनाने वाले ठग सीएमओ के हस्ताक्षर भी चुरा लिया है। जिसके द्वारा जिला महिला अस्पताल से फर्जी जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जा रहा है। मामले की जानकारी होने पर सीएमओ ने एसपी से शिकायत की। एसपी के निर्देश पर साइबर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. ओपी चौधरी ने पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा को शिकायती पत्र दिया है। सीएमओ ने बताया कि जिला महिला अस्पताल के नाम से फर्जी जन्म प्रमाण पत्र जारी हो रहा है। जिस पर पूर्व के सीएमओ का हस्ताक्षर भी अंकित है। बार कोड जांच के पर जिला महिला अस्पताल दिखा रहा है। लेकिन लॉगिन करने पर जारी प्रमाण पत्र दिख नही रहा है। सीएमओ ने कहा कि फर्जी हस्ताक्षर बना जिला महिला अस्पताल के नाम से फर्जी जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जा रहा है। साइबर थाना प्रभारी प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

## सार-संक्षेप

### पंचायत भवन से कंप्यूटर व अन्य सामान चोरी


पंचायत भवन में बिखरा पड़ा सामान।

**धम्मौर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** स्थानीय थाना क्षेत्र के उघरपुर गांव के पंचायत भवन का ताला तोड़कर शनिवार की देर रात चारों ने वहां रखे कंप्यूटर सहित कई सामान चुरा लिए और फरार हो गए। रविवार को सुबह पंचायत सहायक ने पंचायत भवन का ताला टूटा देखकर प्रधान को सूचना दी। प्रधान की तहरीर पर पुलिस मौका मुआयना कर जांच में जुट गई। प्रधान राम दुलारे ने बताया कि ग्राम पंचायत कार्यालय में लगा कंप्यूटर, प्रिंटर, बैटरी, इन्वर्टर, सीसीटीवी कैमरा, पंखा तथा स्टेशनरी चोर शनिवार की रात उठा ले गए। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी तरुण कुमार पटेल ने मौका मुआयना किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि प्रधान की तहरीर पर पुलिस जांच में जुटी है।

### कोर्ट के आदेश पर युवक पर दुष्कर्म का केस

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** गोसाईंगंज पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर युवक के ऊपर दुराचार का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस केस की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। युवती ने बताया है कि बीते 30 जनवरी को वह घर पर मौजूद थी। आरोप है उसके विपक्षी युवक ने घर आकर उसको मारपीटा और उसके साथ दुराचार किया। युवती ने न्याय की गुहार लगाते हुए न्यायालय की शरण ली। इस पर कोर्ट ने गोसाईंगंज पुलिस को केस दर्ज कर कार्रवाई का आदेश दिया था। रविवार को पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपित के खिलाफ दुराचार का मुकदमा दर्ज कर लिया। बता दें कि बीते दिसंबर में युवती पक्ष के एक व्यक्ति ने विपक्षी युवक सहित तीन लोगों को चाकू मार कर घायल कर दिया था। इसमें पुलिस ने जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज कर आरोपित को जेल भेजने की कार्रवाई की थी। अब युवती की तरफ से कोर्ट के माध्यम से विपक्षी युवक के ऊपर मारपीट व दुराचार का मुकदमा दर्ज करवाया गया है। थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

### पिकअप की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** दोस्तपुर थाना क्षेत्र के खालिसपुर दुर्गा गांव के पास पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के अंडर पास पर एक तेज रफ्तार पिकप ने बाइक सवार युवक को ठोकर मार दी। दुर्घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने पिकप को आग के हवाले कर दिया। थाना क्षेत्र के खालिसपुर दुर्गा गांव निवासी महंथ सिंह (30) पुत्र रामलखन सिंह घर से निकाल कर बाइक से पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के सर्विस लेन से चौराहे की तरफ जा रहे थे। जैसे ही गांव के अंडरपास पार किया सर्विस लेन से तेज रफ्तार आ रही पिकअप ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में महंथ सिंह की मौके पर मौत हो गई । घटनास्थल से भाग रही पिकअप को ग्रामीणों ने पकड़ लिया और खालिसपुर दुर्गा अंडरपास स्थित चौराहे पर ही पिकअप को आग के हवाले कर दिया। मौके से भाग रहे ड्राइवर को ग्रामीणों ने जमकर पीटा । सूचना पर पहुंची पुलिस ने ड्राइवर को अस्पताल पहुंचाया। वहां उसका इलाज चल रहा है।

### उत्कृष्ट खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** कमला नेहरू प्रौद्योगिकी संस्थान (केएनआईटी) में खेल परिषद के सदस्यों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। संस्थान के निदेशक आरके उपाध्याय और खेल परिषद के संयोजक प्रो . वरुण कुमार के मार्गदर्शन में वॉलीबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन, शतरंज, एथलेटिक्स, कैरम, टेबल टेनिस, बास्केटबॉल और फुटबॉल जैसे विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। खेल सचिव संस्कार गंगवानी और शिवांगी यादव सहित कई छात्र-छात्राओं को उनकी अनुकरणीय योगदान और सफलता के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

### एकादशी पर उतारी गई पारिजात धाम की आरती


पारिजात धाम की आरती करते लोग।

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिला उद्योग केंद्र परिसर स्थित पारिजात धाम पर एकादशी के दिन श्री कल्पवृक्ष पारिजात जी की महाआरती उतारी गई। प्रत्येक एकादशी को महाआरती का आयोजन कल्पवृक्ष सेवा समिति के द्वारा किया जाता है। महाआरती के मुख्य यजमान विनय कुमार सिंह राणा प्रताप पीजी कॉलेज के वरिष्ठ सहायक रहे। भक्तों ने श्रद्धा पूर्वक दीपक जलाकर मंदिर परिसर को जगमग किया और प्रसाद वितरण किया। महाआरती में अंकित श्रीवास्तव, राकेश सिंह दद्दू, दिलीप सिंह, सत्यम चौरसिया, गोकूल, शनि मिश्रा, अशीष, अशुतोष, पूनम, अनिल सिंह, रवि आदि सदस्य सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# विवादित जमीन पर नहीं दफन करने दिया गया शव

कादीपुर, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** नगर पंचायत अध्यक्ष के कड़े विरोध के चलते हाईकोर्ट में विवादित बंजर खाते की भूमि में स्थानीय प्रशासन ने एक समुदाय के लोगों को रविवार को शव नहीं दफनाने दिया। अंत में वे लोग कब्रिस्तान के लिए आवंटित भूमि में शव को दफन किया।

कस्बे में सीएचसी के पीछे बंजर भूमि है। उसी में मरी माई की पूजा को लेकर नवरात्रि के अवसर पर दो समुदाय को लोग आमने सामने हो गए थे। तब से स्थानीय प्रशासन चौकन्ना हो गया है। इसी बीच विशेष समुदाय के लोग कब्रिस्तान बनाने की मांग को लेकर हाईकोर्ट चले गए, लेकिन उन्हें कोई अंतरिम राहत नहीं मिली। रविवार को कस्बे के राजेंद्र नगर मोहल्ले में एक महिला की मृत्यु हो गई। चेयरमैन आनंद जायसवाल ने बंजर खाते की सरकारी भूमि में शव दफन की मांग को ठुकरा दिया और स्थिति से सीओ विनय गौतम को अवगत करा दिया। मामला तहसीलदार मयंक मिश्र और सीओ के सामने गया। लेकिन कोई बात नहीं बनी। प्रशासन ने कहा कि या तो हाईकोर्ट कोई आदेश कर देगा या फिर कब्रिस्तान के लिए भूमि आवंटित है, उसी में शव दफन किया जाय। अंत में प्रशासन के समझाने पर कब्रिस्तान में शव को दफन किया गया।

## मछलियों के शिकार पर 31 अगस्त तक प्रतिबंध

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** नदी में मछली का शिकार करना अब अपराध माना जाएगा। 31 अगस्त तक मछलियों के शिकार पर रोक लगा दी गई है। डीएम ने इस आदेश का पालन करने के लिए मत्स्य विभाग और समस्त उपजिलाधिकारियों को पत्र जारी किया है। डीएम कृत्तिका ज्योत्स्ना ने एक जून से 31 अगस्त तक मछली पकड़ने, नष्ट करने आदि पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देश पर जिले में कड़ा फैसला लिया गया है। रोक के बावजूद कहीं भी उलंघन मिलता है तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि मत्स्य प्रजनन अवधि होने के कारण रोक लगाई गई है।

# गर्मी ने सिखाया सबक, अब लगाएंगे पौधे

- सार्थक इंडिया फाउंडेशन कादीपुर के कार्यकर्ताओं ने की बैठक
- बैठक में बड़ी संख्या में पौधे लगाने पर बनी सहमति

कादीपुर, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** रविवार को सार्थक इंडिया फाउंडेशन कादीपुर के कार्यकर्ताओं की एक बैठक हुई। बैठक में आने वाले समय में पौधारोपण को लेकर विशेष चर्चा की गई। आने वाले समय में बड़ी संख्या में टी गार्ड के साथ पेड़ लगाने पर सहमति बनी।

इस मौके पर एससी श्रीवास्तव ने कहा कि इन भीषण गर्मी से लोगों ने सबक सीख लिया है कि बगैर वृक्ष लगाए आने वाला समय आसान नहीं है। अगर हम आज भी न चेते तो हमारा भविष्य और खराब होगा। इसलिए अब पौधरोपण का अभियान बहुत आवश्यक है। हम समाज के सभी बंधुओं से आग्रह करेंगे कि वह इस अभियान में बढ़ चढ़कर भाग ले और हरा-भरा कादीपुर का जो स्वप्न है उसे साकार करें। श्रीवास्तव ने कहा कि कादीपुर नगर के चारों मार्गों पर टी गार्डन के साथ पौधारोपण किया जाएगा। इसके लिए लोगों की सहमति भी ली जा रही है। इस अवसर पर विजय गिरी, अशोक वर्मा, केदार यादव, मनोज मौर्य, दिलीप मिश्र सहित अनेक लोग मौजूद रहे ।


एक मैरिज लान में आयोजित बैठक में पौधारोपण अभियान पर बनी रणनीति।

**अनदेखी** — दो दशक पहले लाखों की लागत से स्थापित किया गया था देहली ग्राम समूह पेयजल योजना, हाथी का दांत साबित हो रहा ओवरहेड टैंक

# प्रशासनिक उपेक्षा के चलते लाखों की जलापूर्ति योजना ने तोड़ दिया दम

विपिन कुमार, विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** सरकार जल जीवन मिशन के तहत लाखों रुपये खर्च कर गांव-गांव नई जलापूर्ति संसाधन विकसित कर रही है, लेकिन जहां पहले से लाखों खर्च कर जलापूर्ति संसाधन स्थापित है उसके जीर्णोद्धार के लिए कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के देहली बाजार के शुकुलपुर गांव में दो दशक पहले लाखों खर्च कर स्थापित किया गया ओवरहेड टैंक आज सफेद हाथी साबित हो रहा है। यदि इस योजना का जीर्णोद्धार कराकर संचालन कराया जाए तो आधा दर्जन गांवों में जलापूर्ति की समस्या दूर हो जाएगी।

बल्दीराय तहसील क्षेत्र के देहली बाजार के शुकुलपुर गांव में 2001 में देहली ग्राम समूह पेयजल योजना के तहत लाखों रुपये खर्च कर 200 किलोलीटर का ओवरहेड टैंक स्थापित किया गया था। इसकी स्थापना तत्कालीन राज्य मंत्री रहे जय नारायण तिवारी ने कराया था। ओवरहेड टैंक में पानी भरने के लिए नलकूप भी स्थापित हुआ है। पानी की आपूर्ति के लिए देहली बाजार, शुकुलपुर, अतौला, खानजोत व आस पास के क्षेत्रों में वाटर सप्लाई लाइन का विस्तार किया गया। 2005 तक ओवरहेड टैंक का संचालन किया जाता रहा। इससे करीब दो हजार आबादी को निर्बाध जलापूर्ति मिलने लगी थी। इसके बाद अचानक ओवरहेड टैंक का संचालन बंद कर दिया गया। समय बीतने के साथ ओवरहेड टैंक भी जर्जर हो चुका है। यहां से जुड़ी पाइप लाइनें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। परिसर में लगा नलकूप भी बंद पड़ा है। ग्रामीण पेयजल योजना अमेठी जिले के जल निगम के अधीन चल रही है।


निष्प्रयोज्य हुआ ओवर हेड टैंक।


राजदेव पाल राजेंद्र प्रसाद अग्रहरि ननकुनचौहान सत्यदेव पाल

### ग्रामीणों ने कहा कि टंकी चले तो बुझे प्यास

शुकुलपुर निवासी राजदेव पाल ने बताया कि बनने के चार-पांच साल तक पानी मिला। उसके बाद बिल्कुल पूरी तरह बंद हो गई। इसका पुन: जीर्णोद्धार होना चाहिए। पूरे चेत सिंह निवासी ननकुन चौहान ने कहा कि पुन: इसको चालू करवाया जाए। ताकि भीषण गर्मी में गहराई से आने वाला शुद्ध जल ग्रामीणों को मिल सके। देहली निवासी राजेंद्र अग्रहरि ने कहा कि टंकी की पानी से काफी राहत मिलती थी। अब केवल हैंडपंप ही गर्मी में जीने का सहारा है। नहीं तो पानी नहीं मिल सकता। हैंडपंप अगर बंद हो जाए तो तो पानी की बहुत किल्लत होती है। शुकुलपुर निवासी सत्यदेव पाल कहते हैं टंकी बनने के चार-पांच साल तक चली। इसके बाद विभाग संबंधी अब कोई यहां देखने तक नहीं आता। बीडीओ धनपतगंज नीलिमा गुप्ता ने बताया कि इस तरह की कोई योजना उनके संज्ञान में नहीं है। विभागीय अधिकारियों से संपर्क कर पेयजल योजना के संचालन का प्रयास किया जाएगा।

ग्रामीणों को पेयजल के लिए इंडिया मार्का टू हैंडपंप का सहारा लेना पड़ रहा है। क्षेत्र के सत्यदेव पाल, राजेंद्र, राजदेव पाल, ननकुन चौहान ने बताया कि टंकी अगर चले तो करीब दो हजार की आबादी को जलापूर्ति मिल सकती है। गर्मी में ग्रामीणों को ज्यादा परेशानी हो रही है। राज्यमंत्री जय नारायण तिवारी ने 24 वर्ष पहले राजकीय जल निगम के टंकी का निर्माण करवाया गया था। उस समय जय नारायण तिवारी राज्य मंत्री थे। स्थानीय लोगों की मांग पर इस राजकीय जल निगम की टंकी का निर्माण कराया।

## एक नजर

### गांजा के साथ गिरफ्तार

**मुसाफिरखाना, अमेठी, अमृत विचार।** रविवार को थाना मुसाफिरखाना उपनिरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने अभियुक्त जमीर अहमद पुत्र लल्लन निवासी ग्राम करपिया को करपिया तिराहे पास से गिरफ्तार किया गया। तलाशी में 700 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

### निलंबन की भेजी रिपोर्ट

**अमेठी, अमृत विचार।** नशे में धुत होकर कार्यालय में हंगामा करने वाले एक लिपिक के विरुद्ध एआरएम काशी प्रसाद ने आर एम को रिपोर्ट भेजी है। अमेठी डिपो में तैनात लिपिक चंद्र कांत पर कार्यालय में शराब पीकर रोड़ वेज कर्मियों के साथ अभद्रता और हंगामा करने के आरोप है।

### पत्रकार को मातृशोक

**मुसाफिरखाना।** प्रेस क्लब के जिला उपाध्यक्ष विशंभर नाथ तिवारी की माता राम सुमेरी उम्र लगभग 85 वर्ष का शनिवार की शाम देहावसान हो गया। सूचना पर शोक की लहर दौड़ गई। उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए प्रभारी निरीक्षक मुसाफिरखाना विनोद कुमार, विपिन तिवारी, पवन तिवारी हरि प्रसाद यादव प्रदीप तिवारी विजय यादव विजय सिंह आलोक तिवारी हंसराज सिंह प्रदीप सिंह संतोष तिवारी विश्व मणि तिवारी रणदीप सिंह मोनू आदि पहुंचे।

# वातानुकूलित हाल में होगी मतों की गणना

## 100 मीटर परिधि के अंदर बाहरी लोगों का प्रवेश प्रतिबंधित, डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने रविवार को संयुक्त रूप से प्रत्याशियों तथा उनके प्रतिनिधियों के साथ जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में बनाए गए स्ट्रांग रूम के आउटर कार्डन तथा मतगणना को लेकर की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने मतगणना को लेकर की गई समस्त तैयारियों व व्यवस्थाओं के बारे में प्रत्याशियों तथा उनके अभिकर्ताओं को अवगत कराया। सभी विधानसभा क्षेत्रों के मतगणना हाल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा गया।

जिलाधिकारी ने बताया कि गर्मी के दृष्टिगत सभी विधानसभाओं में वातानुकूलित हाल में मतगणना संपन्न कराई जाएगी। इसके लिए सभी हाल में एसी लगवाई गई है, पूरी मतगणना की प्रक्रिया सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में संपन्न कराई जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्रत्याशियों तथा उनके प्रतिनिधियों को बताया कि 37 अमेठी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना 4 जून को प्रातः 8 बजे से प्रारंभ होगी। मतगणना के दिन प्रत्याशियों द्वारा नियुक्त किए गए मतगणना अभिकर्ता अपने साथ प्रारूप 18, आईडी कार्ड, किस टेबल हेतु नियुक्त है के अंकन वाला बैच अनिवार्य रूप से लेकर व लगाकर मतगणना हाल में प्रवेश पा सकेंगे।



मतगणना स्थल का निरीक्षण करते डीएम व एसपी। अमृत विचार

### मतगणना के दृष्टिगत रहेगा यातायात डायवर्जन

**गौरीगंज, अमेठी।** नवोदय विद्यालय में होने वाली मतगणना को लेकर रोड को डायवर्ट किया गया है। गौरीगंज सब्जी मण्डी की तरफ से नवोदय विद्यालय की ओर जाने वाले सभी प्रकार के वाहन पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगें केवल प्रत्याशी, एजेन्ट, मीडिया कर्मी, मतगणना ड्यूटी में लगे अधिकारी व कर्मचारीगण के वाहन स्वराज टैक्टर एजेन्सी के पास बने पार्किंग स्थल तक जायेंगे प्रतापगढ की तरफ से नवोदय विद्यालय की तरफ आने वाले वाहन सैंठा तिराहे से ककवा रोड की तरफ डायवर्ट किये जायेगें। सैंठा की तरफ से आने वाले सभी प्रकार के वाहनों को दुर्गनभवानी मोड़ से काजीपट्टी की तरफ डायवर्ट किया जायेगा। कोई भी प्रत्याशी, एजेन्ट या मतगणना में लगे कर्मी मोबाइल फोन लेकर विद्यालय के अन्दर नहीं जायेंगे।

### 7 बजे तक मिलेगा मतगणना अभिकर्ताओं को प्रवेश

**अमेठी।** अपर जिलाधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पित गुप्ता ने बताया कि मतगणना अभिकर्ता मतगणना दिवस की सुबह 7 बजे तक मतगणना केन्द्र पर प्रवेश कर लेंगें। मतगणना अभिकर्ताओं के लिए विधासभावार अलग-अलग रंगों के पास निर्गत किये गये हैं तथा प्रवेश के समय अपने साथ प्रारुप-18 की प्रति, आईडी यथा आधार कार्ड व अन्य तथा मतगणना अभिकर्ता पहुंचान पत्र अनिवार्य रूप से लायेगें। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय के गेट के बाहर 100 मी0 दूरी पर खाली पड़े मैदान में वाहनों को खड़े किये जाने का स्थान निर्धारित किया गया है।

# टीन शेड के साथ उड़े व्यक्ति की मौत

फुरसतगंज, अमेठी

**अमृत विचार।** रविवार सुबह लगभग 2 बजे आये तेज तूफ़ान में क्षेत्र के सैम्बसी गांव में रहने वाले जाकिर हुसैन व उनकी पत्नी घर के बाहर जानवरों के लिए बने टीन शेड को उड़ने से बचने के लिए उसमें लगे लोहे की पाइप के खम्भों को पकड़ रक्खा था, पर तूफ़ान इतना तेज था की वह दोनों को टीन शेड के साथ उडा ले गया।



जाकिर हुसैन।

पत्नी इकरामुन निशा घर के सामने ही गिर गई। और जोर से चिल्लाई जब बच्चे पास आये तो पत्नी ने कहा अब्बा कहां है। तब बच्चों ने दूर जाकर देखा तो वह भी जमीन पर गिरे हुए थे। इतने में परिजन भी मौके पर पहुंचे और एम्बुलेंस को फोन किया एम्बुलेंस से सीएचसी फुरसतगंज ले जाते समय रास्ते में गिरे पेड़ो को हटा-हटा कर अस्पताल पहुंचने में थोडा विलम्ब भी हुआ। अस्पताल में डाक्टर ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रिफर कर दिया। जहां पहुचने पर डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक दिल्ली में रहकर मजदूरी करता था दो दिन बाद उसका दिल्ली जाने का टिकट भी था। मृतक की तीन बेटी रुखसार, जैस्मिन, तहसीन व एक बेटा साकिर हुसैन है। सभी का रो रो कर बुरा हाल है। मौके पर पहुंच क्षेत्रीय लेखपाल जितेन्द्र यादव ने घटना की जानकारी ली।

### तेज हवा में टूटे बिजली के पोल, विद्युत प्रवाह बाधित

**फुरसतगंज, अमेठी, अमृत विचार।** रविवार सुबह लगभग 2 बजे आये तेज तूफ़ान से विद्दयुत ब्यवस्था चरमरा गई। क्षेत्र स्थित फुरसतगंज विद्दयुत उपकेन्द्र से निकलने वाले फीडर दिघिया, ओदारी, टेकारी, फुरसतगंज को जाने वाली बिद्द्युत लाइनों पर पेड़ गिर जाने के कारण लगभग 35 बिजली के पोल टूट गए है। साथ ही एफडीडीआई चौराहा सहित कई स्थानों पर ट्रांसफार्मर जमीन पर गिर गए है जिसके चलते विद्दयुत आपूर्ति रात से ही पूरी तरह ठप्प है। अवर अभियंता महेश पाण्डेय ने बताया की सुबह से ही सभी कर्मचारी लाइनों को सही करने में लगे है जल्द ही विद्दयुत आपूर्ति चालू की जायेगी।

### समय से पहले बाजार में आया आम खराब न कर दे सेहत

**शुकुल बाजार, अमेठी अमृत विचार।** समय से पहले बाजारों में आम बिकने लगा है। इसे कैल्शियम कार्बाइड से पकाया गया है। इसे खाने से आपकी सेहत बिगाड़ सकती है। फलों के राजा आम के आने में अभी तकरीबन 15 दिन का समय बाकी है। ऐसे में दुकानदारों को कमाई का लालच जिले में कार्बाइड से आम पकाने के धंधे को रफ्तार दे रहा है। बाजारों में बिना मौसम पके आम लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। बागवान और व्यापारियों के अनुसार आम की खरीद बिक्री भी ठीक चल रही है। शुकुल बाजार अधीक्षक डॉ सुधीर वर्मा ने कहा कार्बाइड से पके आम खाने से एलर्जी और पेट की समस्या हो सकती है।

डॉ वर्मा का कहना है कि आम पकने में अभी कम से कम 15 दिन और लगेंगे। सीजन के हिसाब से खीरा तरबूज और खरबूजा खाएं एवम तरल पदार्थ का ज्यादा से ज्यादा सेवन करें।

# अठगवां ने रामरूप शर्मा को चुना अपना नया जेंवार प्रमुख

अमेठी

**अमृत विचार।** सामाजिक संगठन एम डब्ल्यू ओ की सक्रियता एवं पहल पर नाई समाज ने जनपद की परंपरागत पंचायतों में से एक अठगवां बैठक के सभी 50 गांवों के सभी परिवारों की एक आवश्यक मीटिंग एक जून को बुलाई थी। बैठक के लिए तीन सदस्यीय अध्यक्ष मंडल का चुनाव किया गया जिसमें स्वामीनाथ शर्मा निवासी मडेरिका, शीतला प्रसाद शर्मा निवासी लाला का पुरवा एवं रामरूप शर्मा निवासी खण्डहर को सर्वसम्मत से संयुक्त रूप से आज की बैठक के लिए अध्यक्ष चुना गया।

संचालन का दायित्व उदय राज शर्मा को सौंपा गया। बैठक में सर्व सम्मत से नये जेंवार प्रमुख का चुनाव किया तथा चार अन्य उप जेंवार प्रमुखों का भी चुनाव किया। रामरूप शर्मा निवासी ग्राम शहरी को सर्वसम्मत से अठगवां जेंवार का जेंवार प्रमुख चौधरी निर्वाचित किया गया। साथ ही साथ विनोद कुमार शर्मा निवासी ग्राम धरमैतेपुर, सूर्य नरायन शर्मा निवासी ग्राम सरैया मोहन, लाल प्रताप शर्मा निवासी ग्राम दसईपुर तथा राजेश शर्मा निवासी ग्राम पलिया को उप जेंवार प्रमुख, उप चौधरी निर्वाचित किया गया। सर्व सम्मत से यह भी निर्णय लिया गया कि निर्वाचित पांचो लोगों का कार्यकाल 5 वर्ष का रहेगा। 5 वर्ष पश्चात पुनः बैठक कर जनादेश प्राप्त करना होगा। निर्वाचित जेंवार प्रमुख तथा उप जेंवार प्रमुखों ने उपस्थित समाज के समक्ष सत्यनिष्ठा से ईश्वर की शपथ लेकर समाज के सुख-दुख में साथ खड़े रहने तथा समाज की रक्षा-सुरक्षा करते हुए समाज को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# प्रभु के नाम स्मरण में है अपार शक्ति

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** भेटुआ के सेमरा में अजामिल उद्धार, वृत्तासुर की कथा के साथ भक्त प्रह्लाद की कथा प्रसंग को रोचक तथ्यों के साथ कथा व्यास ने सुनाया। कथा में संगीत भजनों से लोग भाव विभोर हो उठे।

रविवार को श्री मद भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास पंडित गंगा सागर तिवारी ने बताया कि अजामिल एक ब्राह्मण था लेकिन वह कुसंग में लीन हो गया था। अंत समय में अजामिल ने भगवान के नाम का स्मरण किया जिससे उसका उद्धार हो गया। व्यास ने बताया कि अजामिल की कथा हम सबको ये सीख देती है कि भगवान नाम के स्मरण में अपार शक्ति है। कथा व्यास ने वृत्तासुर की भी कथा सुनाई। अंत में व्यास ने भक्त प्रहलाद की कथा सुनाते हुए बताया कि प्रहलाद के पिता हिरण्यकशिपु के अनेकों प्रयासों के बाद भी प्रहलाद का बाल भी बांका नहीं हुआ। व्यास ने बताया कि ईश्वर की कृपा मनुष्य पर हो जाने से उसका कोई भी बाल बांका नहीं कर सकता भले ही पूरा समाज उसका विरोधी क्यों न हो जाए। कथा यजमान पंडित बाबू लाल तिवारी एवम राम राज त्रिपाठी ने आए हुए श्रोताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। पंडित अवधेश तिवारी एवम आचार्य अनिल पांडेय ने व्यास पीठ का पूजन यजमान को कराया। इस मौके पर राज बहादुर सिंह, हरी राम पाण्डेय, चंद्रिका प्रसाद मिश्र, जगत नारायण मिश्र, हरि शंकर मिश्र, के साथ बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही।



कथा का रसपान करतें श्रोतागण। अमृत विचार

# बौद्ध विहार के विकास के लिए सदस्यता विस्तार पर जोर



महात्मा बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते लोग। अमृत विचार

संवाददाता अमेठी

अमृत विचार। रविवार को सिरमौर बुद्ध विहार संस्थान सोइया, गंगौली की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बौद्ध विहार के विकास हेतु सदस्यता विस्तार पर जोर दिया गया। 10, जून को सामान्य सभा की बैठक बुलाने का निर्णय लिया गया है। भंते धम्मदीप और भंते प्रज्ञा मित्र की ओर से सामूहिक त्रिसरण पंचशील और पूजा वंदना के बाद बैठक शुरू हुई। सचिव रामफल फौजी ने पिछली कार्यवाही की जानकारी दी। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया।

पूर्व सचिव के पी सविता के प्रस्ताव पर सदस्यता विस्तार और प्रबंध कार्यकारिणी समिति के पुनर्गठन पर चर्चा हुई। सभी सदस्यों ने आमराय से 10जून को सामान्य सभा की बैठक बुलाने का निर्णय लिया गया है। राम चंद्र सरस, संजय कुमार और राम चंद्र बौद्ध को प्रबंध समिति के सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। कोषाध्यक्ष राम टहल बौद्ध ने बताया कि बुद्ध पूर्णिमा का पर्व समाज के सहयोग से आयोजित किया गया। समिति वित्तीय मामलों में फायदे में है। सरप्लस धनराशि को विहार के विकास पर खर्च किया जाएगा। वरिष्ठ सदस्य संजीव भारती ने के पी सविता के सुझावों पर चर्चा कराई। श्री के पी सविता को सर्वसम्मति से प्रबंध कार्यकारिणी समिति का सदस्य नामित किया गया है। बैठक का संचालन संजय कुमार और राम चंद्र ने किया। रामचन्द्र सरस, श्याम कुमार, श्याम लाल, राम प्रताप, ललित कुमार, डा नन्हे लाल, छोटे लाल, बाबू लाल, चैतू राम आदि मौजूद रहे।

# असलहों के बल पर युवक का अपहरण

तिलोई, अमेठी

**अमृत विचार।** थाना जायस क्षेत्र में दिनदहाड़े तमंचे के बल पर कार सवार लोगों द्वारा एक युवक का अपहरण करने की बड़ी वारदात सामने आई है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से अपहृत की मोटर साइकिल को बरामद कर अपहरणकर्ताओं की तलाश शुरू कर दी। करीब दो घण्टे बाद पुलिस ने अपहृत युवक को घटनास्थल से सात किलोमीटर दूर कस्बा शाहमऊ के पास से सकुशल बरामद कर लिया है। अपहरणकर्ता फरार हैं। पुलिस के हाथ उन तक नही पहुंच सके हैं। थाना क्षेत्र के बक्शी गांव निवासी नूर आलम रविवार को बाइक से जायस बाजार की तरफ जा रहा था इसी बीच बड़े पुल के पास पीछे से आ रहे कार सवार लोगों ने असलहे के बल पर नूर आलम का अपहरण कर जायस की तरफ फरार हो गये। मौके पर नूर आलम की बाइक पड़ी रही। घटना के दौरान नूर आलम के चाचा मौके से गुजर रहे थे जिन्होंने पूरी घटना को देखा और पूरे मामले से परिजनों के साथ ही स्थानीय पुलिस को अवगत कराया। दिनदहाड़े युवक के अपहरण की सूचना मिलते ही हड़कम्प मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से अपहृत की मोटरसाइकिल बरामद कर अपहरणकर्ताओं की तलाश शुरू कर दी। घटना के करीब दो घण्टे बाद अपहरणकर्ता नूर आलम को कस्बा शाहमऊ के पास सड़क किनारे फेंक कर फरार हो गये। पुलिस ने अपहृत युवक को सकुशल बरामद कर लिया है। नूर आलम मुर्गी पालन का व्यवसाय करता था जो कि क्षेत्र के मुनव्वर का पुरवा गांव के रहने वाले नदीम से मुर्गी का दाना लिया था इसी बीच उसकी कई मुर्गियां मर गई थी जिस कारण नूर आलम ने दाने का पैसा नदीम को नही दिया। इसी पैसे को लेकर नदीम ने नूर आलम के अपहरण की धमकी दी थी। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी रवि सिंह ने बताया कि नूर आलम और नदीम के बीच पैसे का विवाद चल रहा था दोनो के बीच पैसे के लेनदेन को लेकर आज सुबह नौगाजी चौराहे के पास विवाद भी हुआ था अभी तक तहरीर नहीं मिली है और तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्जकर लिया जायेगा।




लोगों को पीने के लिए लगाया गया स्टाल।

### खोले गए जल सेवा केंद्र

**अमेठी, अमृत विचार।** भीषण गर्मी के मौसम में नागरिकों को शीतल जल उपलब्ध कराने के लिए जल जीवन मिशन का काम कर रही एजेंसियों के सहयोग से जिला मुख्यालय गौरीगंज में जल सेवा केन्द्र खोले गए हैं। अधिशासी अभियंता इंजीनियर वी पी सिंह ने राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की ओर से संचालित नि:शुल्क प्याऊ/जल सेवा केन्द्रों का उद्घाटन किया। बताया कि 5 जून को पर्यावरण दिवस मनाया जायेगा। जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ ग्रहण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।



तालाब में भरवाया गया पानी। अमृत विचार

### तालाब व पोखरों में भरवाया जा रहा पानी

**अमेठी।** भीषण गर्मी को देखते हुए जिलाधिकारी निशा अनंत के निर्देश पर सिंचाई व नलकूप विभाग द्वारा जनपद के अमृत सरोवर, तालाबों एवं पोखरों में पानी भरवाया जा रहा है। इससे जहां एक ओर जानवरों तथा पशु-पक्षियों को पीने हेतु पानी की सुविधा के साथ-साथ उन्हें गर्मी से भी निजात मिलेगी वहीं दूसरी ओर भूगर्भ जल भी संतुलित रहेगा।

## वर्ग पहेली-89

**बाएं से दाएं**

1. 1. दही मथने की बड़ी मथानी 2. (पुराण) मंदर पर्वत 3. अमलतास।
2. 1. एक साथ गिराना या मिलाना, भिड़ंत, टक्कर 2. संपर्क, संसर्ग, समागम 3. वह स्थान जहां एक रेखा दूसरी रेखा से मिलती या उसे काटती हुई बढ़ती है 4. चलना, हटाया जाना 5. संगम, मिलन 6. तलछट, गाद 7. प्रवेश, पहुंच, दखल 8. पक्षियों के उड़ने का तरीका 9. युद्ध का ढंग 10. घटित होना 11. गरुड़ का पुत्र।
4. 1. भ्रम का नष्ट हो जाना, शंका या संदेह का निराकरण 2. तर्क-वितर्क।
7. 1. मथानी 2. कलछी 3. युद्ध 4. प्रतियोगिता।
8. जो मूल पाठ के अनुरूप हो, मूल पाठ से मिलने वाला, पाठानुसार, पाठानुकूल।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. वह स्थान जहां लोग पूजा के लिए जाते हैं, देवालय 2. स्थान 3. (अ-अ.) रहने का घर, मकान, निवास।
2. 1. संकुचित होने या करने की क्रिया या भाव 2. सिकुड़ना।
3. 1. कंकड़
4. 1. कुलीन 2. रईस, उच्चवर्गीय 3. संभ्रांत, संस्कारी, शिष्ट 4. मनोहर, सुंदर 5. उपयुक्त, मान्य।
5. बराबरी की हैसियत वाला, बराबरी का दरजा रखने वाला।
6. टेक या सहारा लगाना।



### वर्ग पहेली -88 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 1 चौ |
| | 2 अ | नु | चि | 3 त | | रा |
| | | | | 4 बा | र | हा |
| | 5 रू | 6 प | भे | द | | |
| 7 ठु | | नि | | 8 ला | उं | 9 ज |
| 10 स | ठि | या | ना | | | लो |
| ना | | ना | | | | ढ़ |

## सुडोकू-2

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 3 | | | 4 | | |
| | 6 | | | | 2 | | 9 | |
| 1 | | 5 | | | 9 | | 8 | |
| 3 | | | 6 | 5 | | | 1 | |
| | | 8 | 1 | | 3 | 7 | | |
| | 4 | | | 9 | 7 | | | 6 |
| | 9 | | 4 | | | 3 | | 7 |
| | 2 | | 9 | | | | 6 | |
| | | 7 | | | 6 | | 5 | |

### सुडोकू -1 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 1 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 9 | 3 |
| 5 | 7 | 9 | 8 | 2 | 3 | 1 | 6 | 4 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 6 | 1 | 7 | 2 | 5 |
| 4 | 6 | 1 | 3 | 7 | 5 | 9 | 8 | 2 |
| 3 | 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 5 | 1 | 7 |
| 7 | 8 | 5 | 1 | 9 | 2 | 4 | 3 | 6 |
| 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 9 | 2 | 7 | 8 |
| 9 | 4 | 7 | 2 | 3 | 8 | 6 | 5 | 1 |
| 6 | 2 | 8 | 5 | 1 | 7 | 3 | 4 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 3 जून सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वादशी 4 जून 00.18 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्विनी 4 जून 00.05 तक तत्पश्चात भरणी।

**मेष** — आज अति धार्मिक होने से भी आपको समस्या हो सकती है। पेट में इंफेक्शन की संभावना बन रही है। आप नई शुरुआत करने को लेकर उत्साहित रहेंगे। सहकर्मियों के प्रति आपके मन में नकारात्मक भाव आएंगे, लेकिन आपको अपनी कमियों पर विचार करना होगा।

**वृष** — आज सामाजिक कार्यों से जुड़े लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। प्रेम संबंधों में कड़वाहट हो सकती है। संतान की सेहत का ध्यान रखें। शत्रु आपको परेशान करने का प्रयास करेंगे।

**मिथुन** — आज शोध कार्यों से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त होगा। व्यवसाय में तरक्की होने से आपका मनोबल बढ़ेगा। धार्मिक क्रियाकलापों में आपकी रुचि बढ़ने वाली है। सामाजिक कार्यक्रमों में आपकी सहभागिता बढ़ेगी।

**कर्क** — आज सॉफ्टवेयर क्षेत्र के व्यवसाय से जुड़े लोगों को निवेशकों के माध्यम से लाभ प्राप्त होगा। पुराने संपर्क का आपको लाभ मिलेगा। आप कई सारे कार्य एक साथ कर पाएंगे। निर्माण कार्यों में आपको अच्छी प्रगति देखने को मिलेगी।

**सिंह** — आज आपकी कठोर भाषा से उच्च अधिकारी नाराज हो सकते हैं। चेहरे पर मुंहासे और दाग जैसी समस्या होने की आशंका है। विवाह आदि कार्यक्रमों को टालना फिलहाल हितकारक होगा। अनावश्यक कारणों से यात्रा होने की संभावना है।

**कन्या** — आज झगड़ा होने की भी संभावना है जिसके दौरान आप कुछ हिंसक भी हो सकते हैं। अपनी मान्यताओं को किसी पर न थोपें। अग्नि से जुड़े उपकरणों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें। आपको काफी सतर्क रहना चाहिए।

**तुला** — आज आप व्यवसाय को लेकर काफी सावधान रहेंगे। लोग आपसे काफी प्रभावित रहने वाले हैं। नई जॉब की शुरुआत कर सकते हैं। नए प्रेम संबंधों के उभरने की संभावना बन रही है। विदेशी भाषा का प्रयोग सीख सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज कार्यक्षेत्र में कुछ बदलाव करने के लिए दिन शुभ है। गुप्त शत्रु आपके विरुद्ध सक्रिय रहेंगे, लेकिन आपका कोई भी अहित नहीं होगा। मौसम में बदलाव के कारण बुखार और सिरदर्द की शिकायत हो सकती है। नए कारोबार की योजना बना सकते हैं।

**धनु** — आज आप अपनी कार्यशैली में बदलाव कर सकते हैं। यद्यपि आपको कार्यालय में कुछ तकनीकी परेशानियों का भी सामना करना पड़ेगा। अंतरिक्ष और जैव-रसायन जैसे क्षेत्रों से जुड़े लोगों के लिए दिन काफी अच्छा रहने वाला है।

**मकर** — आज यदि आप निजी कंपनियों में काम कर रहे हैं तो आपको बॉस के नखरों को सहना पड़ सकता है। परिजनों पर गुस्सा न निकालें। धर्म-कर्म को लेकर अंधविश्वासी न बनें। सरकारी कार्यों में रुकावट के संकेत हैं। आप अपनी योजनाओं को सार्वजनिक न करें।

**कुंभ** — आज जीवनसाथी की बातें आपको कड़वी लग सकती है। बुद्धिमान लोगों के बीच आपका संपर्क बनेगा। स्वजनों की अनदेखी न करें। आप कुछ नया जानने को लेकर उत्सुक हो सकते हैं। फिल्मों और कहानियों के प्रति आपका रुझान बढ़ेगा।

**मीन** — आज नए कारोबार में नुकसान उठाना पड़ सकता है। जल का सेवन पर्याप्त मात्रा में करें। यूरिन संक्रमण जैसी समस्याओं से घिर सकते हैं। आपको सेहत का ध्यान रखना होगा। कड़वी बातों के कारण जीवनसाथी नाराज हो सकता है।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
होते होते प्यार हो गया — सुबह : 10.11
जोश — शाम : 05.22

**&pictures**
कहो न प्यार है — सुबह : 10.40
फुटफेरी — रात : 08.00

**Sony Pix**
जिओस्ट्राम — सुबह : 10.21
2012 — रात : 09.00

**Zee Cinema**
पहेली — सुबह : 11.05
जोड़ी नं.1 — रात : 07.20

**Colors Cineplex**
सूर्या सिंगम 2 — दोपहर : 12.00
द वॉरियर — रात : 08.04

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर सुबह : 10.40 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

गप्पू एक होटल में स्कीम देखी और डिनर करने पहुंचा।
वेटर- सर आपका बिल।
गप्पू- लो कार्ड रख लो।
वेटर-लेकिन सर ये तो आप की शादी का कार्ड है।
गप्पू- तो फिर बहार क्या मजाक में लिख रखा है कि 'ऑल काड्र्स एक्सेप्टेड'...

बब्लू- बेकार ही लोग कहते हैं कि पत्नियां अपनी गलती नहीं मानती है।
डब्लू- अच्छा, तुम्हारी पत्नी क्या कहती है?
बब्लू- कहती है गलती हो गई तुमसे शादी करके।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

मूर्खशिष्योपदेशेन दुष्टास्त्रीभरणेन च।
दु:खितै: सम्प्रयोगेण पण्डितोऽप्यवसीदति॥

मूर्ख शिष्य को पढ़ाने पर, दुष्ट स्त्री के साथ जीवन बिताने पर तथा दुखियों-रोगियों के बीच में रहने पर विद्वान व्यक्ति भी दुखी हो ही जाता है।

## संपादकीय

# उत्साहजनक वृद्धि

किसी भी देश की उन्नति व समृद्धि के लिए मजबूत अर्थतंत्र का होना बहुत आवश्यक है। एक स्वस्थ अर्थव्यवस्था से ही हम देश की सुरक्षा और मूलभूत आवश्यकताओं को पूर्ण कर सकते हैं। लोकसभा चुनाव के नतीजों से पहले भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक खबर आई है। वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही यानी जनवरी-मार्च 2024 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) ग्रोथ 7.8 फीसदी रही है। वहीं पिछले साल की समान तिमाही में जीडीपी ग्रोथ 6.1 फीसदी रही थी। इसके अलावा वित्त वर्ष 2023-24 में जीडीपी ग्रोथ 8.2 फीसदी रही है। जीडीपी के यह आंकड़े अनुमानों से कहीं बेहतर रहे हैं। वहीं वित्त वर्ष 2023-24 में चीन की जीडीपी लगभग 4.5 फीसदी के आसपास रही है। चीन की आर्थिक वृद्धि दर जनवरी-मार्च तिमाही में 5.3 फीसदी रही है। यह आंकड़ा सभी अनुमानों एवं पूर्वानुमानों से ऊपर है। गौरतलब है कि यह वृद्धि दर एनएसओ द्वारा 2023-24 के लिए 7.6 प्रतिशत और आरबीआई द्वारा अनुमानित 7 प्रतिशत के अनुमान से अधिक है। जीडीपी की शिखर की ओर बढ़ने की गति भारत के शक्तिशाली बनने का आधार है। वहीं वित्त वर्ष 2023-24 में चीन की जीडीपी लगभग 4.5 फीसदी के आसपास रही है। चीन की आर्थिक वृद्धि दर जनवरी-मार्च तिमाही में 5.3 फीसदी रही है। कोरोना काल के बाद से चीन की अर्थव्यवस्था में उथल पुथल है। चीनी अर्थव्यवस्था गिरते जीडीपी से जूझ रहा है। हालांकि हाल ही में आईएमएफ ने 2024 के लिए चीन की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान को पहले के 4.6 फीसदी से बढ़ाकर 5 फीसदी कर दिया है। आईएमएफ ने आगाह किया है कि 2029 तक यह घटकर 3.3 फीसदी रह जाएगी। यह संतोष का विषय है कि भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था है।

'इंडियन इकोनॉमी-ए रिव्यू' में यह उम्मीद जताई गई है कि भारत 2027 तक 5 ट्रिलियन डॉलर और 2030 तक 7 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बन जाएगा। जीडीपी के उत्साह जनक आंकड़े आने के बाद अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर एक और अच्छी खबर आई है। देश का सकल जीएसटी संग्रह मई में 10 प्रतिशत बढ़कर 1.73 लाख करोड़ रुपये हो गया। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि यह वृद्धि घरेलू लेन-देन से राजस्व में वृद्धि के कारण हुई है। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह अप्रैल, 2024 में 2.10 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। मंत्रालय ने बयान में कहा, "मई, 2024 में सकल जीएसटी संग्रह 1.73 लाख करोड़ रुपये रहा है।" सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की यह गति इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल और सामाजिक विकास की दृष्टि से देश को आत्मनिर्भर बनाने की रफ्तार को भी गति देगी। साथ ही आर्थिक विकास देश को न केवल विकसित देशों में, बल्कि इसकी अर्थव्यवस्था को विश्व स्तर पर तीसरे स्थान दिलाने के संकल्प को बल देने में सहायक बनेगा।

# कन्याकुमारी में साधना से निकले नये संकल्प


नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री

कन्याकुमारी का ये स्थान हमेशा से मेरे मन के अत्यंत करीब रहा है। कन्याकुमारी में विवेकानंद शिला स्मारक का निर्माण श्री एकनाथ रानडे जी ने करवाया था। एकनाथ जी के साथ मुझे काफी भ्रमण करने का मौका मिला था। इस स्मारक के निर्माण के दौरान कन्याकुमारी में कुछ समय रहना, वहां आना-जाना, स्वभाविक रूप से होता था।

मेरे प्यारे देशवासियों, लोकतंत्र की जननी में लोकतंत्र के सबसे बड़े महापर्व का एक पड़ाव 1 जून को पूरा हो गया है। तीन दिन तक कन्याकुमारी में आध्यात्मिक यात्रा के बाद, मैं एक असीम ऊर्जा का प्रवाह स्वयं में महसूस कर रहा हूं। वाकई, 24 के इस चुनाव में, कितने ही सुखद संयोग बने हैं। अमृतकाल के इस प्रथम लोकसभा चुनाव में मैंने प्रचार अभियान 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणास्थली मेरठ से शुरू किया। मां भारती की परिक्रमा करते हुए इस चुनाव की मेरी आखिरी सभा पंजाब के होशियारपुर में हुई। संत रविदास जी की तपोभूमि, हमारे गुरुओं की भूमि पंजाब में आखिरी सभा होने का सौभाग्य भी बहुत विशेष है। इसके बाद मुझे कन्याकुमारी में भारत माता के चरणों में बैठने का अवसर मिला। उन शुरुआती पलों में चुनाव का कोलाहल मन-मस्तिष्क में गूंज रहा था। रैलियों में, रोड शो में देखे हुए अनगिनत चेहरे मेरी आंखों के सामने आ रहे थे। माताओं-बहनों-बेटियों के असीम प्रेम का वो ज्वार, उनका आशीर्वाद, उनकी आंखों में मेरे लिए वो विश्वास, वो दुलार, मैं सब कुछ आत्मसात कर रहा था। मेरी आंखें नम हो रही थीं, मैं शून्यता में जा रहा था, साधना में प्रवेश कर रहा था। कुछ ही क्षणों में राजनीतिक वाद विवाद, वार-पलटवार, आरोपों के स्वर और शब्द, वह सब अपने आप शून्य में समाते चले गए। मेरे मन में विरक्ति का भाव और तीव्र हो गया। मेरा मन बाह्य जगत से पूरी तरह अलिप्त हो गया। इतने बड़े दायित्वों के बीच ऐसी साधना कठिन होती है, लेकिन कन्याकुमारी की भूमि और स्वामी विवेकानंद की प्रेरणा ने इसे सहज बना दिया। मैं सांसद के तौर पर अपना चुनाव भी अपनी काशी के मतदाताओं के चरणों में छोड़कर यहां आया था। मैं ईश्वर का भी आभारी हूं कि उन्होंने मुझे जन्म से ये संस्कार दिये। मैं ये भी सोच रहा था कि स्वामी विवेकानंद जी ने उस स्थान पर साधना के समय क्या अनुभव किया होगा! मेरी साधना का कुछ हिस्सा इसी तरह के विचार प्रवाह में बहा। इस विरक्ति के बीच, शांति और नीरवता के बीच, मेरे मन में निरंतर भारत के उज्जवल भविष्य के लिए, भारत के लक्ष्यों के लिए निरंतर विचार उमड़ रहे थे। कन्याकुमारी के उगते हुए सूर्य ने मेरे विचारों को नई ऊंचाई दी, सागर की विशालता ने मेरे विचारों को विस्तार दिया और क्षितिज के विस्तार ने ब्रह्मांड की गहराई में समाई एकात्मकता, एकता का निरंतर एहसास कराया। ऐसा लग रहा था जैसे दशकों पहले हिमालय की गोद में किए गए चिंतन और अनुभव पुनर्जीवित हो रहे हों।

कन्याकुमारी का ये स्थान हमेशा से मेरे मन के अत्यंत करीब रहा है। कन्याकुमारी में विवेकानंद शिला स्मारक का निर्माण श्री एकनाथ रानडे जी ने करवाया था। एकनाथ जी के साथ मुझे काफी भ्रमण करने का मौका मिला था। इस स्मारक के निर्माण के दौरान कन्याकुमारी में कुछ समय रहना, वहां आना-जाना, स्वभाविक रूप से होता था। कश्मीर से कन्याकुमारी ये हर देशवासी के अन्तर्मन में रची-बसी हमारी साझी पहचान हैं। ये वो शक्तिपीठ है जहां मां शक्ति ने कन्याकुमारी के रूप में अवतार लिया था। इस दक्षिणी छोर पर मां शक्ति ने उन भगवान शिव के लिए तपस्या और प्रतीक्षा की जो भारत के सबसे उत्तरी छोर के हिमालय पर विराज रहे थे। कन्याकुमारी संगमों के संगम की धरती है। हमारे देश की पवित्र नदियां अलग-अलग समुद्रों में जाकर मिलती हैं और यहां उन समुद्रों का संगम होता है। और यहां एक और महान संगम दिखता है-भारत का वैचारिक संगम! यहां विवेकानंद शिला स्मारक के साथ ही संत तिरुवल्लूवर की विशाल प्रतिमा, गांधी मंडपम और कामराजर मणि मंडपम हैं। महान नायकों के विचारों की ये धाराएं यहां राष्ट्र चिंतन का संगम बनाती हैं। इससे राष्ट्र निर्माण की महान प्रेरणाओं का उदय होता है। जो लोग भारत के राष्ट्र होने और देश की एकता पर संदेह करते हैं, उन्हें कन्याकुमारी की ये धरती एकता का अमिट संदेश देती है। कन्याकुमारी में संत तिरुवल्लूवर की विशाल प्रतिमा, समंदर से मां भारती के विस्तार को देखती हुई प्रतीत होती है। उनकी रचना 'तिरुक्कुरल' तमिल साहित्य के रत्नों से जड़ित एक मुकुट के जैसी है। इसमें जीवन के हर पक्ष का वर्णन है, जो हमें स्वयं और राष्ट्र के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने की प्रेरणा देता है। ऐसी महान विभूति को श्रद्धांजलि अर्पित करना भी मेरा परम सौभाग्य रहा। भारत के कल्याण से विश्व का कल्याण, भारत की प्रगति से विश्व की प्रगति, इसका एक बड़ा उदाहरण हमारी आज़ादी का आंदोलन भी है। 15 अगस्त 1947 को भारत स्वतंत्र हुआ। उस समय दुनिया के कई देश गुलामी में थे। भारत की स्वतंत्रता से उन देशों को भी प्रेरणा और बल मिला, उन्होंने आजादी प्राप्त की। अभी कोरोना के कठिन कालखंड का उदाहरण भी हमारे सामने है। जब गरीब और विकासशील देशों को लेकर आशंकाएं व्यक्त की जा रही थीं, लेकिन भारत के सफल प्रयासों से तमाम देशों को हौसला भी मिला और सहयोग भी मिला। आज भारत का गवर्नेंस मॉडल दुनिया के कई देशों के लिए एक उदाहरण बना है। सिर्फ 10 वर्षों में 25 करोड़ लोगों का गरीबी से बाहर निकलना अभूतपूर्व है। प्रो-पीपल गुड गवर्नेंस, एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट, एस्पिरेशनल ब्लॉक जैसे अभिनव प्रयोग की आज विश्व में चर्चा हो रही है।

भारत का डिजिटल इंडिया अभियान आज पूरे विश्व के लिए एक उदाहरण है कि हम कैसे टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल गरीबों को सशक्त करने में, पारदर्शिता लाने में, उनके अधिकार दिलाने में कर सकते हैं। भारत में सस्ता डेटा आज सूचना और सेवाओं तक गरीब की पहुंच सुनिश्चित करके सामाजिक समानता का माध्यम बन रहा है। पूरा विश्व टेक्नोलॉजी लोकतंत्रीकरण को एक शोध दृष्टि से देख रहा है और बड़ी वैश्विक संस्थाएं कई देशों को हमारे मॉडल से सीखने की सलाह दे रही हैं। साथियों, नए भारत का ये स्वरूप हमें गर्व और गौरव से भर देता है, लेकिन, साथ ही ये 140 करोड़ देशवासियों को उनके कर्तव्यों का अहसास भी करवाता है। अब एक भी पल गंवाए बिना हमें बड़े दायित्वों और बड़े लक्ष्यों की दिशा में कदम उठाने होंगे। हमें नए स्वप्न देखने हैं। अपने सपनों को अपना जीवन बनाना है, और उन सपनों को जीना शुरू करना है। हमें भारत की शक्तियों को स्वीकार भी करना होगा, उन्हें पुष्ट भी करना होगा और विश्व हित में उनका सम्पूर्ण उपयोग भी करना होगा। आज की वैश्विक परिस्थितियों में युवा राष्ट्र के रूप में भारत का सामर्थ्य हमारे लिए एक ऐसा सुखद संयोग और सुअवसर है जहां से हमें पीछे मुड़कर नहीं देखना है। 21वीं सदी की दुनिया आज भारत की ओर बहुत आशाओं से देख रही है और वैश्विक परिदृश्य में आगे बढ़ने के लिए हमें कई बदलाव भी करने होंगे। हमें रिफॉर्म को लेकर हमारी पारंपरिक सोच को भी बदलना होगा। भारत रिफॉर्म को केवल आर्थिक बदलावों तक सीमित नहीं रख सकता है। हमें जीवन में हर क्षेत्र में रिफॉर्म की दिशा में आगे बढ़ना होगा। हमारे रिफॉर्म 2047 के विकसित भारत के संकल्प के अनुरूप भी होने चाहिए।

हमें हर पल इस बात पर गर्व होना चाहिए कि ईश्वर ने हमें भारत भूमि में जन्म दिया है। ईश्वर ने हमें भारत की सेवा और इसकी शिखर यात्रा में हमारी भूमिका निभाने के लिए चुना है। हमें प्राचीन मूल्यों को आधुनिक स्वरूप में अपनाते हुए अपनी विरासत को आधुनिक ढंग से पुनर्परिभाषित करना होगा। भारत की अनंत और अमर शक्ति के प्रति मेरी आस्था, श्रद्धा और विश्वास भी दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। मैंने पिछले 10 वर्षों में भारत के इस सामर्थ्य को और ज्यादा बढ़ते देखा है और ज्यादा अनुभव किया है। जिस तरह हमने 20वीं सदी के चौथे-पांचवे दशक को अपनी आज़ादी के लिए प्रयोग किया, उसी तरह 21वीं सदी के इन 25 वर्षों में हमें विकसित भारत की नींव रखनी है। स्वतंत्रता संग्राम के समय देशवासियों के सामने बलिदान का समय था। आज बलिदान का नहीं निरंतर योगदान का समय है। स्वामी विवेकानंद ने 1897 में कहा था कि हमें अगले 50 वर्ष केवल और केवल राष्ट्र के लिए समर्पित करने होंगे। उनके इस आह्वान के ठीक 50 वर्ष बाद, 1947 में भारत आज़ाद हो गया। आज हमारे पास वैसा ही स्वर्णिम अवसर है। हम अगले 25 वर्ष केवल और केवल राष्ट्र के लिए समर्पित करें। हमारे ये प्रयास आने वाली पीढ़ियों और आने वाली शताब्दियों के लिए नए भारत की सुदृढ़ नींव बनकर अमर रहेंगे। मैं देश की ऊर्जा को देखकर ये कह सकता हूं कि लक्ष्य अब दूर नहीं है। आइए, तेज कदमों से चलें...मिलकर चलें, भारत को विकसित बनाएं।

## प्रसंगवश

# शहर सत्ता के केंद्र

शहर सत्ता के केंद्र हैं। जितना बड़ा शहर, उतनी ही अधिक उसकी हैसियत। राजनीतिक सत्ता का केंद्र दिल्ली, तो आर्थिक सत्ता का मुंबई। फिर इनके नीचे के शहर और उनके भी नीचे के, फिर और भी नीचे होते होते अंचल के कस्बाई शहर। ये सब मिलकर गावों का दोहन करते हैं जिसके लिए ऊपर से नीचे तक बाजार का, दलाली का और शोषण का सिस्टम कायम है।


राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

बाजार ने शहरों के माध्यम से मध्यकाल का सामंती तंत्र खड़ा कर लिया है। जीवन की सारी सुविधाएं- सड़क, मकान, मनोरंजन, पढ़ाई, दवाई, कमाई आदि सभी बड़े शहरों में है। कभी भारत के गांव आर्थिक रूप आत्मनिर्भर होते थे। केंद्रीय सत्ता के परिवर्तन से उन पर कोई असर नहीं पड़ता था। उनका काम सिर्फ टैक्स देना था, लेकिन अब बात बदल चुकी है बाजार के आगमन ने सारे हिंदुस्तान को ऊपर से नीचे तक एक जाल में आबद्ध कर दिया है। अब मुंबई या दिल्ली को जाड़ा लगता है तो सारा हिंदुस्तान कंपकंपी का शिकार हो जाता है। "कोऊ नृप होहि हमहि का हानी" वाली बात अब बीते दिन की बात हुई। शहरों की इस सत्ता और अमीरी ने इनमें बीच भांति-भांति के लोगों को जन्म दिया है। दिल्ली के दिलशाद गार्डन के एक पार्क में सुबह टहलते हुए तरह तरह के नजारे दिखे। औरत-मर्द पूरी गति में टहलते मिले, तो एक कोने में व्यायाम करते भी। एक जगह योग कक्षा चल रही थी तो एक जगह लाठी चालन शाखा भी थी। दिल्ली जैसे शहरों में पुरुष और औरत लगभग समकक्ष स्थान रखते हैं। सिर्फ लाठी चालन शाखा को छोड़कर अन्य सारे जगहों पर औरत मर्द समान रूप से मौजूद थे।

दिल्ली में बहुत गर्मी है। पर यह कहने से क्या होगा? अब गांवों में गर्मी क्या कम है? गांवों के लगभग सारे बाग-बगीचे समाप्त हो गए। ताल तलैया पोखर भी खत्म। पहले कुंआ खोदने पर दस फीट पर ही पानी निकल आता था, अब सौ फीट बोरिंग कराना पड़ रहा है। जिस तरह से जंगल काटे गए हैं और बाग-बगीचे खत्म हुए है, आने वाले दिनों में गर्मी का और ज्यादा विकराल रूप देखने को मिलने वाला है। सो भयानक गर्मी हो या प्रचंड ठंड, बड़े शहर से भागकर कोई कहां जाएगा। विगत पांच सौ वर्षों में क्या-क्या गुल खिलाएगी, देखना बाकी है।

# भारतीय संस्कृति की पीड़ाः अपने ही घर में किरायेदार


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

इन बातों से ये लोग भारतीय मिथकशास्त्र का उपहास ही करते हैं। मिथक केवल भारत की ही संपदा नहीं है, मिथक समूचे विश्व में हैं।

डॉ. सुनीति कुमार चाटुर्ज्या ने संस्कृति के वर्तमान अर्थ के लिए पुराने 'कृष्टि' शब्द का प्रयोग किया, जो एक तरह से 'कल्चर' का ध्वन्यात्मक दृष्टि से संवादी शब्द है। इस 'कृष्टि' शब्द का अर्थ खेती के विविध प्रकारों-बागवानी, रेशम के कीड़ों का पालन आदि अर्थों में विस्तृत हुआ। साथ ही किसी भी पदार्थ को संशोधित करके उसके स्वरूप को उत्तम बनाने के अर्थ में परिवर्धित हुआ।

इन सभी अर्थों का आधान 'संस्कृति' शब्द में करके इसे मनुष्य की सर्जनात्मक ऊर्जा के अनुसंधान के अर्थ में किया जाता है। संस्कृति इसीलिए एक सिद्ध पदार्थ नहीं है, बना-बनाया या पका-पकाया पदार्थ नहीं है। यह साध्य है, निरंतर कुछ-से-कुछ बन रहा पदार्थ है। यह निष्पन्न न होकर निष्पाद्य है। अपने को नए-नए रूप में उत्पन्न करने का भाव है। यह उसके सहज स्वभाव को ऊपर लाना है। भारतीय संस्कृति की पीड़ा वे नहीं समझ सकेंगे। भारतीय संस्कृति की पीड़ा है कि हम आज अपने ही घर में किराएदार बन गए हैं। बाजारवादी संस्कृति ने भारत और इंडिया के बीच गहरी रेखा खींच दी है। डाक्टर कपिलाजी ने मुझे एक पत्र में लिखा था कि "आज आधुनिक सभ्यता ने जो दिशा ली है, उसमें आत्मा का देह से संबंध विच्छिन्न हो गया है।"

जीवन का सरोकार देह तक सीमित कर देना मनुष्यता को सीमित कर देने जैसा है। दिन-रात असंख्य चैनल चल रहे हैं और हमें समझा रहे हैं कि देह ही मनुष्य जीवन का अंतिम सत्य है। देहसुख बाजार का सौदा है, उसे खरीदना जीवन का पुरुषार्थ है। इस सभ्यता के लिए धनवान मनुष्य कंज्यूमर है और सारी प्राकृतिक संपदा तथा निर्धन मनुष्य कच्चा माल है। ऐसे परिवेश में भारत के लोकजीवन की अतीन्द्रिय अवधारणाओं की पहचान कठिन हो गई है। मनुष्य और मनुष्यता की ही पहचान कौन कर रहा है? भारत की लोक संस्कृति पर हमला उस जमाने में भारत की लोक संस्कृति पर हमला हुआ था, तब मंदिर तोड़े गए थे, मूर्तियां तोड़ी गयी थीं, जजिया कर लगाया गया था, किंतु भारत की जीवन पद्धति ने भारत के जीवन दर्शन ने हार नहीं मानी।

हमारी परिवार संस्था बनी रही। मनुष्य और मनुष्य का रागात्मक संबंध बना रहा, मनुष्य और प्रकृति के बीच पारंपरिक संबंध कायम रहा। गंगा और यमुना की धार अविरल बहती रही। आज जब पश्चिम की बयार बह रही है, भारत की जीवन पद्धति और भारत के जीवन दर्शन पर आक्रमण हो रहा है। हम टुकुर-टुकुर देख रहे हैं कि इस पछैयां-ब्यार में सब कुछ उड़ा जा रहा है, जीवन पद्धति भी, जीवन दर्शन भी। भाषा भी, कला भी, संगीत भी। पश्चिमाक्रांत दृष्टिकोण पुराण प्रसंगों में आने वाले मोटिव्स या अभिप्रायों को लेकर कुछ नेता बहुत अधिक उत्साहित रहते हैं। हमारे यहां इंटरनेट था, हमारे यहां टेस्टट्यूब था, हमारे यहां सर्जरी थी और न जाने क्या-क्या था। हमारे यहां एटमबम था, हमारे यहां हवाई जहाज था उन्हें कौन खा गया? ऐसी ऐसी हास्यास्पद बातें करके ये अपने बुद्धिबल (आग्रह) का परिचय दे देते हैं। आचार्य वासुदेव शरण अग्रवाल ने इस प्रवृत्ति को पश्चिमाक्रांत दृष्टिकोण माना था। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में रेल, तार, हवाई जहाज आदि के नाम और रचनाविधि को ढूंढना अनावश्यक तो है ही, पश्चिमाक्रांत प्रवृत्ति का द्योतक भी है।

इन बातों से ये लोग भारतीय मिथकशास्त्र का उपहास ही करते हैं। मिथक केवल भारत की ही संपदा नहीं हैं, मिथक समूचे विश्व में हैं। मिथकशास्त्र आज एक अनुशासन का रूप ग्रहण कर चुका है। हम इस मामले में भी पीछे हैं। हम अपने पुराणों की अभिप्राय अनुक्रमणिका अभी तक नहीं बना सके। सीता का धरती से जन्म लेना, धरती में समा जाना, यज्ञ का फल खाकर दशरथ की रानियों के गर्भ होना, रावण के दस सिर होना, नाभि में अमृतकुंड, पसीने की बूंद, कान के मैल, अग्निकुंड, घट, फल आदि से जन्म होना, कुंड में नहाने से स्त्री का पुरुष बन जाना, वृद्ध का युवा बन जाना, अक्षय पात्र होना। अगस्त्यमुनि का समुद्र का आचमन कर जाना, कल्पवृक्ष, शाप-वरदान जैसी परिकल्पना। ये मोटिफ हैं। मिथकशास्त्र की। हम अध्ययन अनुसंधान की पद्धति का विकास नहीं कर सके। इन लोगों की समझ में यह बात नहीं आ पाती कि अवश्य ही मिथक इतिहास की रचना है, लेकिन मिथक इतिहास नहीं है। भारतीय संस्कृति में आत्मा की अवधारणा आधारभूत है, भारतीय संस्कृति में मनुष्य की प्रतिष्ठा है।

## सोशल फोरम

# हम न भूलेंगे

कई साल पहले की बात है। एक आर्थिक परेशानी आन पड़ी। एक नामी फाइनेंस कंपनी में समय से पूर्व एफडी तुड़ाने पहुंचे। वहां एक सज्जन से बात हुई। उन्होंने एक काउंटर की ओर इशारा किया, वहां अर्जी लिख दें। दो-चार दिन बाद मिल पाएंगे पैसे।

हमने अर्जी लिखकर काउंटर की तरफ बढ़े। वहां देखा, एक लड़की बैठी थी। बहुत सुंदर तो नहीं, लेकिन चेहरे पर शरारत और स्मार्टनेस। हमने समझा रिसेप्शनिस्ट है। अर्जी पकड़ा कर हम वापस जाने के लिए मुड़े ही थे कि उसने बैठने का इशारा किया और उसने खुद को पीछे ठेला। वो रिवॉल्विंग चेयर पर थी। ऐसी चेयर उन दिनों हमारे बत्ती विभाग में बड़े अफसरों के पास ही हुआ करती थीं। फिर वो उठी और गायब हो गई। पांच मिनट बाद वो फिर प्रकट हुई। फिर रिवॉल्विंग चेयर पर धम्म से बैठ गई। अगले पांच मिनट तक हम उसे उसी चेयर इधर से उधर लुढ़कते यानी स्किट करते हुए देखते रहे। कोई संपेरनी जैसी नाच रही हो। हैरान थे हम कि यह कर क्या रही है? फिर वो हमारी और मुखातिब हुई। एक जुंबिश ली उसने और स्किट करती हुई हमारे करीब आ गई। उसने हमें एक कागज पकड़ाया। हमने उस कागज को देखा। हमारी आंखें फटी रह गईं। वो चेक था। कुछ पल तक हम दूसरी दुनिया में रहे। उसने चुटकी बजाई, ओ हेल्लो। हम धरती पर वापस आए। इतनी जल्दी काम हो गया? कल्पना से परे। वो कह रही थी, इस स्लिप पर सिग्नेचर कर दीजिए, रिसीविंग के। हमने उसे थैंक्यू बोला तो वो मुस्कुरा दी।


वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

गजब की मुस्कान थी। मानो कह रही थी, इन दरो-दीवारों को गौर से देख लीजिए, इस अंजुमन में आपको आना है बार-बार। हमारा उठने का मन नहीं था, लेकिन ओवरआल हम शरीफ आदमी थे। लोक-लाज भी निभानी थी और यह बात भी हमारे दिमाग में थी कि ऑफिस में हमारा स्टेटस ऑफिसर का है। हम जमीन पर पैर दबाकर रखे ताकि ऐसा न हो कि चिकने फर्श पर गिर जाएं और हंसी का पात्र बनें। वो दिन है आज का, हम आज भी उस फाइनेंस कंपनी में जाते रहते हैं, कभी एफडी भुनाने तो कभी बनवाने। मगर वो लड़की वहां नहीं मिलती है। सोचता हूं, अब तो बाल-बच्चों वाली होगी।

- फेसबुक वॉल से

# चीन के जे-20 स्टील्थ फाइटर प्लेन्स का भारतीय जवाब


रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

22 दिसंबर 2010 को पहले जे-20 प्रोटोटाइप ने चेंगदू एयरक्राफ्ट डिजाइन इंस्टीट्यूट (सीएडीआई) के बाहर उच्च गति टैक्सीगि परीक्षण किया। तीन महीने बाद, पहला जे-20 प्रोटोटाइप बनाया गया। इसके बाद से अब तक चीन ऐसे जहाजों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी कर रहा है। या जहाज किसी भी देश को नहीं दिए जाते। चीन के सिचुआन प्रोविंस में स्थित चेंग-दू एयरोस्पेस टेक्नोलॉजी प्लांट में हर साल करीब 18-20 उक्त अदृश्य जहाज बनाने की क्षमता है।

हम यहां इस बात पर लड़ रहे हैं कि अगली सरकार किसकी बनती है और उधर चीन ने सिक्किम से 200 किलोमीटर दूर अपने एयरफोर्स फेस पर जे-20 स्टील्थ फाइटर एयरक्राफ्ट तैनात कर दिए हैं। जे-20 नीची उड़ान भर सकते हैं और इन पर एक खास कोटिंग होने की वजह से ये रडार की पकड़ में भी नहीं आते। हिमालय की टोपोग्राफी ऐसी है कि घाटी में ये जहाज नीची उड़ान भरकर भारत के भीतर 1000-1200 किलोमीटर भीतर तक घुस सकते हैं। चीन के पास 250 के करीब ऐसे जहाज हैं।

ऐसा एक फाइटर प्लेन बनाने पर \$100-120 मिलियन अर्थात् 8.5 अरब भारी रुपये तक खर्च होते हैं। लगता है उधर तिब्बत और इधर भारतीय हिमालय में हाई ऑल्टियुड वारफेयर के लिए अभी से तैयारी होने लगी है। एक दिन तो यह होकर रहेगा। ग्राउंड फोर्सेज से बात नहीं बनते देख दोनों ओर से एयरफोर्स और मिसाइल बेस बनाए गए हैं। बड़े स्तर के युद्ध से तो भारत के गंगा और ब्रह्मपुत्र नदियों से सिंचित मैदानी इलाकों के लिए तो पूरी हाइड्रोलॉजी ही बदल जाएगी। इससे देश में फूड क्राइसिस अवश्यंभावी है। भयंकर बाढ़ और भू-स्खलन तो होना ही है। अगर ऐसा युद्ध होता है तो इसकी कॉस्ट बहुत अधिक होगी। चीन की पीएए युद्ध को भयानक और निर्णायक बनाने के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी। भारत की एयरफोर्स के खरीदे हुए विमान और असलहा कहां तक काम आएगा और हॉल ही विकसित एमके लाइट फाइटर विमान जे-20 के आगे किस तरह ठहर पाएगा, यह तो एयरफोर्स के चीफ ही बता पाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी कभी-कभी ही नहीं, बल्कि इस मामले में हमेशा ही ठीक कहते आए हैं कि कांग्रेस सरकार ने देश में डिफेंस इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में पूरी तरह से नालायकी की है। जे-20 का विकास जे-एक्स एक्स से 90 के दशक के अंत में उभरा और 2008 में चीन की एयरफोर्स ने प्रोजेक्ट 718 का समर्थन किया। 2010 तक पहले संस्करण प्रोटोटाइप ने चेंगदू विमान डिजाइन संस्थान में उच्च गति टैक्सीगि परीक्षण किया।

22 दिसंबर 2010 को पहले जे-20 प्रोटोटाइप ने चेंगदू एयरक्राफ्ट डिज़ाइन इंस्टीट्यूट (सीएडीआई) के बाहर उच्च गति टैक्सीगि परीक्षण किया। तीन महीने बाद, पहला जे-20 प्रोटोटाइप बनाया गया। इसके बाद से अब तक चीन ऐसे जहाज़ों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी कर रहा है। या जहाज किसी भी देश को नहीं दिए जाते। चीन के सिचुआन प्रोविंस में स्थित चेंग-दू एयरोस्पेस टेक्नोलॉजी प्लांट में हर साल करीब 18-20 उक्त अदृश्य जहाज बनाने की क्षमता है। भारत इसका मुकाबला अपने एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए मार्क 1) कैसे करेगा? अभी कैबिनेट ने डीआरडीओ की एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी को एएमसीए बनाने रु.15 हजार करोड़ रुपये देकर इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत दिए हैं जिसे हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स बनाकर देगा। इसकी खेप सन् 2028 से भारतीय वायुसेना को मिलने लगेगी। तब तक इसमें स्टील्थ कैपबिलिटी, आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस का इंटीग्रेशन, लॉन्ग-रेंज टार्गेटिंग एंड पायलट रहित बहुत से फंक्शन इनकार्पोरेट कर लिए जाएंगे। तब तक चीन को 'होल्ड-ऑन' पर अर्थात् रोके रखना होगा। भारत के एएमसीए-मार्क 1 प्रोजेक्ट की अधिकांश डिटेल्स क्लासिफाइड हैं।

इस मामले में चीन और भारत के बीच पांच साल का अंतराल काफी मायने रखता है। इसीलिए भारत में केंद्र सरकार की लीडरशिप में मोदी का रहना अत्यावश्यक है। डिफेंस प्रोजेक्ट्स को लेकर कांग्रेस सरकार का पिछला रिकॉर्ड बिल्कुल निराशा जनक है। अमेरिका और इंग्लैंड के कहने पर इसने भारत में डिफेंस इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करना तो दूर इसे ठीक से काम भी नहीं करने दिया। इसीलिए डिफेंस रिसर्च, डेवेलपमेंट और प्रोडक्शन में लगे हुए हमारा ढांचा चरमराने की कगार पर था जब 2014 में मोदी ने इसका आकलन किया।

# डर और अंधविश्वास

जब हमें डर लगता है। बड़े नुकसान की संभावना नजर आती है, जो भी कोशिश कर सकते है वो कर चुके होते हैं या कर रहे होते हैं। सभी फेल हो चुकी होती हैं। ऐसे समय में कोई अपना-पराया राय देता है कि फलां दरगाह/मंदिर चले जाइए। आज तक ऐसा कभी नहीं हुआ, जो वहां गया हो और उसकी मन्नत पूरी न हुई हो। हम सोचते है चलो ये भी सही, करके देखते हैं।


इकबाल अहमद

ऐसे हालात में दो स्थिति हो सकती हैं। या तो काम बन जाएगा या नहीं बनेगा, नहीं बना तो उस दरगाह या मंदिर के दर्शन और चढ़ावे की याद भी नहीं आएगी, क्योंकि हमने उसे एक तुक्के की तरह लिया था। वहीं अगर काम बन गया तो सबसे पहले वो चमत्कारिक वजह ही याद आती है। उस समय ये नहीं सोच पाते कि बाकी की जो मेहनत की, जुगाड़ लगाया उसका ये उसका परिणाम है।

डर के आगे जीत नहीं, उसके आगे डर लगातार कायम रहता है। अगली बार कोई निर्णायक कदम उठाने से पहले कदम उधर ही बढ़ जाते हैं। उंगलियों में अंगूठियां, गले में माला और कलाई पर धागे बढ़ने लगते हैं। व्यक्ति कितना भी आम या कितना भी खास हो डर सबका बराबर होता है। डर का निवारण बताने वाला व्यक्ति की जेब का ध्यान रखता है। जेब हल्की है तो पड़ोस के घोड़े शहीद बाबा की दरगाह काफी है। जेब में वजन है तो हाजी अली के नीचे बात नहीं होगी। यही कहानी बूढ़े बरगद वाले हनुमान जी से लेकर तिरुपति बाला जी तक जाती है। अंगूठी के रत्न में भी वर्ग संघर्ष कायम रहता है। अमिताभ बच्चन की समस्या है तो निर्दोष नीलम। राम प्रसाद कष्ट निवारण के लिए फिरोजा (चिचड़ी) चल जाएगा।

अक्सर अपनी समस्या का दोष दूसरे पर मढ़ हम सुकून पाते है। ये चढ़ावे, दर्शन और शॉर्ट टर्म परेशानी निवारण एक्सेसरीज (अंगूठी, धागे, ताबीज आदि) भी हमारी समस्या टालू मंत्र के साधन हैं। गोरेपन की क्रीम की तरह एक बड़ा आर्थिक साम्राज्य इधर भी है। फेयर वाली क्रीम लगाने से न कोई हैंडसम होता है न लवली, लेकिन खुद को लगता है कुछ तो फर्क पड़ रहा है।

कुछ वैसी ही कहानी रोज ज्यादा असुरक्षित होते जाते इंसान की है। डर बढ़ता है और निवारण यंत्र ये भरोसा दिलाते है कि कुछ तो हो रहा है, पहले से बेहतर। हथेली को फैलाकर और दबाकर भाग्य रेखा को जबरदस्ती लंबा करने की कोशिश करते रहते हैं। कीरो की लिखी किताब से भाग्य पर भरोसा बढ़ा था। वही किताब जो रेलवे स्टेशन की बुक स्टॉल से सफर पर तब खरीदी थी जब गाड़ी पांच घंटे लेट थी। टाइम पास में भी डर निवारण मिल जाता है।

## एक नजर

### सड़क हादसे में घायल मजदूर की मौत

लालगंज, प्रतापगढ़, अमृत विचार : उदयपुर थाना क्षेत्र के पिंजरी गांव निवासी 45 वर्षीय वसीम मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। शनिवार को सुबह 11 बजे बाइक से बहन के यहां गाजीपुर मुस्तफाबाद से घर वापस लौट रहे थे। घर पर लौटते समय मंगापुर चौराहे के पास सामने से आये अज्ञात ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दिया। गम्भीर रूप से घायल अवस्था में वसीम को छोड़कर चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस एंबुलेंस से सीएचसी सांगीपुर ले गई, जहां डाक्टरों ने गंभीर हालत देख रेफर कर दिया। परिजनों ने लखनऊ मेडिकल कालेज में भर्ती कराया जहां शनिवार दोपहर इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों में मातम छा गया। मृतक के दो बेटे, एक बेटी व पत्नी सब्बो बिलखती रही। पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### उमरवैश्य समाज का प्रतिभा सम्मान 30 को

संवाददाता, प्रतापगढ़, अमृत विचार : जिला उमरवैश्य समाज सभा की ओर से 30 जून को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन होना है। इसमें समाज के हाईस्कूल, इंटरमीडिएट व स्नातक के मेधावियों को सम्मानित किया जाएगा। समारोह की तैयारियों पर रविवार को चिलबिला में पदाधिकारियों ने बैठक की। संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि समारोह का आयोजन 30 जून को चिलबिला स्थित धर्मशाला में होगा। बैठक में शोभनाथ, गुलाब चन्द्र, मदनलाल, कैलाश, विश्वनाथ उमरवैश्य, रामजी, जवाहरलाल, अजय कुमार, देवेन्द्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### सिपाही की आधी रात घर में हुई मौत, मचा कोहराम

प्रयागराज, अमृत विचार : फूलपुर में शनिवार की आधी रात एक सिपाही की अचानक मौत हो गयी। सिपाही की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पीएम के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के ऊगापुर गांव निवासी मुकेश सिंह (35) अंबेडकरनगर में सिपाही के पद पर तैनात थे। पिछले दो महीनों से वह बीमार चल रहे थे। बीमारी के कारण वह अवकाश लेकर घर आये हुए थे। शनिवार की देर शाम खाना खाकर सो गये। रात करीब दो बजे के बाद सिपाही की तबियत बिगड़ने लगी। घरवालों ने उन्हें एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सिपाही की मौत के बाद घर में कोहराम मच गया। मृतक के एक बेटा और एक बेटी है। जानकारी होने पर इंस्पेक्टर फूलपुर मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# हीट स्ट्रोक से घाटों पर बढ़ रही शवों की संख्या

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार:** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रो स्व. डॉक्टर दीना नाथ शुक्ल "दीन" ने लिखा था, 'गंगे तव दर्शनार्थ मुक्ति' अर्थात गंगा के दर्शन मात्र से सारे पापों का नाश हो जाता है और मोक्ष की प्राप्ति होती हैं। संगम नगरी प्रयागराज और श्रृंग्वेरपुरधाम अध्यात्म और मोक्ष की नगरी है। इस पावन तपो भूमि पर जहां एक तरफ लोग पुण्य अर्जित करने के लिए पूजा-अर्चना और दान के साथ यज्ञ अनुष्ठान करते है वहीं दूसरी तरफ मोक्ष पाने के लिये चिताओं का अंतिम संस्कार भी किया जाता है। कोरोना काल में शवों को दफन किये जाने के बाद श्रृंग्वेरपुरधाम का शमशान घाट काफी चर्चा में था। वहीं अब हीट स्ट्रोक के चलते होने वाली मौत के बाद पिछले कुछ दिनों वह प्रयागराज का दशाश्वमेध घाट, रसूलाबाद घाट और श्रृंग्वेरपुरधाम के शमशान घाट पर जलने वाली चिताओं की संख्या बढ़ रही है। वैसे तो रोज तीस चिताएं श्मशान घाट पर जलाई जाती हैं। लेकिन, पिछले कुछ दिनों से चिताओं का वो भयावाह मंजर देखने को मिल रहा है। पिछले एक सप्ताह के अंदर चिताओं की संख्या बढ़ने के बाद लकड़ियों और अन्य सामानों में भी कमी आई है। सामानों का दाम भी बढ़ा दिया गया है।

**श्रृंग्वेरपुर में चिताओं को नहीं मिल रही जगह:** श्रृंग्वेरपुर घाट पर चिताओं भी जगह नहीं रही रही है। श्रृंग्वेरपुरधाम के श्रीरामघाट की ओर जाने वाली सड़कें जाम से पूरी तरह बंद है। स्थानीय दुकानों के कारण हर वक्त भीड़ बनी है। घाट पर चिताओं को स्थान नहीं मिल रहा है। ज्यादातर चिताएं बुजुर्ग और महिलाओं की आ रही है।

### तीन साल से बंद है शौचालय का ताला

श्रृंग्वेरपुरधाम मे लाखों की लागत से पर्यटन विभाग ने शौचालय का निर्माण कराया गया है। निर्माण के तीन साल बाद भी आजतक शौचालय का ताला अभी तक नहीं खुला है। श्रृंग्वेरपुर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी ने बताया कि श्रृंग्वेरपुरधाम मे लाखों रुपये साफ-सफाई पर खर्च किये गए, लेकिन गंदगी बनी हुई है। उधर, श्रृंग्वेरपुरधाम के श्मशान घाट पर चिताओं की संख्या बढ़ने के बाद अब सामानो के दामों मे भी बढ़ोत्तरी कर दी गयी है। पिछले कई दिनों में पानी की बोतलें और कोल्ड ड्रिंक के साथ लकड़ी, और अंतिम संस्कार मे उपयोग होने वाले सामानो के दाम भी बढ़ गये हैं।

### पोस्टमार्टम हाउस पर लग रहा शवों का ढेर

एसआरएन की मर्चरी में भारी भीड़ लगी रही। यहां लाशों को डिफ्रीजर में भरकर रखा जा रहा है। बिजली कटौती के कारण शव का पोस्टमार्टम नही हो पा रहा है। एक डिफ्रीजर के खराब होने की वजह से शव खराब हो रहे हैं। अंदर रखे शवो को उनके परिजन पहचान नही पा रहे है। एक दिन में मर्चरी में लगभग 10 से 12 शव आते थे। वहीं अब इसकी संख्या करीब तीन गुना बढ़ गई है। पोस्टमार्टम हाउस के एक कर्मचारी ने बताया कि दो दिन से शवों का तांता लगा है। इस तरह कोरोना के समय शवों के ढेर लग रहे थे। गर्मी की वजह से शवों से दुर्गंध उठने से वहां काम करना मुश्किल हो रहा है।

# शहर की बिजली व्यवस्था बेपटरी, बेहाल रहे आमजन

संवाददाता, प्रतापगढ़



उपकेंद्र पर कर्मचारी रहे नदारद।

**अमृत विचार :** शहर की विद्युत व्यवस्था आंधी- पानी से ध्वस्त रही। शाम तक विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। इससे लोग बेहाल रहे। शहर के दहिलामऊ उपकेंद्र से जुड़े घरों में शनिवार रात से रविवार भोर तक विद्युत आपूर्ति नहीं हो सकी। इस दौरान लोग पावर हाउस भी पहुंचे। रविवार को बाबागंज, रूपापुर की आपूर्ति पूरी तरह बाधित रही। इससे शहर के करीब 15 हजार घरों की बिजली गुल रही। भुपियामऊ विद्युत उपकेंद्र से आने वाली मेनलाइन के क्षतिग्रस्त विद्युत पोल को शाम तक दुरुस्त नहीं किया जा सका। रविवार को दिन भर विद्युत आपूर्ति ठप होने से उपभोक्ता गर्मी से बेहाल रहे।

# आंधी और बारिश से जनजीवन बेहाल, दो महिलाओं की गई जान

## जगह-जगह गिरे पेड़, टीनशेड और छप्पर, दो बकरियों की भी गई जान



डीएफओ आवास के पास गिरा नीम का पेड़ व क्षतिग्रस्त कार। अमृत विचार

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार:** आंधी और बारिश से जनजीवन प्रभावित रहा। रविवार भोर में तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से जगह-जगह पेड़ गिर गए। छप्पर गिरे, टिन शेड उड़ गए। अचानक आये आधी - तूफान से पेड़ गिरने व बज्रपात से दो महिलाओं की मौत हो गई।

जिले में शनिवार रात व रविवार भोर में आई आंधी व बारिश से काफी नुकसान हुआ। संडवा चंद्रिका के रसूलपुर गुलरहा पूरेनेवल निवासी बीडीसी पवन यादव की मां धनपत्ती देवी घर के पास खेत में सब्जी करती थी। वह सब्जी की रखवाली के लिए खेत के बगल छप्पर डाल कर वहीं रहती थी। अचानक आए आंधी-तूफान व बारिश से छप्पर पर पेड़ गिर जाने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घर वाले उन्हें इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेंटर ले गए, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। धनपत्ती की मौत से परिजनों में मातम छा गया। लीलापुर पुलिस मौके पर पहुंच कर घटना की जांच की। बीडीसी के मां के निधन पर पंचायत प्रतिनिधियों ने गहरा दुख जताया है।

कुण्डा प्रतिनिधि के अनुसार कड़रौरा लाला का पुरवा नवाबगंज की 60 साल की सूरसती पत्नी छोटे लाल फसल की रखवाली करने के लिए खेत में मचान पर थी। रात करीब तीन बजे आंधी बारिश शुरू होने पर वह घर जाने लगी कि अचानक वज्रपात से उसकी रास्ते में ही मौत हो गई। अधिकतम पारा दो डिग्री सेल्सियस गिर गया। अचानक मौसम में आए बदलाव से बिजली चमकने व कड़कने से लोग भयभीत हो गए। तेज आंधी से शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी पेड़ व पेड़ की डालें गिर गई। शहर में डीएम आवास के निकट पेड़ की डाल गिरी तो डीएफओ आवास के पास पुराना नीम का पेड़ गिर गया। पुलिस लाइन परिसर में खड़ी कार पर पेड़ की डाल गिरने से कार क्षतिग्रस्त हो गई। सिटी कस्बे के पूरे मुस्तफा में सीताराम का छप्पर गिर गया। इसमें दबकर दो बकरियां मर गईं। सनई अनुसंधान केंद्र के मौसम विज्ञान प्रेक्षक देशराज मीना ने बताया कि रविवार को अधिकतम तापमान 40 व न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं शनिवार को अधिकतम तापमान 42 व न्यूनतम 30 डिग्री सेल्सियस रहा।

# उमस और गर्मी से बेहाल रहे लोग, सात की मौत

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार:** नौतपा के अंतिम दिन भी लाग उमस और गर्मी से बेहाल रहे। इससे सात लोगों की मौत हो गई। घर वालों के अनुसार इन सभी की मौत गर्मी के चलते हुई। वहीं प्रशासन इसे बीमारी व सामान्य मौत मान रहा है। अंतू के इब्राहिमपुर निवासी डेढ़ वर्षीय कुनाल की सांस थम गई।

पल्टन बाजार निवासी सरफराज के एक माह के पुत्र को उल्टी दस्त होने पर रविवार को दोपहर राजा प्रताप बहादुर अस्पताल लाया गया, जहां उसकी सांस थम गई। इसी तरह कंधई के रतनमई निवासी 88 वर्षीय ढनगू, महेशगंज के निमिहन का पुरवा निवासिनी 65 वर्षीय शांति देवी, शहर के जोगापुर की रहने वाली 70 वर्षीय सितारा बानो और नरहरपुर कोहंड़ौर निवासी 18 वर्षीय मंजीत की रविवार को सांस थम गई। वहीं मथुरा प्रसाद इंटरमीडिएट कालेज चिलबिला में रविवार की दोपहर 80 वर्षीय अवधेश यादव निवासी शिवराजपुर अंतू की सांस थम गई। वह कालेज में खाना बनाने का कार्य करते थे। लू लगने से मौत होने की आशंका जताई जा रही है। चिलबिला चौकी इंचार्ज सुमित सिंह ने बताया कि विद्यालय के सभी कर्मचारी शुक्रवार को जा चुके थे। अवधेश अकेले ही विद्यालय में रहते थे। प्रधानाचार्य की तहरीर पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। सनई अनुसंधान केंद्र के मौसम विज्ञान प्रेक्षक देशराज मीना ने बताया कि शनिवार को अधिकतम तापमान 42 व न्यूनतम 30 डिग्री सेल्सियस रहा। रविवार को अधिकतम तापमान 40 व न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहा। सीएमओ डा. जीएम शुक्ल ने बताया कि जनपद में हीट वेब से किसी के मरने की सूचना नहीं है। लोगों से अपील है कि गर्मी को लेकर सतर्क और सुरक्षित रहें।

# मौसम ने लिया यू-टर्न, हवा चलने से लोगों ने गर्मी से महसूस की राहत

संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)

**अमृत विचार:** क्षेत्र में रविवार कि शाम मौसम ने अचानक यू-टर्न लिया और धूलभरी हवाएं चलने लगी जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत जरूर मिली है लेकिन धूलभरी हवाएं चलने से सड़क पर चलने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा वहीं पड़ रही उमस भरी भीषण गर्मी से लोगों को राहत मिली है। धूलभरी हवाएं चलने के बाद हल्का बूंदाबांदी के साथ बारिश हुई है।

मौसम में यू-टर्न लेने से तापमान में गिरावट दर्ज किया गया है। क्षेत्र में पड़ रही उमस भरी भीषण गर्मी हीटवेव से लोगों को राहत मिली है। जहां हीट वेव गर्मी से लोग अपनी जान गंवा रहे थे ऐसे में तापमान में गिरावट दर्ज होने पर लोगों को गर्मी हीटवेव से राहत जरूर मिली है। लेकिन धूलभरी हवाएं चलने से लोगों के घरों में धूल झोंक दिया है जिससे लोगों को धूल हटानी पड़ी। लेकिन सुखद खबर यह है कि धूलभरी हवाएं चलने से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। धूलभरी हवाएं चलने के बाद बूंदाबांदी के साथ बारिश शुरू हो गई है। इधर, बारिश शुरू होते ही लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए और बारिश के साथ-साथ ठंडी हवा का आनंद लिया।



मिर्जापुर में बारिश से मौसम हुआ खुशगवार। अमृत विचार

# करंट से किसान की गई जान

**रानीगंज, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** मुआर आधारगंज तेजा का पूरा रानीगंज गांव निवासी 70 वर्षीय राज बहादुर पटेल उर्फ बाचा पुत्र स्व कालूराम रविवार सुबह करीब पांच बजे घर से 200 मीटर की दूरी पर स्थित खेत में धान की नर्सरी डालने के लिए खेत में पानी देखने जा रहे थे। इस दौरान अचानक स्पार्किंग होने के कारण बिजली का तार टूट कर ऊपर गिर गया। जिससे किसान की मौके पर ही मौत हो गई। मौत की खबर से परिजन बिलखने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# दवा कारोबारी पर एक नहीं दो बार तमंचे से किया फायर

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार:** फफामऊ थाना अंतर्गत एक दवा कारोबारी पर ताबड़तोड़ फायरिंग करने से हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि तमंचे से दो बार फायरिंग करने पर भी गोली नहीं चली। मिस फायर होने के बाद बदमाश मौके से भाग निकला। जिसके बाद दवा कारोबारी सुरक्षित बच गया। फिलहाल सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना क्रम कैद है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। फाफामऊ बाजार में दवा कारोबारी संजय जायसवाल रविवार को रोज कि तरह अपनी दुकान पर बैठे थे। तभी एक बाइक पर दो बदमाश पहुंच गये। उस दौरान एक बदमाश बाइक खड़ी कर बैठा रहा, जबकि दूसरा चेहरा बदमाश बाईक से उतरकर दुकान पर पहुंच गया। उस वक्त दुकान पर एक ग्राहक खड़ा हुआ था। बदमाश दुकान पर देखता रहा और फिर संजय पर फायर झोंक दिया। गोली मिस फायर हो गयी तो बदमाश ने दूसरी बार मारी चला दी। लेकिन फिर भी गोली मिस फायर हो गयी।

# मेयर ने अस्पताल को दिए 20 कूलर कहा- मरीजों की सेवा करना ही धर्म

संवाददाता, प्रयागराज



स्वरूप रानी अस्पताल में महापौर गणेश केसरवानी का किया गया सम्मान।

**अमृत विचार :** महापौर गणेश केसरवानी ने रविवार को स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में जनरल वार्ड के मरीजों को 20 कूलर दिया। इससे मरीजों और तीमारदार को इस भीषण गर्मी में राहत होगी। इस अस्पताल में दूर-दूर से मरीज इलाज के लिए आते हैं। महापौर ने इस मौके पर डॉक्टरों व पैरामेडिकल स्टॉफ को संबोधित करते हुए कहा कि स्वरूप रानी नेहरू हॉस्पिटल के डॉक्टरों का जीवन गरीबों की सेवा के लिए समर्पित है।

महापौर ने कहा कि डॉक्टर दिन-रात मरीजों का इलाज करते हैं लेकिन समाज के अंदर आज भी इलाज को लेकर दोयम दर्जे की धारणा बनी हुई है उन्हें लगता है कि आज भी सरकारी अस्पतालों में इलाज नहीं होता। लोग प्रथम इलाज के लिए पहले प्राइवेट हॉस्पिटल में जाते हैं और अपनी खून पसीने की कमाई इलाज में खर्च कर देते हैं। जब उनके पास पैसा खत्म हो जाता है तो सरकारी अस्पताल में आते हैं। तब तक मरीज की हालत बहुत खराब हो जाती है। अगर पहले लोग इस अस्पताल में आ जाएं तो आम लोगों का पैसा भी बचता है और मरीज की जिंदगी भी बच जाती है।

# शार्ट सर्किट से धू-धूकर जली कार, बचे सवार

संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)



**अमृत विचार:** लालगंज थाना क्षेत्र के नैड़ी कठारी राष्ट्रीय राजमार्ग 135 पर रविवार की दोपहर कार में हीटवेव व गर्मी अधिक होने से अचानक शार्ट सर्किट होने से आग लग गई जिससे कार धू धू कर जल गई कार सवार लोग कार से बाहर निकलकर जान बचाई है मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के कर्मियों ने कार में लगी आग को बुझाया है लेकिन कार जलकर राख हो गई है। कार स्वामी ने लालगंज थाने में तहरीर देकर सूचना दिया है। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के इंद्रवार गांव निवासी करुणाशंकर अपने कार होंडा बीआरवी से रविवार की दोपहर अपने घर से मांडा प्रयागराज अन्य साथियों के साथ जा रहे थे कि जैसे ही कार लालगंज थाना क्षेत्र के नैड़ी कठारी के पास सड़क पर पहुंचे कि हीटवेव व गर्मी अधिक होने से कार में अचानक कार में शार्ट सर्किट होने से कार धू धू जलने लगी कार सवार कार से निकल गये अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। लेकिन कार धू धू कर जलने लगी जिस पर फायर ब्रिगेड को सूचना दिया मौके पर पंहुची फायर ब्रिगेड के कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक कार जलकर राख हो चुकी थी।

# डीईओ ने मतगणना में नामित नोडल अफसरों के साथ की बैठक, दिए निर्देश

संवाददाता, जौनपुर



नोडल अधिकारियों के साथ बैठक करते डीईओ। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड द्वारा शनिवार देर सायं मीटिंग हॉल में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु मतगणना में नामित नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जिला पूर्ति अधिकारी संतोष विक्रम शाही को निर्देशित किया गया कि मतगणना स्थल पर उपस्थित कार्मिकों के लिए समुचित पेयजल एवं भोजन की व्यवस्था रहे। एक्सईएन विद्युत को निर्देशित किया कि मतगणना के दौरान सुचारू रूप से विद्युत व्यवस्था संचालित रहे, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। उपनिदेशक कृषि को वीडियोग्राफी के लिए निर्देशित किया कि स्ट्रांग रूम से मशीन बाहर निकालते समय तथा मतगणना हाल स्थित विभिन्न विधानसभाओं के कक्षों में वीडियोग्राफी हेतु लगे कैमरे सुचारू रूप से कार्य करें यह सुनिश्चित कर लिया जाय। उन्होंने मतगणना के दौरान मीडिया सेंटर पर पत्रकारों को समय से सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश जिला सूचना अधिकारी को दिये। बीएसए डॉ. गोरखनाथ पटेल को निर्देशित किया कि मतगणना सीडिंग हेतु लगे कार्मिको को अच्छे से प्रशिक्षण दे दिया जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अन्य अधिकारियों जिन्हें मतगणना में प्रभारी बनाया गया है उन्हें निर्देशित किया कि अपने अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें जिससे मतगणना के कार्य को सकुशल संपन्न कराई जाये।

# मारपीट में दंपति घायल तीन लोगों पर मुकदमा

संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)

**अमृत विचार:** स्थानीय थाना क्षेत्र के तीता गांव निवासी अशोक कुमार मौर्य ने रविवार को थाने में तहरीर देकर गांव निवासी तीन लोगों के विरुद्ध भूत-प्रेत की कहासुनी को लेकर गाली गलौज देते हुए लाठी डंडे से मारपीट कर घायल करने तथा जान से मारने की धमकीं देने का मुकदमा दर्ज कराया है पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेज दिया है और मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। तहरीर में बताया है शनिवार की देर शाम भूत-प्रेत को लेकर कहासुनी के बाद गांव निवासी सचिन, अशीष, बृजकिशोर गाली गलौज देने लगे कि मना करने पर लाठी डंडे से मारने पीटने लगे बीच बचाव करने के लिए पंहुची पत्नी सविता को भी मारपीट कर घायल कर दिया जाते समय जान से मारने की धमकी भी दिए हैं जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों लोगों के विरुद्ध मारपीट, गाली गलौज सहित जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर घायलों को उपचार के लिए पीएचसी भेज दिया जंहा पर चिकित्सक विवेक खरे ने घायल का उपचार किया है।

# नहर में पैर फिसलने से युवक की मौत

**अहरौरा, मिर्जापुर:** इमलियाचट्टी पुलिस चैकी क्षेत्र के जरगो मेन कैनाल मेंइमामबाड़े के पास अपनी भैंस को पानी पिलानेगए चरवाहे का अचानक पैर फिसल गया नहर के उफनातेपानी मेंचला और डूबनेसेमौत हो गई। चैकी प्रभारी इमलियाचट्टी दिलीप गुप्ता नेबताया की खुटहा गांव निवासी 18 वर्षीय हीरालाल उर्फ विकास पुत्र पन्नालाल इमामबाड़े के पास भैस चरा रहा था, शाम को भैंस जरगो मेन कैनाल मेंपानी पीनेगई, तो विकास भी साथ में गया। पानी पिलानेके बाद हांकनेके लिए गया, इसी बीच उसका पैर फिसल गया और वह नहर मेंचला गया। यह देख आसपास के लोग शोर मचाने लगे।

# मतगणना स्थल पर कार्मिकों के लिए हों समुचित व्यवस्थाएं

संवाददाता, जौनपुर

**अमृत विचार:** जौनपुर जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड के द्वारा शनिवार देर सायं मीटिंग हॉल में लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 हेतु मतगणना में नामि जौनपुर जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड के द्वारा शनिवार देर सायं मीटिंग हॉल में लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 हेतु मतगणना में नामित नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की गई बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा जिला पूर्ति अधिकारी संतोष विक्रम शाही को निर्देशित किया गया कि मतगणना स्थल पर उपस्थित कार्मिकों के लिए समुचित पेयजल एवं भोजन की व्यवस्था रहे। एक्सईएन विद्युत को निर्देशित किया कि मतगणना के दौरान सुचारू रूप से विद्युत व्यवस्था संचालित रहे, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। उपनिदेशक कृषि को वीडियोग्राफी के लिए निर्देशित किया कि स्ट्रांग रूम से मशीन बाहर निकालते समय तथा मतगणना हाल स्थित विभिन्न विधानसभाओं के कक्षों में वीडियोग्राफी हेतु लगे कैमरे सुचारू रूप से कार्य करें यह सुनिश्चित कर लिया जाय। उन्होंने मतगणना के दौरान मीडिया सेंटर पर पत्रकारों को समय से सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश जिला सूचना अधिकारी को दिए बीएसए डॉ गोरखनाथ पटेल को निर्देशित किया कि मतगणना सीडिंग हेतु लगे कार्मिको को अच्छे से प्रशिक्षण दे दिया जाए, इसके साथ ही उन्हें साइनेज लगाने के भी निर्देश दिए गए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अन्य अधिकारियों जिन्हें मतगणना में प्रभारी बनाया गया है उन्हें निर्देशित किया कि अपने अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें जिससे मतगणना के कार्य को सकुशल संपन्न कराई जाए।



गंगा की आरती करते महापौर गणेश केसरवानी। अमृत विचार

### तीसरी बार मोदी सरकार के लिए मेयर ने की गंगा आरती

**प्रयागराज, अमृत विचार :** देश में इस बार 400 पार के संकल्प को साकार करते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए महापौर गणेश केसरवानी ने मां गंगा की आरती पूजन किया और प्रयागराज की दोनों लोकसभा की सीटों पर जीत की प्रचंड बहुमत मिले मां गंगा से कामना की। इस अवसर चुन्नू बाबा, लाल यादव, गिरजेश मिश्रा, राजन शुक्ला, राजेश केसरवानी, अमर सिंह, विवेक मिश्रा, मुकेश कसेरा, आकाश सोनकर, हर्षवर्धन, शत्रुघ्न जायसवाल आदि रहे।

# मोदी ने सुरक्षा को दुरुस्त करने की जरूरत पर दिया बल

## प्रधानमंत्री ने की कई बैठकों की अध्यक्षता, भीषण गर्मी और लू के कारण पैदा स्थिति को संभालने के दिए निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में आग लगने की विभिन्न घटनाओं के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को भीषण गर्मी और लू के कारण पैदा हुई स्थिति की समीक्षा की और अस्पतालों व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा को दुरुस्त करने की जरूरत पर बल दिया। लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण का मतदान संपन्न होने के अगले ही दिन प्रधानमंत्री ने कई बैठकों की अध्यक्षता की।

उन्होंने पूर्वोत्तर के राज्यों में चक्रवात रेमल के कारण पैदा हुई बाढ़ की स्थिति की समीक्षा की और अगली सरकार के 100 दिन के कार्यक्रम के एजेंडे की समीक्षा के लिए एक लंबे मंथन सत्र में भी भाग लिया शनिवार को प्रसारित एग्जिट पोल में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की भारी जीत की भविष्यवाणी की गई है। यह पूर्वानुमान यदि नतीजे में परिवर्तित हो जाते हैं तो मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, देश के कुछ हिस्सों में लू की स्थिति की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक में मोदी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आग की घटनाओं को रोकने और उससे निपटने के लिए नियमित आधार पर उचित अभ्यास किए जाने चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा कि जंगलों में 'फायर लाइन' के रखरखाव और बायोमास के उपयोग के लिए नियमित अभ्यास की योजना बनाई जानी चाहिए। बयान में कहा गया है कि इस साल मानसून देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य और सामान्य से ऊपर रहने की संभावना है और प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों में सामान्य से नीचे रहने की संभावना है।


प्रधानमंत्री मोदी ने नई दिल्ली में विशेष रूप से उत्तर-पूर्व क्षेत्र में चक्रवात रेमल के बाद की स्थिति को लेकर अधिकारियों के साथ की समीक्षा। ● एजेंसी

### रेमल से प्रभावित राज्यों को केंद्र की ओर से हर संभव मदद मिलती रहेगी: प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार सुबह यहां अपने आवास पर एक उच्च स्तरीय बैठक में विभिन्न राज्यों में चक्रवात रेमल के प्रभाव की समीक्षा की और कहा कि केन्द्र सरकार प्रभावित राज्यों को हर संभव सहायता जारी रखेगी। बैठक में अधिकारियों ने इन राज्यों पर चक्रवात के प्रभाव के बारे में प्रधानमंत्री को विस्तार से जानकारी दी। मिजोरम, असम, मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा में भूस्खलन तथा बाढ़ के कारण जान माल की हानि भी चर्चा की गई। प्रधानमंत्री को बताया कि स्थिति को ध्यान में रखते हुए जरूरत के मुताबिक प्रभावित राज्यों में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीमें तैनात की गई हैं। इन टीमों ने एयरलिफ्टिंग और सड़क से निकासी अभियान चलाया है। बैठक के दौरान बताया गया कि गृह मंत्रालय राज्य सरकारों के साथ नियमित संपर्क में है।

### दिल्ली के एक मकान में सड़ी-गली अवस्था में मिला शव

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के एक मकान में 42 वर्षीय एक व्यक्ति का शव सड़ी-गली हालत में मिला है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि शनिवार रात को नौ बजे फोन आया कि छतरपुर में किराए पर रह रहा रतन फोन नहीं उठा रहा है और उसका कमरा बंद है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया-रतन एक बहु राष्ट्रीय कंपनी में काम करता था। कॉल पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर मकान में घुसी। रतन का शव बिस्तर पर पड़ा था और अत्यधिक सड़ी-गली अवस्था में था। उन्होंने बताया कि शुरुआती जांच में पुलिस ने पाया कि रतन पिछले एक साल से अकेले रह रहा था। उन्होंने कहा-अपराध शाखा की टीम को बुलाकर मामले की जांच की जा रही है।

## डाक मतपत्रों की पहले गिनती की जाए, दिशा-निर्देशों का हो पालन

नई दिल्ली, एजेंसी

● इंडिया गठबंधन के नेताओं ने निर्वाचन आयोग से की मांग




विपक्षी इंडिया गठबंधन के नेताओं ने रविवार को निर्वाचन आयोग से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि चार जून को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के नतीजों से पहले डाक मत पत्रों की गिनती कर उनके परिणाम घोषित किए जाएं। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि निर्वाचन आयोग को मतगणना प्रक्रिया पर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करना चाहिए और उनका क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

लोकसभा चुनाव की मंगलवार को होने वाली मतगणना से पहले, इंडियन नेशनल डेवलपमेन्टल इनक्लूसिव अलायंस (इंडिया) के नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को निर्वाचन आयोग की पूर्ण पीठ से मुलाकात की। मुलाकात के बाद, कांग्रेस नेता अभिषेक सिंघवी ने संवाददाताओं से कहा कि यह तीसरा मौका है जब विपक्षी नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने आम चुनाव के दौरान निर्वाचन आयोग का दौरा किया। सिंघवी ने बताया कि प्रतिनिधमंडल ने अन्य चीजों सहित अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि ईवीएम के नतीजे घोषित किए जाने से पहले डाक मत पत्रों की गिनती हो और उनके परिणाम घोषित किए जाएं।

### एक नजर

#### असम में मादक पदार्थ के साथ 7 गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि राज्य की बराक घाटी में अलग-अलग अभियानों में सात लोगों को गिरफ्तार करके उनके पास से प्रतिबंधित मादक पदार्थ बरामद किये गये हैं। उन्होंने बताया कि यह अभियान शनिवार को चलाया गया। एक्स पर जानकारी साझा करते हुए शर्मा ने बताया कि पुलिस के मजबूत खुफिया नेटवर्क के आधार पर अभियान चलाया गया। करीमगंज पुलिस ने एक दुकान पर छापा मारा और करीब 800 किलो गांजा के साथ एक व्यक्ति व 1.9 किलोग्राम हेरोइन के साथ छह लोगों को गिरफ्तार किया गया।

#### तमिलनाडु अभिनेता के बैग से मिलीं 40 गोलियां

**चेन्नई।** तमिलनाडु के चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रविवार को पूर्व विधायक और अभिनेता करुणास के बैग से बन्दूक की 40 गोलियां बरामद हुईं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि अभिनेता के बैग की जांच करने पर उसमें से गोलियां बरामद हुईं, जब अधिकारियों ने उनसे इस संबंध में पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि उनके पास गोलियां रखने के लिए वैध दस्तावेज हैं। अधिकारियों ने करुणास को बताया कि उड़ान के अंदर गोलियां नहीं ले जाई जा सकती हैं।

## पुरी में पटाखा विस्फोट की घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर 11 हुई

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के पुरी में पटाखों के ढेर में विस्फोट की घटना में मरने वालों की संख्या 11 हो गई है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फिलहाल पुरी, भुवनेश्वर और कटक के विभिन्न अस्पतालों में कुल 19 लोग उपचाराधीन हैं। पुरी में 29 मई की रात भगवान जगन्नाथ के चंदन यात्रा उत्सव के दौरान पटाखों के ढेर में हुए विस्फोट में 30 लोग घायल हो गए थे। विशेष राहत आयुक्त (एसआरसी) के कार्यालय ने एक बयान में कहा-पुरी में हुई त्रासदी में दो और लोगों की मौत हो गई जिससे कुल मृतकों की संख्या बढ़कर 11 हो गई। वर्तमान में 19 मरीज विभिन्न अस्पतालों में उपचाराधीन हैं।

## बंगाल में चुनाव के बाद भाजपा कार्यकर्ता की हत्या

कोलकाता, एजेंसी

● भाजपा ने सत्तारूढ़ टीएमसी पर लगाया हत्या का आरोप

पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में चुनाव के बाद हुई हिंसा में कुछ लोगों ने एक भाजपा कार्यकर्ता की हत्या कर दी। भाजपा ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर पार्टी कार्यकर्ता की हत्या का आरोप लगाया है। हालांकि, तृणमूल ने दावा किया है कि यह हत्या पारिवारिक कलह का नतीजा है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना जिले के उत्तरी हिस्से के कालीगंज में उस समय हुई जब भाजपा कार्यकर्ता हफीजुर शेख शनिवार रात अन्य लोगों के साथ कैरम खेल रहे थे। आरोप है कि 10-12 लोग मोटरसाइकिल पर आए और शेख की गोली मारकर हत्या कर दी। स्थानीय लोगों ने दो घंटे से अधिक समय तक प्रदर्शन किया और पुलिस को शव उठाने नहीं दिया। बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। भाजपा की उत्तर नादिया इकाई के अध्यक्ष अर्जुन विश्वास ने आरोप लगाया कि तृणमूल के गुंडों ने पार्टी कार्यकर्ता की हत्या की। हालांकि, जिले के तृणमूल नेता रुकबानुर रहमान ने हत्या के पीछे पारिवारिक कलह को जिम्मेदार ठहराया है।

## मुंबई सिलसिलेवार विस्फोट मामले के दोषी पर जेल में जानलेवा हमला, मौत

**मुंबई।** मुंबई में 1993 में हुए सिलसिलेवार बम विस्फोटों के मामले के एक दोषी पर रविवार को कोल्हापुर के कलाम्बा केंद्रीय कारागार में पांच कैदियों ने जानलेवा हमला किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। जेल के स्नानागार में नहाने को लेकर अन्य कैदियों के साथ, प्रथम दृष्टया बहस होने के बाद 59 वर्षीय मुन्ना उर्फ मोहम्मद अली खान पर हमला किया गया। खान सिलसिलेवार विस्फोट मामले में उम्र कैद की सजा काट रहा था। पुलिस अधिकारी ने कहा-बहस के बीच, कुछ विचाराधीन कैदियों ने लोहे की जाली उठाई और उससे खान के सिर पर वार किया जिसके बाद वह जमीन पर गिर गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## असम में बाढ़ से 10 जिलों में छह लाख से ज्यादा लोग प्रभावित

गुवाहाटी, एजेंसी

असम में बाढ़ की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है और 10 जिलों में छह लाख से अधिक लोग अब भी प्रभावित हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण नदियों का जलस्तर बढ़ गया, जिससे कई क्षेत्रों में प्रभावित हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया। कोपिली, बराक और कुशियारा नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। बाढ़ के कारण हैलाकांडी होजाई, मोरीगांव, करीमगंज, नागांव, कछार, डिब्रूगढ़, गोलाघाट, कार्बी आंगलोंग पश्चिम और दीमा हसाओ जिलों में कुल 6,01,642 लोग प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि 28 मई से अब तक बाढ़ और तूफान में मरने वालों की संख्या बढ़कर 15 हो गई है। नागांव सबसे अधिक प्रभावित जिला है जहां 2.79 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए जबकि होजाई में 1,26,813 और कछार में 1,12,265 लोग प्रभावित हुए हैं। राज्य में 40,000 से अधिक लोगों ने राहत शिविरों में शरण ली है।


असम के नागांव जिले में चक्रवात रेमल के बाद हुई बारिश के बाद आई बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़क पर दोपहिया वाहन से जाते लोग। ● एजेंसी

● अधिकारियों ने बताया कि भारी बारिश के कारण नदियों का जलस्तर बढ़ गया

### केरल में भारी बारिश ऑरेंज अलर्ट जारी

**तिरुवनंतपुरम।** दक्षिण-पश्चिम मानसून के कारण केरल के विभिन्न हिस्सों में हो रही बारिश के बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को राज्य के एर्णाकुलम जिले में ऑरेंज अलर्ट जारी किया, जहां पिछले कई दिनों से लगातार बारिश हो रही है। ऑरेंज अलर्ट का मतलब है 11 सेंटीमीटर से 20 सेंटीमीटर तक की भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने आने वाले घंटों में जिले के अलग-अलग स्थानों पर 'बहुत भारी बारिश' होने का अनुमान जताया है। मौसम विभाग के ताजा आंकड़ों के अनुसार, पतानमथिट्टा, अलप्पुझा, इडुकी और वायनाड जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है, जिसमें अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश होने का अनुमान जताया गया है।

### भाजपा सांसद रामकृपाल पर हमले के सिलसिले में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**पटना।** भाजपा के सांसद रामकृपाल यादव के काफिले पर यहां हमले के सिलसिले में एक व्यक्ति को रविवार को गिरफ्तार किया गया। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान मसौढ़ी निवासी विकास यादव के रूप की गई है। उन्होंने बताया कि फरार आठ अन्य आरोपियों को पकड़ने के लिए एक विशेष टीम गठित की गई है। यादव ने आरोप लगाया कि उनके पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र में मतदान खत्म होने के करीब एक घंटे बाद राष्ट्रीय जनता दल (राजद) समर्थकों ने उन पर और उनके काफिले पर हमला किया। उन्होंने दावा किया कि पटना के मसौढ़ी इलाके में शाम करीब साढ़े सात बजे हुए हमले में उनके कुछ समर्थक घायल भी हुए हैं।

## एग्जिट पोल कॉरपोरेट खेल और फर्जीवाड़ा है : संजय राउत

मुंबई, एजेंसी

● शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट) के सांसद ने की टिप्पणी



शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) सांसद संजय राउत ने रविवार को एग्जिट पोल को कॉरपोरेट खेल और फर्जीवाड़ा करार दिया और दावा किया कि एग्जिट पोल जारी करने वाली मीडिया कंपनियों पर दबाव था।

संवाददाताओं से बातचीत के दौरान संजय राउत ने दावा किया कि विपक्षी गठबंधन इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) 543 सदस्यीय सदन (लोकसभा) में 295 से 310 सीट जीतेगा और सरकार बनाएगा। राउत ने यह भी कहा कि उन्हें एग्जिट पोल की जरूरत नहीं है क्योंकि वे धरातल पर काम करते हैं और मूक लहर से परिचित हैं। शनिवार को जारी हुए एग्जिट पोल में अनुमान जताया गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार सत्ता में बने रहेंगे। इसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को लोकसभा चुनाव में भारी बहुमत मिलने का अनुमान व्यक्त किया गया है। राउत ने दावा किया कि इन मीडिया कंपनियों पर बहुत दबाव है। एग्जिट पोल की कवायद कॉरपोरेट खेल और फर्डीवाड़ा है।

# कारोबार/कृषि

### एक नजर

#### किसानों ने दुग्ध उत्पादन में एक करोड़ रुपये का किया कारोबार

**उदयपुर।** राजस्थान के उदयपुर जिले के बिछड़ी में हिन्दुस्तान जिंक के सहयोग से संचालित घाटा वाली माताजी किसान उत्पादक कंपनी ने गत वित्तीय वर्ष में एक करोड़ रुपये का कारोबार कर सशक्तिकरण की मिसाल कायम की है। जिंक द्वारा बीएआईएफ विकास अनुसंधान फाउण्डेशन के सहयोग से संचालित समाधान परियोजना के तहत दो पूर्व स्थापित महिलाओं के नेतृत्व वाली डेयरी, घाटावाली माताजी किसान उत्पादक कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 में 1 करोड़ रुपये का कारोबार कर अल्प समय में दुग्ध उत्पादन में पहचान बनाई है।

#### एनएमडीसी का लौह अयस्क उत्पादन गिरा

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी लौह अयस्क खनन कंपनी एनएमडीसी का उत्पादन मई, 2024 में 37 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23.4 करोड़ टन रहा है। कंपनी ने शनिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि पिछले साल इसी महीने में उसका लौह अयस्क का उत्पादन 37.1 करोड़ टन रहा था। एनएमडीसी की मासिक बिक्री भी मई में 22 प्रतिशत गिरकर 28.2 करोड़ टन रही है, जो पिछले साल इसी महीने में 36.2 करोड़ टन थी।

#### इन्फोसिस पर लगा 3,142 डॉलर का जुर्माना

**नई दिल्ली।** प्रमुख सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी इन्फोसिस पर अमेरिका के टेक्सास लोक लेखा नियंत्रक ने 3,142.02 डॉलर (करीब 2.60 लाख रुपये) का जुर्माना लगाया है। कंपनी ने शेयर बाजार को यह जानकारी दी है।

### आंकड़ों के अनुसार पिछले माह की अपेक्षा मई में शेयरों से निकासी हुई अधिक

# चुनाव नतीजों को लेकर अनिश्चितता के बीच एफपीआई ने निकाले 25,586 करोड़ रुपये

नई दिल्ली, एजेंसी

आम चुनाव के नतीजों को लेकर अनिश्चितता और चीन के बाजारों के बेहतर प्रदर्शन के कारण विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मई में भारतीय शेयरों से 25,586 करोड़ रुपये की भारी निकासी की है। यह मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में निरंतर वृद्धि की चिंताओं के कारण अप्रैल के 8,700 करोड़ रुपये से अधिक के शुद्ध निकासी के आंकड़े से कहीं अधिक है।

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले एफपीआई ने मार्च में शेयरों में 35,098 करोड़ रुपये और फरवरी में 1,539 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था। वहीं जनवरी में उन्होंने शेयरों से 25,743 करोड़ रुपये की निकासी की थी। आम चुनाव के नतीजे चार जून को आने हैं। इससे निकट भविष्य में भारतीय बाजार में एफपीआई प्रवाह की दिशा तय होगी। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार विजयकुमार ने कहा कि मध्यम अवधि में अमेरिकी ब्याज दरें एफपीआई प्रवाह पर अधिक प्रभाव डालेंगी। आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मई में शेयरों से शुद्ध रूप से 25,586 करोड़ रुपये निकाले हैं। वॉटरफील्ड एडवाइजर्स के निदेशक विपुल भोवर ने कहा-अपेक्षाकृत ऊंचे मूल्यांकन और विशेष रूप से वित्तीय और आईटी कंपनियों के कमजोर तिमाही नतीजों के साथ राजनीतिक अनिश्चिता की वजह से एफपीआई भारतीय शेयरों से निकासी कर रहे हैं।

### भारत को वित्त वर्ष 2023-24 में सिंगापुर से मिला सबसे ज्यादा एफडीआई



भारत को बीते वित्त वर्ष (2023-24) में सिंगापुर से सबसे अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) मिला है। हालांकि, वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच देश में विदेशी निवेश के प्रवाह में 3.5 प्रतिशत की गिरावट आई है। सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। हालांकि, 2023-24 में सिंगापुर से एफडीआई प्रवाह 31.55 प्रतिशत घटकर 11.77 अरब डॉलर पर आ गया है, लेकिन आंकड़ों से पता चलता है कि भारत ने उस देश (सिंगापुर) से सबसे अधिक निवेश आकर्षित किया है। पिछले वित्त वर्ष के दौरान मॉरीशस, सिंगापुर, अमेरिका, ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), केमैन आइलैंड, जर्मनी और साइप्रस सहित प्रमुख देशों से एफडीआई इक्विटी प्रवाह में कमी आई। हालांकि, नीदरलैंड और जापान से निवेश बढ़ा है।

### सीबीआईसी ने जीएसटी वसूली शीघ्र शुरू करने के जारी किए निर्देश

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने कहा है कि प्रधान आयुक्त या आयुक्त स्तर के अधिकारी मांग आदेश की तामील के लिए निर्धारित तीन महीने से पहले माल एवं सेवा कर (जीएसटी) बकाया वसूलने के निर्देश जारी कर सकते हैं। यदि कोई कर देने योग्य व्यक्ति सीजीएसटी अधिनियम के तहत पारित आदेश में तय राशि का तीन महीने के भीतर भुगतान नहीं करता है, तो कर अधिकारी इस अवधि की समाप्ति के बाद ही वसूली की कार्यवाही शुरू कर सकते हैं। हालांकि, असाधारण मामलों में जहां राजस्व के हित में ऐसा करना जरूरी है, लिखित में कारणों को दर्ज करने के बाद, कर देने योग्य व्यक्ति को तीन महीने से पहले राशि का भुगतान करने के लिए कह सकते हैं।

## मोदी के तीसरे कार्यकाल को लेकर व्यापार एवं लघु उद्योग आशान्वित

नई दिल्ली, एजेंसी

● कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने जताई उम्मीद

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने आज कहा कि देश के व्यापारियों और लघु उद्योगों सहित व्यापारिक समुदाय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल को लेकर बेहद आशान्वित है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री और चांदनी चौक से भाजपा उम्मीदवार प्रवीन खंडेलवाल ने रविवार को कहा कि व्यापारी वर्ग देश के व्यापार और अर्थव्यवस्था के लिए आगामी पांच वर्षों को बेहद महत्वपूर्ण मान रहे हैं।

नरेन्द्र मोदी ने पिछले वर्षों में देश के छोटे व्यापारियों के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं, जिनसे देश में व्यापार में वृद्धि हुई है और इसी नीति के आगे भी जारी रहने की उम्मीद है। खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के दृष्टिकोण के अनुरूप आने वाले वर्षों में व्यापार के अनेक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की उम्मीद है। घरेलू व्यापार और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने, भारत के वैश्विक निर्यात में हिस्सेदारी सुधारने ओपी और कर संरचना को सरल बनाने के लिए नई पहल तथा व्यापार एवं लघु उद्योग के लिए नीतिगत समर्थन और महत्वपूर्ण कदम की आशा है ताकि कर अनुपालन आसानी से हो और सरकार के राजस्व में वृद्धि हो सके तथा जिसके बल पर भारत विश्व में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सके। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में वर्तमान में सकारात्मक माहौल और अपेक्षित राजनीतिक स्थिरता को देश के मजबूत विकास की कुंजी माना जा रहा है।

### भीषण गर्मी के बीच मई में एसी की बिक्री हो गई दोगुनी

**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी के बीच मई में एयर कंडीशनर (एसी) की बिक्री में लगभग दोगुनी वृद्धि हुई है। प्रमुख एसी विनिर्माता कम ऊर्जा खपत वाले मॉडल के भंडार में कमी की समस्या से जूझ रहे हैं। पर पारा 45 डिग्री से ऊपर चल रहा है। वहीं, एसी विनिर्माता असाधारण मांग से निपट रहे हैं, और इस महीने में अबतक की सबसे अच्छी बिक्री दर्ज की गई है। वोल्टास, एलजी, डाइकिन, पैनासोनिक और ब्लू स्टार जैसे प्रमुख ब्रांड की मई में मजबूत बिक्री देखी गई और उद्योग को पिछले साल की तुलना में 2024 में उनकी बिक्री में 30 से 35 प्रतिशत की समग्र वृद्धि की उम्मीद है।

## 10 कंपनियों में आठ का 2.08 लाख करोड़ घट गया बाजार पूंजीकरण

नई दिल्ली, एजेंसी

सेंसेक्स की 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह 2,08,207.93 करोड़ रुपये की गिरावट हुई। सबसे अधिक नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस और इन्फोसिस को हुआ।

इसके अलावा आईटीसी, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, भारती एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण भी घटा। वहीं एचडीएफसी बैंक और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) लाभ में रहीं। पिछले सप्ताह 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,449 अंक या 1.92 प्रतिशत टूटा था। शुक्रवार को यह 75.71 अंक या 0.10 प्रतिशत बढ़कर 73,961.31 अंक पर बंद हुआ। इससे पांच दिन से जारी गिरावट का सिलसिला टूटा। सूचकांक की प्रमुख कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 67,792.23 करोड़ रुपये घटकर 19,34,717.12 करोड़ रुपये रह गया, जबकि टीसीएस का एमकैप 65,577.84 करोड़ घटकर 13,27,657.21 करोड़ रुपये रह गया है।

### ग्राहक सेवा के लिए एआई का लाभ उठा रहीं हैं एयरलाइन कंपनियां

**नई दिल्ली।** भारतीय एयरलाइंस ग्राहक सेवा कर्मचारियों के काम के बोझ को कम करने और यात्रियों को बेहतर सेवाएं देने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) का लाभ उठा रही हैं।

एयर इंडिया ने अपनी पांच वर्षीय बदलाव योजना के तहत एआई का व्यापक उपयोग करने की तैयारी की है। इसका जेनरेटिव एआई वर्चुअल एजेंट एआई.जी 1,300 से अधिक विषयों को संभालता है। इसी तरह देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो के पास एआई चैटबॉट 6एस्काई है, जिसमें 1.7 लाख करोड़ मानक हैं, जिससे यह आसानी से सवालों के जवाब दे सकता है।

## आगामी बैठक में रेपो दर में कटौती नहीं करेगा रिजर्व बैंक

मुंबई, एजेंसी

● 5-7 जून के लिए निर्धारित एमपीसी की बैठक को लेकर विशेषज्ञों ने जताई संभावना




मुद्रास्फीति की चुनौतियों के बीच भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आगामी मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में प्रमुख नीतिगत दर रेपो में कटौती की संभावना नहीं है। विशेषज्ञों ने यह राय जताई है। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव परिणामों की घोषणा के तुरंत बाद मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक 5-7 जून के लिए निर्धारित है।

विशेषज्ञों ने कहा कि एमपीसी दर में कटौती से परहेज कर सकती है, क्योंकि आर्थिक वृद्धि जोर पकड़ रही है। रेपो दर फरवरी, 2023 से 6.5 प्रतिशत पर कायम है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता वाली एमपीसी बैठक के फैसले की घोषणा 7 जून (शुक्रवार) को की जाएगी। लोकसभा चुनाव के नतीजे चार जून को घोषित किए जाएंगे। यदि सात जून को ब्याज दर में कोई बदलाव नहीं किया जाता है, तो यह यथास्थिति बनाए रखने का आठवां मौका होगा। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा कि पिछली नीति के बाद से आर्थिक स्थितियां काफी हद तक अपरिवर्तित बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि पीएमआई और जीएसटी संग्रह जैसे उच्च आवृत्ति संकेतक दिखाते हैं कि वृद्धि सही दिशा में है। उन्होंने आगे कहा कि मुद्रास्फीति पर चिंता बनी हुई है और गर्मी ने विशेष रूप से सब्जियों की कीमतों को प्रभावित किया है। उद्योग मंडल एसोचैम के अध्यक्ष संजय नायर ने भी उम्मीद जताई कि आगामी एमपीसी बैठक में रेपो दर को अपरिवर्तित रखने की उम्मीद है, क्योंकि खुदरा मुद्रास्फीति चार प्रतिशत के लक्ष्य से ऊपर बनी हुई है।

## खेल डायरी



### अजीश बने इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग के नए चैंपियन

**मंगलुरु।** पिछले साल पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर में भाग लेने वाले तमिलनाडु के सर्फर अजीश अली इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग के नए चैंपियन बने हैं। टूर्नामेंट के पांचवें संस्करण में तमिलनाडु के सर्फर्स ने सभी चार श्रेणियों (पुरुष ओपन, महिला ओपन, ग्रोम्स बॉयज और अंडर-16 और ग्रोम्स गर्ल्स और अंडर-16) में शीर्ष सम्मान हासिल किया। पिछले साल पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर (2023 आईएसए वर्ल्ड सर्फिंग गेम्स, अल साल्वाडोर) में भाग लेने वाले अजीश अली को पुरुष ओपन वर्ग में नए आईओएस चैंपियन का ताज पहनाया गया वहीं युवा सनसनी कमली मूर्ति ने महिला ओपन और ग्रोम्स गर्ल्स और अंडर-16 दोनों श्रेणियों में जीत हासिल कर अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। तमिलनाडु के एक अन्य किशोर, तैयिन अरुण ने अपनी सर्फिंग की कलाबाजी से जजों को प्रभावित किया और ग्रोम्स बॉयज और अंडर-16 वर्ग में नए आईओएस चैंपियन बन कर उभरे। तीन दिवसीय प्रमुख सर्फिंग प्रतियोगिता आज कर्नाटक के मंगलुरु शहर के प्राचीन ससिहितलु समुद्र तट पर संपन्न हुई। चैंपियनशिप का आयोजन सर्फिंग स्वामी फाउंडेशन द्वारा किया गया था और इसकी मेजबानी मंत्रा सर्फ क्लब ने की थी। अंतिम दिन की कार्रवाई ग्रोम्स 16 और अंडर बॉयज वर्ग के सेमीफाइनल के साथ शुरू हुई।

### प्रज्ञानंदा ने कारूआना को हराया, विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंचे

**स्टावेंजर (नॉर्वे)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंदा ने नॉर्वे शतरंज प्रतियोगिता के पांचवें दौर में अमेरिका के विश्व में दूसरे नंबर के खिलाड़ी फैबियानो कारूआना को हराया, जिससे वह विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंच गए हैं। अमेरिका के हिकारू नाकामुरा ने खराब फॉर्म में चल रहे चीन के विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को हराकर नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन पर अपनी बढ़त को एक अंक तक बढ़ा दी। नाकामुरा के 10 अंक हैं। कार्लसन ने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराया। अब जबकि टूर्नामेंट में पांच दौर की बाजियां खेली जानी बाकी है तब प्रज्ञानंदा 8.5 अंक लेकर विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लसन के बाद तीसरे नंबर पर हैं। अलीरेजा के 6.5 अंक हैं और वह चौथे स्थान पर हैं।

### विकेलमैन गेम्स 2024 में साहिल, हर्षिता और धनवीर ने जीते स्वर्ण पदक

**स्टेंडल।** भारतीय एथलीट साहिल सिलवाल ने विकेलमैन गेम्स 2024 एथलेटिक्स मीट में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा, हर्षिता सहरावत ने महिला हैमर थ्रो में और धनवीर सिंह ने पुरुषों की गोला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते। शनिवार को जर्मनी के स्टेंडल में स्टेडियम एम गैलजेनबर्ग में 23 वर्षीय साहिल ने अपने चौथे प्रयास में 75.36 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रयास करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। हमवतन विक्रांत मलिक ने अपने तीसरे प्रयास में 72.65 मीटर की दूरी के साथ रजत पदक तथा जर्मनी के ओले स्टर्जिक ने 45.85 मीटर थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता। विक्रांत ने अपने तीसरे प्रयास में 70 मीटर का आंकड़ा पार करने से पहले अपने दूसरे प्रयास में 68.91 मीटर थ्रो के साथ बढ़त बनाई।

### एल्डोस और जेसी संदेश ने जीते स्वर्ण पदक

**पेरिस।** मीटिंग डी लिमोज 2024 एथलेटिक्स मीट में भारत के एल्डोस पॉल ने ट्रिपल कूद और जेसी संदेश ने ऊंची कूद स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते। फ्रांस में शनिवार को स्टेड डी ब्यूब्लांक में पुरुषों की ट्रिपल जंप में प्रतिस्पर्धा में कॉमनवेल्थ गेम्स के चैंपियन एल्डोस पॉल ने 16.24 मीटर की जंप लगाकर प्रतियोगिता जीती। कैमरून के मार्सेल मयाक ने (15.80 मीटर) कूद के साथ रजत पदक तथा अल्जीरिया के एडेम बौलबानी ने (15.79 मीटर) कूद लगाकर कांस्य पदक जीता। भारतीय एथलीट का यह प्रयास पिछले साल मयूख व प्रवीण चित्रवेल द्वारा बनाए गए 17.37 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड और 17.22 मीटर के ओलंपिक क्वालिफाइंग मार्क से कम रहा। 27 वर्षीय एल्डोस पॉल की वर्ष की दूसरी प्रतियोगिता है। उन्होंने पिछले महीने भुवनेश्वर में फेडरेशन कप में अपने सत्र की शुरुआत में 16.59 मीटर की कूद लगाई थी। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रयास 16.99 मीटर है, जो दो साल पहले हासिल किया गया था।

# बल्लेबाजी क्रम पर बाकी है काम : रोहित

## भारतीय कप्तान बोले- हमें काफी कुछ वैसा ही मिला जैसा हम चाहते थे, गेंदबाजों की दृष्टि से अच्छा रहा अभ्यास मैच

न्यूयॉर्क, एजेंसी

कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि भारतीय टीम ने टी-20 विश्व कप के लिए अपने बल्लेबाजी क्रम को अब तक अंतिम रूप नहीं दिया है और बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच में ऋषभ पंत को तीसरे नंबर पर भेजने के टीम प्रबंधन के फैसले को ज्यादा तूल नहीं दी जानी चाहिए। भारत ने शनिवार को अभ्यास मैच में निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 182 रन बनाने के बाद बांग्लादेश को नौ विकेट पर 122 रन पर रोककर नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 60 रन से जीत हासिल की।

पंत के तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के बारे में रोहित ने कहा सिर्फ उसे मौका देने के लिए ऐसा किया। हमने अब तक अपनी बल्लेबाजी इकाई को अंतिम रूप नहीं दिया है। यहां तक कि गेंदबाजों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। कुल मिलाकर चीजें जिस तरह से हुईं, उससे खुश हूं। पंत ने 32 गेंद में 53 रन की तेज पारी खेली जबकि हार्दिक पंड्या ने 23 गेंद पर 40 रन बनाए। सूर्यकुमार यादव ने भी 18 गेंद में 31 रन की पारी खेली। रोहित ने मैच के बाद कहा जिस तरह से चीजें हुईं, उससे मैं काफी खुश हूं। मुकाबले से हमें काफी कुछ वैसा ही मिला जैसा हम चाहते थे। जैसा कि मैंने टॉस के समय कहा था, परिस्थितियों के अनुकूल होना महत्वपूर्ण था। नया स्थल, नया मैदान, ड्रॉप-इन पिच - इनसे अनुकूल होना महत्वपूर्ण था और हमने काफी अच्छा प्रदर्शन किया।



- **अभ्यास मैच में भारत ने बांग्लादेश को 60 रन से दी थी शिकस्त**
- **राहुल द्रविड़ बोले- थोड़ी नरम और मुलायम थी पिच**

### विराट को पारी की शुरुआत करनी चाहिए: मांजरेकर

**न्यूयार्क।** विशेषज्ञ और पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर का मानना है कि विराट कोहली तीसरे नंबर पर उतने असरदार नहीं है उन्हें रोहित शर्मा के साथ पारी की शुरुआत करनी चाहिए। मांजरेकर ने कहा जिस तरह की टीम का चुनाव हुआ है उससे भारतीय टीम ने स्वयं के लिए ही दिक्कत बढ़ाई हैं। क्योंकि अगर आपने आईपीएल में भी देखा होगा तो विराट कोहली पहले छह ओवर में तेज शुरुआत कर रहे थे। तो अगर उन्हें यह फायदा ना मिले तो फिर समस्या हो सकती है। क्योंकि नंबर तीन पर वैसा एडवांटेज नहीं मिलता। कोहली नंबर तीन पर उतने असरदार नहीं होंगे।

### भारत का कोच बनना पसंद करूंगा: गौतम गंभीर

**दुबई।** भारतीय क्रिकेट टीम का मुख्य कोच बनने की दौड़ में सबसे आगे होने की अटकलों के बीच पूर्व बल्लेबाज गौतम गंभीर ने शनिवार को कहा कि वह राष्ट्रीय टीम को कोचिंग देना पसंद करेंगे। गंभीर ने हाल में कोलकाता नाइट राइडर्स को तीसरा इंडियन प्रीमियर लीग खिताब दिलाया और उन्हें राहुल द्रविड़ के योग्य उत्तराधिकारी के रूप में देखा जा रहा है। द्रविड़ का अनुबंध टी20 विश्व कप के बाद खत्म हो रहा है। भारतीय टीम के मुख्य कोच के पद के लिए आवेदन करने की अंतिम तारीख 27 मई थी, लेकिन अभी तक स्पष्ट नहीं है कि गंभीर ने इसके लिए आवेदन भरा है या नहीं।

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने गेंद से शानदार प्रदर्शन किया और तीन ओवर में 12 रन देकर दो विकेट चटकाए। ऑलराउंडर शिवम दुबे ने भी तीन ओवर में 13 रन देकर दो विकेट हासिल किए। मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि पिच थोड़ी नरम और मुलायम थी। द्रविड़ ने बीसीसीआई द्वारा पोस्ट एक वीडियो में कहा एक अच्छा मुकाबला मिलना बहुत बढ़िया है। बेशक, यह एक अच्छे मैदान की तरह दिखता है। मैदान थोड़ा नरम है और खिलाड़ियों को पैर की मांसपेशियों और पिंडलियों पर इसका असर महसूस हो सकता है।

# विरोधी पर ध्यान न दें, अपनी क्षमता से खेले टीम : युवराज

न्यूयॉर्क, एजेंसी

अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए मशहूर रहे युवराज सिंह का मानना है कि भारतीय टीम में कौशल और आत्मविश्वास की कोई कमी नहीं है और अगर वह टी-20 विश्व कप में विरोधी टीम पर ध्यान देने के बजाय अपनी क्षमता के साथ खेले तो वह आईसीसी ट्रॉफी जीतने का लंबा इंतजार खत्म कर सकती है।

भारत ने अपना अंतिम आईसीसी टूर्नामेंट 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में जीता था। इससे दो साल पहले युवराज के शानदार प्रदर्शन से भारत ने वनडे विश्व कप जीता था। भारत ने 2007 में पहला टी-20 विश्व कप भी जीता था जिसमें युवराज ने इंग्लैंड के खिलाफ लीग मैच में तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड के ओवर में छह छक्के लगाए थे। युवराज से जब भारत के पिछले एक दशक से भी अधिक समय से आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीत पाने के बारे में पूछा गया, उन्होंने कहा मेरा मानना है कि बड़े टूर्नामेंट जीतने के लिए हमारे पास आत्मविश्वास है। अगर भारत खुद पर विश्वास रखे और अपनी पूरी क्षमता से खेले तो वह खिताब जीत सकता है।

टी20 विश्व कप के लिए आईसीसी के एंबेसडर युवराज ने कहा अतीत में हमने इन्हीं चीजों पर गौर करके जीत हासिल की।



हमने अपने मजबूत पक्षों पर ध्यान दिया। हमें इस पर ध्यान नहीं देना चाहिए कि विपक्षी टीम हमें कहां नुकसान पहुंचा सकती है। हमें अपने मजबूत पक्षों पर गौर करना होगा। हमारे पास कई मैच विजेता खिलाड़ी हैं। आईसीसी विश्व कप की तैयारी के लिए आईपीएल सबसे बेहतरीन मंच है और मुझे पूरी आशा है कि यह शानदार टूर्नामेंट होगा। अगर भारत जीतता है तो यह हमारे लिए शानदार पल होगा।

भारत को आईसीसी ट्रॉफी जीते हुए लंबा समय हो गया है। उम्मीद है कि इस बार हमारी टीम यह इंतजार खत्म कर देगी। युवराज से पूछा गया कि कौन सी टीमें फाइनल में जगह बना सकती हैं, उन्होंने कहा मेरी उम्मीद है कि भारत और संभवत वेस्टइंडीज या पाकिस्तान लेकिन ऑस्ट्रेलिया नहीं।

# वेस्टइंडीज ने जीत से शुरू किया सफर



वेस्टइंडीज के खिलाफ शॉट खेलते पापुआ न्यू गिनी के किपलिंग डोरिगा।

जॉर्जटाउन (गयाना)

दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज को रविवार को मुकाबले में पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) को पांच विकेट से हराने में मशक्कत करनी पड़ी। अपना दूसरा टी20 विश्व कप खेल रही पीएनजी ने मजबूत खिलाड़ियों से भरी वेस्टइंडीज को दबाव में डालकर अच्छा प्रदर्शन किया।

ऐसा लग रहा था कि कहीं टूर्नामेंट के शुरू में ही उलटफेर देखने को न मिल जाए, पर रोस्टन चेज (नाबाद 42 रन) और आंद्रे रसेल (नाबाद 15 रन) ने मिलकर छठे विकेट के लिए 18 गेंद में 40 रन की अटूट साझेदारी से वेस्टइंडीज को जीत तक पहुंचाया। वेस्टइंडीज की आधी टीम 97 रन पर पवेलियन पहुंच गई थी लेकिन चेज और रसेल के मिलकर टीम को 19 ओवर में पांच विकेट पर 137 रन बनाकर जीत से अभियान शुरू करने में कामयाब रही। पीएनजी के कप्तान असद वाला ने दो विकेट झटके।

**संक्षिप्त स्कोर बोर्ड**

**पीएनजी :** 136/8, 20 ओवर। असद वाला 21, सेसे बाऊ 50, किपलिंग 27। **विकेट :** जोसफ 2, रसल 2, शेफर्ड 1।

**वेस्टइंडीज :** 137/5, 19 ओवर। किंग 34, चेस 42। **विकेट :** असद 2, जोन 1, एली नाउ 1।

इससे पहले पीएनजी ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद मध्यक्रम बल्लेबाज सेसे बाऊ (50 रन) के अर्धशतक से आठ विकेट पर 136 रन बनाए। पीएनजी के लिए बाऊ (43 गेंद, छह चौके, एक छक्का) ने जोशीले प्रदर्शन से अर्धशतकीय पारी खेली। पीएनजी की टीम चार विकेट पर 50 रन बनाकर लड़खड़ा रही थी। लेकिन बाऊ ने चार्ल्स अमिनी (12) के साथ 44 रन की साझेदारी कर टीम को जल्दी सिमटने से बचाया। दूसरी पारी के दौरान कुछ देर के लिए बारिश भी आई और 20 मिनट की बाधा के बाद मैच फिर से शुरू किया गया।

# विश्व कप के पहले मैच में अमेरिका ने कनाडा को हराया



« कनाडा के खिलाफ जीत के बाद जश्न मनाते आरोन जोन्स।

**संक्षिप्त स्कोर बोर्ड**

**कनाडा :** 194/5, 20 ओवर। नवनीत धालीवाल 61, निकोलस 51, श्रेयस मोव्वा 31। **विकेट :** अली 1, हरमीत 1, सीजे एंडरसन 1।

**अमेरिका :** 197/3, 17.4 ओवर। एंड्रीस 65, आरोन जोन्स 94। **विकेट :** कलीम साना 1, निखिल दत्ता 1।

डलास, एजेंसी

- **अमेरिका के लिए आरोन जोन्स ने खेली 40 गेंद पर नाबाद 94 रन की पारी कनाडा को सात विकेट से हराया**

आरोन जोन्स की 40 गेंद पर खेली गई नाबाद 94 रन की पारी की मदद से सह मेजबान अमेरिका ने टी-20 विश्व कप के उद्घाटन मैच में कनाडा को 14 गेंद शेष रहते हुए सात विकेट से हराकर शीर्ष स्तर की क्रिकेट में धमाकेदार शुरुआत की।

कनाडा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 194 रन बनाए। अमेरिका ने इसके जवाब में एंड्रीज गौस के 65 रन और जोन्स की तूफानी पारी की मदद से 17.4 ओवर में तीन विकेट पर 197 रन बनाकर जीत दर्ज की। जोन्स ने अपनी पारी में 10 छक्के और चार चौके लगाए। न्यूयॉर्क में जन्में जोन्स ने जहां आक्रमक बल्लेबाजी करके प्रभावित किया वहीं गौस ने भी बेहतरीन पारी खेली। अमेरिका ने 42 रन तक दो विकेट गंवा दिए थे इसके बाद गौस ने जिम्मेदारी संभाली। उन्होंने अपनी पारी में सात चौके और तीन छक्के लगाए। जोन्स और गौस ने तीसरे विकेट के लिए 131 रन की साझेदारी की जिससे अमेरिका आसानी से लक्ष्य हासिल करने में सफल रहा।

इससे पहले नवनीत धालीवाल (61) और आरोन जॉनसन (23) ने कनाडा को आक्रामक शुरुआत दिलाई। इसके बाद निकोलस किर्टन ने 31 गेंदों में 51 रन बनाकर उसे चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। मुंबई में जन्मे बाएं हाथ के स्पिनर हरमीत सिंह ने छठे ओवर में जॉनसन को आउट करके टूर्नामेंट का पहला विकेट लिया। उनकी जगह लेने के लिए उतरे परगट सिंह भी केवल पांच रन बनाकर रन आउट हो गए। धालीवाल को हालांकि किर्टन के रूप में अच्छा साथी मिला। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 62 रन जोड़े। न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर कोरी एंडरसन ने धालीवाल को आउट करके यह साझेदारी तोड़ी। धालीवाल ने 44 गेंद की अपनी पारी में छह चौके और तीन छक्के लगाए। विकेटकीपर श्रेयस मोव्वा ने 16 गेंदों पर 32 रन बनाकर रन गति धीमी नहीं पड़ने दी। उन्होंने अपनी पारी में दो चौके और इतने ही छक्के लगाए।

# इगा क्वार्टर फाइनल में, नोवाक भी जीते



मैच जीतने के बाद जश्न मनाती चेक गणराज्य की मार्केटा वोंद्रोसोवा। »

पेरिस, एजेंसी

- **रोहन बोपन्ना और मैथ्यू एबडेन की जोड़ी ने ब्राजील के लूज और जोरमैन को हराकर दूसरे दौर में बनाई जगह**

गत चैंपियन ईगा स्वियातेक ने अनास्तिया पोतापोवा के खिलाफ बेहद एकतरफा जीत के साथ फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। स्वियातेक ने पोतापोवा को सिर्फ 40 मिनट में 6-0, 6-0 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

स्वियातेक को पूरे मुकाबले के दौरान एक भी गेम प्वाइंट का सामना नहीं करना पड़ा। पोतापोवा ने पहले ही मैच प्वाइंट पर फोरहैंड शॉट नेट पर मारकर मुकाबला स्वियातेक की झोली में डाल दिया। वहीं, पोलैंड की यह शीर्ष वरीय खिलाड़ी अगले दौर में पांचवीं वरीय चेक गणराज्य की मार्केटा वोंद्रोसोवा और सर्बिया की गैरवरीय ओल्गा डेनिलोविच के बीच होने वाले मैच की विजेता से भिड़ेगी।

इससे पहले नोवाक जोकोवच ने पांच सेट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में जीत दर्ज करके खिताब का बचाव करने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। जोकोविच ने इटली के 22 वर्षीय खिलाड़ी लोरेंजो मुसेट्टी को तीसरे दौर के मैच में 7-5, 6-7 (6), 2-6, 6-3, 6-0 से हराया। यह मैच चार घंटे 30 मिनट तक चला और रविवार की सुबह तीन बजे तक खेला गया। जोकोविच की ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में यह 369वीं जीत है और इस तरह से उन्होंने रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। जोकोविच सोमवार को यह रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं, जब उनका सामना अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को सेरुंडोलो से होगा।

वहीं, भारत के रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया मैथ्यू एबडेन की दूसरी वरीय जोड़ी ने पहले दौर के कड़े मुकाबले में ऑरलैंडो लूज और मार्सेलो जोरमैन की ब्राजील की जोड़ी को हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। बोपन्ना और एबडेन की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन जोड़ी को ब्राजील की जोड़ी के खिलाफ 7-5 4-6 6-4 से जीत दर्ज करने के लिए दो घंटे और सात मिनट तक जूझना पड़ा। जोरमैन और लूज को टूर्नामेंट में खेलने की उम्मीद नहीं थी लेकिन कई जोड़ियों के हटने के बाद उन्हें खेलने का मौका मिला।



« मैच के दौरान शॉट खेलतीं जैस्मीन पाओलिनी।

# अमित और जैस्मीन ने हासिल किया पेरिस ओलंपिक कोटा

बैंकॉक, एजेंसी

विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता अमित पंघाल (51 किग्रा) और राष्ट्रीय महिला चैंपियन जैस्मीन लम्बोरिया (57 किग्रा) ने रविवार को यहां दूसरे विश्व क्वालीफिकेशन मुक्केबाजी टूर्नामेंट के अपने क्वार्टर फाइनल में विपरीत अंदाज में जीत दर्ज कर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया।

कई बार के एशियाई चैंपियनशिप पदक विजेता पंघाल ने एक कड़े मुकाबले में वापसी करते हुए चीन के चुआंग लियू को 5-0 से हराकर दूसरी बार ओलंपिक के लिए टिकट कटाया। परवीन हुड्डा (57 किग्रा) के पिछले महीने ठिकाने की जानकारी नहीं देने के कारण निलंबित किए जाने के बाद भारत को ओलंपिक कोटा गंवाना पड़ा था। जैस्मीन ने अपने 60 किग्रा को छोड़कर महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में कोटा हासिल की चुनौती पेश की और देश को इस वर्ग का कोटा दिलाया। जैस्मीन ने एकतरफा क्वार्टर फाइनल में माली की मैरिन कामरा को आसानी से 5-0 से पराजित किया। पंघाल और जैस्मीन इस तरह ओलंपिक में जगह बनाने वाले मुक्केबाज निशांत देव (71 किग्रा), निकहत जरीन (50 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) की चौकड़ी के साथ शामिल हो गए।



# रियल मैड्रिड ने जीती चैंपियंस लीग



**लंदन।** रियल मैड्रिड ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए शनिवार को यहां बोरूसिया डॉर्टमंड को 2-0 से हराकर रिकॉर्ड 15वीं बार चैंपियंस लीग फुटबाल प्रतियोगिता जीती। वेम्बले स्टेडियम में खेले गए फाइनल में अपनी टीम की जीत के बाद रियल मैड्रिड के कोच कार्लो एंसेलोटी ने कहा हमें इसकी आदत पड़ती जा रही है। हमारा स्वप्निल सफर जारी है। एंसेलोटी का कोच के रूप में चैंपियंस लीग में यह पांचवा खिताब है। इस तरह से उन्होंने अपने रिकॉर्ड में सुधार किया। जिनेदिन जिदान, पेप गार्डियोला और बॉब पैस्ले ने कोच के रूप में तीन-तीन बार चैंपियंस लीग जीती है। मैड्रिड का कोच रहते हुए एंसेलोटी ने तीसरी बार चैंपियंस लीग जीती। मैड्रिड को पहले हाफ में संघर्ष करना पड़ा लेकिन इसके बाद उसने मैच में दबदबा बनाए रखा। उसकी तरफ से डैनी कार्वाजल और विनीसियस जूनियर ने गोल दागे। डॉर्टमंड ने पहले हाफ में अच्छा खेल दिखाया। उसने कुछ मौके भी बनाए लेकिन इसका फायदा उठाने में नाकाम रहा। एंसेलोटी ने कहा यह बेहद मुश्किल मैच था।

# द. अफ्रीका-श्रीलंका में होगी टक्कर

न्यूयॉर्क, एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों और श्रीलंका के गेंदबाजों के बीच सोमवार को यहां होने वाले टी-20 विश्व कप के ग्रुप डी के मैच में रोमांचक मुकाबला देखने को मिल सकता है। द. अफ्रीका की बल्लेबाजी मजबूत है तो श्रीलंका के पास विविधता पूर्ण गेंदबाजी आक्रमण है। दोनों टीम अपने मजबूत पक्षों पर ध्यान देकर शुरू में ही अंक तालिका में खाता खोलने की कोशिश करेंगे। इस ग्रुप में नीदरलैंड, बांग्लादेश और नेपाल की टीम की शामिल हैं जो उलट फेर कर सकती हैं।

दक्षिण अफ्रीका के पास कप्तान एडेन मार्कराम, विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन, क्विंटन डी कॉक, डेविड मिलर और ट्रिस्टन स्टब्स जैसे बल्लेबाज हैं। क्लासेन और स्टब्स बेहतरीन फॉर्म में हैं। इन दोनों ने हाल में आईपीएल में शानदार प्रदर्शन किया। क्लासेन ने सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से 16 मैच में 471 रन जबकि स्टब्स ने दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से खेलते हुए चार मैच में 378 रन बनाए। इन दोनों बल्लेबाजों ने तब अपनी बल्लेबाजी का जलवा दिखाया जब बीच के ओवरों में स्पिनर गेंदबाजी कर रहे होते हैं।



### ओमान पर जीत से खाता खोलने उतरेगा नामीबिया

**ब्रिजटाउन।** अफ्रीका के क्वालीफायर्स में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली नामीबिया की टीम टी-20 विश्व कप के ग्रुप बी में ओमान के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले मैच में जीत दर्ज करने के दृढ़ इरादों के साथ मैदान पर उतरेगी। नामीबिया के पास कुछ अनुभवी खिलाड़ी हैं लेकिन उसके लिए राह इतनी आसान नहीं होगी। ओमान के पास भी कुछ मंझे हुए खिलाड़ी हैं जिनके दम पर वह नामीबिया को कड़ी टक्कर देने की कोशिश करेगा। ओमान ने अप्रैल में खेली गई पांच मैच की शृंखला में नामीबिया को कड़ी टक्कर दी थी। नामीबिया ने आखिर में यह शृंखला 2-1 से जीती थी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

## बिन पानी सब सून



भीषण गर्मी पड़ने के कारण कई राज्यों में पेयजल की किल्लत गहरा गई है। रविवार को पूर्वी दिल्ली के गीता कॉलोनी इलाके में रविवार को लोगों को दिल्ली जल बोर्ड के एक टैंकर से लाइन लगाकर पानी भरते देखा गया। ● एजेंसी

## हूती ने लाल सागर में अमेरिकी विमानवाहक पोत पर किया हमला

**सना।** यमन के अंसार अल्लाह आंदोलन जिसे आमतौर पर हूती के नाम से भी जाना जाता है, ने लाल सागर में एक अमेरिकी विमानवाहक पोत और कई जहाजों पर हमला किया। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या साड़ी ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने कहा हूती नौसेना की मिसाइल इकाइयों और ड्रोन ने छह अभियान चलाए हैं।

अमेरिकी विमानवाहक पोत ड्वाइट आइजनहावर पर उत्तरी लाल सागर में मिसाइलें और ड्रोन के साथ कई लोगों ने हमला किया था। इसके अलावा लाल सागर में एक अमेरिकी विध्वंसक पर भी हमला किया गया। प्रवक्ता ने कहा आंदोलन की ताकतों ने लाल सागर, अरब सागर और हिंद महासागर में उन जहाजों पर हमला किया जो उन कंपनियों से संबंधित थे।

# जीवन है अनमोल इसलिए हेलमेट का सही चयन जरूरी

### इन मौकों पर विशेष ध्यान रखें

- ऑफिस आने-जाने वक्त बाइक का इस्तेमाल के समय
- प्रोफेशनल बाइक राइडिंग के वक्त
- हाईवे पर बाइक से लॉन्ग ट्रैवल के समय

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की एक रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2022 में भारत में सड़क दुर्घटना में 1,68,491 लोगों की मौत हो गई, जिसमें से 52000 लोगों की मौत हेलमेट न पहनने के कारण हुई। मोटर वाहन अधिनियम 1988 के मुताबिक दोपहिया वाहन चलाते हुए हेलमेट पहनना अनिवार्य है। लेकिन भारत में तो अधिकांश लोग सिर्फ चालान से बचने के लिए हेलमेट पहनते हैं। इसलिए वे सस्ते और कमजोर हेलमेट खरीद लेते हैं। उन्हें इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि हेलमेट की क्वालिटी कैसी है। इसलिए आज बात हेलमेट क्वालिटी की। अगर आप हेलमेट खरीदने जा रहे हैं तो किन बातों का ध्यान रखें। क्वालिटी चेक कैसे करें।

### हेलमेट सर्टिफिकेशन आवश्यक, मानदंडों का पालन करना अनिवार्य

हेलमेट बनाते हुए सुरक्षा के कुछ जरूरी मानदंडों का पालन करना अनिवार्य होता है। विभिन्न देशों में अलग-अलग संस्थाएं इसे सर्टिफाइड करती हैं। डॉट- यह सबसे कॉमन सर्टिफिकेशन है, लेकिन यह सबसे सुरक्षित नहीं है। ईसीई सर्टिफिकेशन- इसका सबसे कॉमन ईसीई 22.05 है। हालांकि नया मानक ईसीई 22.06 है। स्नेल- यह अमेरिकन संस्था है, जो हर 5 साल में अपने टेस्ट के मानकों को अपडेट करती है। आईएसआई- भारत में हेलमेट आईएसआई सर्टिफिकेशन के साथ होना जरूरी है। हालांकि इसके पास कोई मानक टेस्ट प्रक्रिया नहीं है, लेकिन एक मानदंड यह है कि वजन बहुत ज्यादा नहीं होना चाहिए।



### हेलमेट खरीदते समय इन बातों का रखें ध्यान

- हवा और साउंड के लिए प्रॉपर वेंटिलेशन
- ऊपरी हिस्से में अंदर की तरफ सॉफ्ट कुशनिंग
- हेलमेट का ग्लास एरिया और आई व्यू
- हेलमेट का साइज ऐसा हो जो सिर में बिल्कुल फिट रहे

### ऐसे जांचें अच्छी क्वालिटी है या नहीं

दोपहिया वाहन चलाते हुए सबसे बुनियादी और जरूरी चीज है हेलमेट। हेलमेट ऐसा होना चाहिए कि सिर पर चाहे कितने जोर की चोट लगे, सिर बिल्कुल सही-सलामत रहे। इतना मजबूत होना चाहिए कि हथौड़ा मारो तो भी नहीं टूटे। हेलमेट कोई फैशन एक्सेसरी तो है नहीं।

## एक नजर

### जर्मनी में बाढ़ के बीच 600 लोगों को निकाला

**फ्रैंकफर्ट।** दक्षिणी जर्मनी में भारी बारिश के कारण आई विनाशकारी बाढ़ के कारण 600 से अधिक लोगों को उनके घरों से निकालना पड़ा है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक कई दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण डोनौ, नेकर और गुएन्ज़ सहित कई नदियों में जल स्तर बढ़ गया है, जिससे तटीय शहरों और कस्बों में बड़े पैमाने पर बाढ़ आ गई है। कई क्षेत्रों में जल स्तर एक सदी में अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। स्थानीय प्राधिकारी ने कहा कि रविवार को स्थानीय समयानुसार दोपहर दो बजे तक बवेरिया के 10 जिलों ने आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी है।

### नेपाल में जीप दुर्घटना में छह भारतीय पर्यटक घायल

**काठमांडू।** नेपाल के चितवन जिले में रविवार को एक झील के पास जीप पलट जाने से छह भारतीय पर्यटक घायल हो गए। अधिकारियों के मुताबिक घायल हुए पर्यटकों में अधिकतर वरिष्ठ नागरिक थे। खैरेनी नगरपालिका के वार्ड नंबर-12 के अध्यक्ष केदारनाथ पंटा ने बताया कि यह दुर्घटना खैरेनी में दराई झील के पास उस वक्त हुई, जब ये पर्यटक जंगल सफारी के लिए चितवन राष्ट्रीय उद्यान की ओर जा रहे थे।

### ईरान ने स्वीडन के राजदूत को तलब किया

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को तेहरान के खिलाफ अपने देश के निराधार और पक्षपातपूर्ण आरोपों पर स्वीडन के राजदूत को तलब किया। आधिकारिक समाचार एजेंसी इरना ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने बताया कि विदेश मंत्रालय ने स्वीडिश दूत के साथ बैठक के दौरान स्टॉकहोम में एक स्वीडिश अधिकारी द्वारा की गई विवादास्पद टिप्पणियों के खिलाफ तेहरान के विरोध से अवगत कराया। इरना के अनुसार यह टिप्पणी दुष्प्रचार पर आधारित और इज़रायल के प्रभाव में की गई थी।

### वैश्विक महामारियों से निपटने के लिए मजबूत कदम जरूरी

**जिनेवा।** डब्ल्यूएचओ के सदस्य देशों ने कोविड-19 और एमपॉक्स जैसी वैश्विक महामारियों से निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर तैयारी में सुधार करने संबंधी नए कदमों को शनिवार को मंजूरी दी और वृहद संधि पर सहमत होने के लिए नयी समय सीमा तय की। डब्ल्यूएचओ ने यह जानकारी दी। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि देशों ने अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य नियमों में संशोधन करने पर सहमति जताई जैसे कि वैश्विक महामारी आपातकाल शब्द को परिभाषित करना और विकासशील देशों को वित्तपोषण एवं चिकित्सा उत्पादों तक बेहतर पहुंच प्राप्त करने में मदद करना।

# चीन ने चंद्रमा के सुदूर हिस्से में उतारा अंतरिक्ष यान, मिट्टी के लेगा नमूने

## चाइना के मून मिशन के लिए काफी अहम माना जा रहा है यह चंद्रयान

बीजिंग, एजेंसी

- मिशन का नाम चीन की पौराणिक चंद्रमा देवी के नाम पर रखा गया

चीन के स्पेस मिशन ने रविवार को बड़ी कामयाबी हासिल की है। बीते माह लॉन्च किए गए चांग ई-6 मून लैंडर ने लगभग एक महीने बाद रविवार सुबह चांद के सुदूर हिस्से पर सफल लैंडिंग की। ये लैंडिंग चीन के मून मिशन के लिए काफी अहम मानी जा रही है। इसके जरिए चीन चांद के अंधेरे हिस्से से सैंपल लाने वाला पहला देश बनना चाहता है। चीन की स्पेस एजेंसी के मुताबिक चांग''ई-6 लैंडर चांद के दक्षिणी ध्रुव-ऐटकेन बेसिन में उतरा। यहां से चंद्रमा की सतह के नमूने इकट्ठा करना शुरू करेगा।

यह चीन का अब तक का सबसे मुश्किल मून मिशन है। पहली बार चीन ने ही 2019 में अपने चांग''ई-4 मिशन के जरिए ऐसा किया था। सरकारी न्यूज एजेंसी के मुताबिक चांग ई-6 की सफलता से चीन चांद पर बेस बनाने में अमेरिका और दूसरे देशों से आगे निकल सकता है। अगर सब उम्मीद के मुताबिक हुआ तो लैंडर चांद की सतह से 2 किलो के सैंपल लाएगा। सैंपल लेने के लिए लैंडर में ड्रिल कर खोदने और फिर मलबे को उठाने की मैकेनिकल आर्म लगाई गई है।

सैंपल को लैंडर के सबसे ऊपर लगे हिस्से में रखा जाएगा। इसके बाद एक दूसरा स्पेसक्राफ्ट चांद के इस हिस्से में भेजकर लैंडर को वापस धरती पर लाया जाएगा। इसकी लैंडिग 25 जून के आसपास मंगोलिया में होगी। चांद के इस हिस्से पर लैंडिंग दूसरे हिस्सों के मुकाबले ज्यादा मुश्किल है। इसकी वजह ये है कि चांद के इस हिस्से में अंधेरा होता है, ये उबड़-खाबड़ है। इसके चलते यहां संपर्क मुश्किल होता है और लैंडिंग में परेशानी आती हैं।



चंद्रमा की सतह पर रोवर।

### इसलिए सैंपल जुटाना चाहता है चीन

चीन को 2030 तक चंद्रमा पर अंतरिक्ष यात्रियों को भेजना है। चांद के दक्षिणी ध्रुव पर चीन एक रिसर्च बेस बनाना चाहता है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक चांग ई-6 लैंडर जो सैंपल लेकर आएगा उनसे चंद्रमा, पृथ्वी और सौर मंडल के बनने और उनका विकास होने से जुड़े सुराग मिल पाएंगे। इस डेटा का इस्तेमाल चीन के आने वाले मून मिशन्स में होगा। 2020 में चीन का चांग ई-5 भी चांद से 1.7 किलो सैंपल लेकर लौटा था। हालांकि, ये सैंपल चांद के पास के इलाके ओशिएनस प्रोसेलेरम से लिए गए थे। चीन तीन और मून मिशन की तैयारी में है।

### पिछले साल भारत ने दक्षिणी ध्रुव पर उतारा था प्रज्ञान रोवर

भारत पिछले साल चंद्रमा के कम खोजे गए दक्षिणी ध्रुव हिस्से के समीप उतरने वाला पहला देश बन गया था। प्रज्ञान रोवर को लेकर पहुंचा चंद्रयान-3 का लैंडर वहां सफलतापूर्वक उतरा था। चंद्रमा के सुदूर क्षेत्र तक मिशन भेजना ज्यादा मुश्किल है क्योंकि यह पृथ्वी के सामने नहीं होता जिसके कारण संचार बनाए रखने के लिए रिले उपग्रह की आवश्यकता होती है। साथ ही यह हिस्सा अधिक उबड़-खाबड़ है जहां लैंडर के उतरने के लिए बहुत ही कम समतल भूमि है।

## दिव्यांगों को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए शुरू किया अभियान

**वाशिंगटन।** अमेरिका स्थित एक गैर सरकारी संगठन ने शनिवार को बौद्धिक रूप से दिव्यांग लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ कराने के लिए एक पहल का घोषणा की। इस पहल का उद्देश्य पहले साल के दौरान भारत में 10 हजार लोगों की मदद करना है। हितार्थ परियोजना के तहत अमेरिका स्थित वायस ऑफ स्पेशियली एबल्ड पीपुल (वीओएसएपी) ने सामाजिक कार्यकर्ताओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए परिवार एनसीपीओ (नेशनल कॉन्फेडरेशन ऑफ पैरेंट्स ऑर्गेनाइजेशंस) के साथ साझेदारी की है।

इसमें कहा गया है कि इस साझेदारी का मकसद बौद्धिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों को जरूरी चिकित्सा, दंत चिकित्सा, ओपीडी सेवा सुलभ कराने में सहायता करना तथा भारत सरकार की 'निरामय' योजना के तहत प्रति वर्ष एक लाख रुपये तक की प्रतिपूर्ति प्राप्त कराना है। वीओएसएपी के कैलिफोर्निया स्थित संस्थापक प्रणव देसाई ने कहा हम वीओएसएपी प्रभाव को विस्तारित करने के लिए इस नए मॉडल के साथ उपलब्ध अवसरों को लेकर बहुत उत्साहित हैं जो भारत सरकार के मौजूदा कार्यक्रमों और परिवार जैसे हमारे विश्वसनीय और प्रतिष्ठित साझेदारों की ताकत का लाभ उठाता है।

# जेलेंस्की ने कहा- चीन के दखल से जंग लंबी खिंचेगी

सिंगापुर, एजेंसी

- वह रूस को हथियार मुहैया करा रहा, दुनिया के लिए गलत संदेश

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन-रूस जंग में चीन रूस का समर्थन कर रहा है। चीन के दखल से यह जंग लंबे समय तक चलेगी। जेलेंस्की ने यह बात सिंगापुर में आयोजित शांगरी ला मंच में कही है। जेलेंस्की ने कहा कि चीन का यह कदम दुनिया के लिए गलत संकेत है। इससे चीन की नीतियां भी गलत साबित होती हैं। चीन कहता है कि वह हर देश की स्वतंत्रता का समर्थन करता है। इसके बाद किसी देश को बर्बाद करने के लिए हथियार या समर्थन देना कोई अच्छी बात नहीं है।

अमेरिका भी चीन पर यही आरोप लगा चुका है कि वह लगातार रूस को हथियार दे रहा है। इसके लिए कई बार चीन को चेतावनी दी गई है पर चीन ने इन आरोपों को खारिज किया है।

जेलेंस्की ने कहा कि चीन लगातार दावा करता रहा है कि वह शांति समर्थक है, जबकि वह लगातार रूस की आर्थिक मदद कर रहा है। फरवरी 2022 से शुरू हुई जंग के बाद चीन लगातार रूस से अपने संबंध मजबूत बनाने में लगा है।

**रूस कई देशों को सम्मेलन में शामिल होने से रोक रहा :** जेलेंस्की ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय शांति सम्मेलन को बाधित करने के लिए रूस कई देशों को दिए जाने वाले कृषि, खाद्य और रासायनिक उत्पादों पर बैन लगाने की धमकी दे रहा है। रूस कई देशों से कह रहा कि वे इस शिखर सम्मेलन में न जाए। जेलेंस्की ने कहा कि शिखर सम्मेलन में चीन के शामिल नहीं से पता चलता है चीन किसे चाहता है।



### रूस के हमलों के बाद यूक्रेन में हुई बिजली गुल

**कीव।** रूस द्वारा बुनियादी ऊर्जा ढांचे पर बड़े पैमाने पर हमले किए जाने और पूर्वी दोनेत्स्क प्रांत में बढ़त हासिल करने का दावा किए जाने के एक दिन बाद यूक्रेन ने रविवार को देश के अधिकांश हिस्सों में आपातकालीन बिजली कटौती लागू कर दी। शनिवार को ऊर्जा संयंत्रों को लक्ष्य बनाकर ड्रोन और मिसाइल से हमले किए जाने के बाद यूक्रेन के तीन इलाकों को छोड़कर सभी क्षेत्रों में बिजली गुल हो गई। इन हमलों में कम से कम 19 लोग घायल हुए हैं।

## कुवैत में नए क्राउन प्रिंस बने शेख सबा

**कुवैत सिटी।** कुवैत के अमीर शेख मिशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा ने शेख सबा अल-खालिद अल-सबा को नया क्राउन प्रिंस नियुक्त करने का फरमान जारी किया है। कुवैत के सरकारी टेलीविजन ने शनिवार को यह जानकारी दी।



1953 में कुवैत में जन्मे शेख सबा ने पहले 2019 से 2022 तक देश में प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया। कुवैत विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में डिग्री के साथ स्नातक होने के बाद, नए राजकुमार ने एक बार संयुक्त राष्ट्र में कुवैत के स्थायी प्रतिनिधि, सऊदी अरब में राजदूत और विदेश मंत्री के रूप में भी कार्य किया।

# कचरे से लदे 600 से अधिक गुब्बारे द. कोरिया में गिराए

सोल, एजेंसी

- उत्तर कोरिया की कारस्तानी दक्षिण कोरिया जवाबी कदम उठाने पर विचार कर रहा

उत्तर कोरिया के कचरा ढोने वाले 600 से अधिक गुब्बारे लगातार पांच दिनों से जीपीएस सिग्नल जाम होने के बीच दक्षिण कोरिया में गिरे है। सोल की सेना ने रविवार को यह जानकारी दी। दक्षिण कोरिया जवाबी कदम उठाने पर विचार कर रहा है।

दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ (जेसीएस) ने कहा कि उसने 600 से अधिक गुब्बारों का पता लगाया है जो दोनों कोरिया को अलग करने वाली सैन्य सीमांकन रेखा के पार तैरते हुए शनिवार रात आठ बजे से रविवार सुबह दस बजे के बीच देश के विभिन्न हिस्सों में गिरे थे। जेसीएस के अनुसार गुब्बारों में पिछले गुब्बारों की तरह ही सिगरेट के टुकड़े, कागज और प्लास्टिक की थैलियां जैसे कचरे के विभिन्न टुकड़े थे। दक्षिण कोरिया के कार्यकर्ताओं द्वारा भेजे गए प्योंगयांग विरोधी पर्चों के खिलाफ जैसे को तैसा कार्रवाई की चेतावनी दी।



## अमेरिका में हुई गोलीबारी में दो की मौत, सात घायल

**अमेरिका।** उपनगरीय पिट्सबर्ग के एक बार में हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हुए हैं। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एलेगनी काउंटी पुलिस ने कहा कि उसने पेन हिल्स के बॉलर्स हुक्का लॉंज और सिगार बार में सुबह के वक्त हुई गोलीबारी के मामले में कार्रवाई की है।

पुलिस ने बयान में कहा कि रविवार तड़के तीन बजे के आसपास बचावकर्मियों को बार के अंदर एक पुरुष और एक महिला के शव मिले। इसके अलावा, सात व्यक्ति घायल भी हुए हैं। बयान के अनुसार, घायलों को क्षेत्र के अस्पतालों में ले जाया गया, जिनमें से एक की हालत नाजुक है।

# नाबालिग के मां-बाप 5 तक हिरासत में

पुणे, एजेंसी

पुणे की एक अदालत ने रविवार को पोर्श कार दुर्घटना में कथित रूप से शामिल 17 वर्षीय लड़के के माता-पिता को सबूत नष्ट करने के मामले में 5 जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। महाराष्ट्र के पुणे शहर में 19 मई को हुई कार दुर्घटना के बाद नाबालिग के रक्त के नमूने बदले जाने में उनकी कथित भूमिका के लिए दोनों के खिलाफ जांच की जा रही है।

इस हादसे में दो आईटी पेशेवरों की जान चली गई थी। नाबालिग आरोपी की मां शिवानी अग्रवाल को 1 जून को यह खुलासा होने के बाद गिरफ्तार किया गया था कि नाबालिग के रक्त के नमूने को मां के नमूने से बदल दिया गया था। आरोपी के पिता एवं रियल एस्टेट कारोबारी विशाल अग्रवाल को मामले में सबूत नष्ट करने में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने नाबालिग के माता-पिता को यहां की एक अदालत में पेश किया और उनकी रिमांड का अनुरोध किया। दोनों को पांच जून तक के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने अदालत को बताया कि अग्रवाल दंपति ने दुर्घटना से संबंधित सबूतों को नष्ट करने की साजिश रची।



### पुणे कार हादसा

- रक्त के नमूने बदले जाने के मामले में चल रही जांच
- सुबूत नष्ट करने पर कोर्ट से मांगी गई थी दोनों की हिरासत

### घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज बरामद किए

दंपति के वकील प्रशांत पाटिल ने कहा कि पुलिस ने उनके घर की तलाशी ले ली है और उनके घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज बरामद किये हैं। उन पर भारतीय दंड संहिता की धारा 201 (अपराध के सबूतों को मिटाना) के तहत मामला दर्ज किया गया है, जो एक जमानती अपराध है इसलिए दंपति को न्यायिक हिरासत में भेजा जाना चाहिए।

## बॉलीवुड हलचल

### सोनू सूद की फिल्म फतेह में हुई नसीरउद्दीन शाह की एंट्री



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद की आने वाली फिल्म फतेह में नसीरउद्दीन शाह की एंट्री हो गयी है। सोनू सूद काफी दिनों से फिल्म फतेह को लेकर चर्चा में बने हुये हैं। फिल्म में नसीरुद्दीन शाह की एंट्री हो गई है। सोनू सूद ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है, साथ ही उन्होंने नसीरुद्दीन के साथ काम करने को लेकर अपनी राय रखी हैं। इस पोस्ट के कैप्शन में सोनू सूद ने लिखा, नसीर सर आपका तहे दिल से स्वागत है। जिस शख्स की पूरी जिंदगी मैंने सिर्फ और सिर्फ तारीफ की है, उसका निर्देशन करना मेरे लिए बेहद खास रहा। आपको फतेह पर काफी गर्व होगा सर। फिल्म फतेह में सोनू सूद के साथ जैकनील फर्नांडीस अहम रोल में नजर आने वाली हैं।

### सन्नी देओल, प्रीति जिंटा की लाहौर 1947 की शूटिंग पूरी

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता सन्नी देओल और अभिनेत्री प्रीति जिंटा की आने वाली फिल्म लाहौर 1947 की शूटिंग पूरी हो गयी है। आमिर खान निर्मित और राजकुमार संतोषी निर्देशित गदर 2 के बाद अब दर्शकों को सन्नी देओल की लाहौर 1947 का बेसब्री से इंतजार है।



इस बात की जानकारी प्रीति जिंटा ने अपने एक पोस्ट के जरिए दी है। प्रीति जिंटा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है. जिसमें फिल्म के सेट की कई सारी तस्वीरें नजर आ रही हैं। शूटिंग रैप अप होने की खुशी में सेट इस वीडियो को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा है कि लाहौर 1947 का रैप अप और मैं इस अविश्वसनीय अनुभव के लिए पूरी कास्ट और क्रू की जितनी आभारी हूं, उतना कम है। मुझे पूरी उम्मीद है कि आप सभी इस फिल्म की उतनी ही सराहना करेंगे और इसका उतना ही आनंद लेंगे, जितना हमने इसे बनाते समय लिया।

## ईरान के पूर्व राष्ट्रपति अहमदीनेजाद ने दाखिल किया नामांकन

**दुबई।** ईरान के पूर्व राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद ने राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए रविवार को नामांकन दाखिल किया। देश के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की एक हेलीकॉप्टर हादसे में मृत्यु के बाद वहां चुनाव कराए जा रहे हैं। अहमदीनेजाद के नामांकन से सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई दबाव में आएंगे।

अहमदीनेजाद ने 85-वर्षीय सर्वोच्च नेता को खुली चुनौती दी थी और 2021 के राष्ट्रपति चुनाव में भाग लेने की उनकी कोशिशों को अधिकारियों ने विफल कर दिया था। उन्होंने ऐसे वक्त में अपना नामांकन दाखिल किया है जब ईरान और पश्चिमी देशों के बीच तेहरान के परमाणु कार्यक्रम, रूस को हथियार देने और असंतुष्टों पर कार्रवाई को लेकर तनाव बढ़ रहा है। पत्रकारों ने तेहरान में देखा कि अहमदीनेजाद गृह मंत्रालय पहुंचे और चुनाव के लिए पंजीकरण शुरू की।

**खुलासा** जम्मू-कश्मीर के डीजीपी ने कहा- पाकिस्तान नशा सामग्री को भेजने से बाज नहीं आ रहा

# सीमा पार लॉन्च पैड सक्रिय, घुसपैठ की फिराक में 70 आतंकी

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) रश्मि रंजन स्वैन के अनुसार एलओसी के पार स्थित लॉन्च पैड पर सक्रिय लगभग 60 से 70 आतंकवादी भारत में घुसपैठ की फिराक में हैं। उन्होंने कहा कि घटती क्षमता के बावजूद पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में लोगों और नशा सामग्री को भेजने से बाज नहीं आ रहा है। ड्रोन के जरिये हथियार समेत अन्य सामग्री गिराए जाने की चुनौतियां लगातार जारी हैं। स्वैन ने कहा कि भारतीय सुरक्षाकर्मियों की दृढ़ प्रतिबद्धिता के कारण दुश्मन का सफल होना बहुत मुश्किल है।

जम्मू-कश्मीर पुलिस और अपराध जांच विभाग (सीआईडी) का दोहरा कार्यभार संभाल रहे स्वैन ने कहा हमारे सुरक्षा साझेदारों के साथ बैठकों में हम आमतौर पर इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि यह एक तथ्य है कि प्रतिद्वंद्वी या दुश्मन ने लोगों और सामग्री को भेजने पर रोक नहीं लगाई है।

उन्होंने क्षेत्र में पश्चिमी पड़ोसी देश से आए विदेशी आतंकवादियों की मौजूदगी का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र को अस्थिर करने की दुश्मन की क्षमता को और कम करने के लिए निरंतर प्रयासों की आवश्यकता है। मैं कहूंगा कि दुश्मन का इरादा वही है, क्षमता निश्चित रूप से कम हुई है, लेकिन कभी-कभार व्यवस्था को झकझोरने और आपको अस्थिर करने की क्षमता उसमें अब भी मौजूद है।



डीजीपी रश्मि रंजन स्वैन।

### चुनौतियों से निपटने को पूरी तरह प्रतिबद्ध : स्वैन

स्वैन ने कहा कि किसी एक समय पर संभवता पाएंगे कि अलग-अलग स्थानों पर पांच या छह के समूहों में लगभग 60-70 लोग हमारी तरफ भेजे जाने का इंतजार कर रहे हैं। सेना, अर्धसैनिक बलों और जम्मू-कश्मीर पुलिस के बीच तालमेल का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हम पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं कि हम दुश्मन की सफलता को मुश्किल बना देंगे। ड्रोन से सामान गिराए जाने के मुद्दे पर स्वैन ने कहा कि ये गतिविधियां एक महत्वपूर्ण चुनौती पेश करती हैं क्योंकि ये हथियार, गोला-बारूद, विस्फोटक, नकदी की तस्करी को सुगम बनाती हैं। इस खतरे का मुकाबला करने में प्रगति हुई है फिर भी इन गतिविधियों को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए निरंतर सतर्कता की आवश्यकता है।

### पाक के लिए हिसाब रखने वालों ने चुनावी प्रक्रिया में लिया भाग

डीजीपी ने कहा है कि अतीत में दुश्मन के लिए काम करने और हिसाब-किताब रखने वाले लोगों ने इस बार चुनावी प्रक्रिया में भाग लिया। स्वैन ने लोगों के भयमुक्त होने को रेखांकित करते हुए कहा इस साल के लोकसभा चुनाव में जम्मू कश्मीर में उल्लेखनीय मतदान प्रतिशत रहा। अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और तत्कालीन राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद से जम्मू कश्मीर में हुए पहले बड़े चुनावी मुकाबले में, (कश्मीर) घाटी की तीन लोकसभा सीट श्रीनगर, बारामूला और अनंतनाग-राजौरी में पिछले तीन दशकों में अब तक का सर्वाधिक मतदान हुआ।